फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष-2, अंक-202, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 16

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 2

## बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई



3-1 से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

17 वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

रांची। टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

# यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।



अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी। ● अमृत विचार

● 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

### चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

### आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK TRADE MARK
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोनः 05278- 352045

# नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

### प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज़्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।



● बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

### उप्र को मिले 74 स्टेशन, 267 आरओबी व अंडरपास

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के भी 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। उप्र. में जिन 74 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया उनमें मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटी, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आंवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बांदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटी, फाफामऊ जं., मुजफ्फरनगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुंडा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया और मैनपुरी जं. हैं। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है। उन्होंने लिखा, आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!।



● भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी

# ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने व्यास जी का तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था।

दरअसल, मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। यह भी प्रस्तुत किया गया कि व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था।



● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज

● जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति

## एक नजर

### पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

**नई दिल्ली।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को 15 मार्च के बाद ग्राहकों से कोई भी नई जमा राशि या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया है। बैंक ने सोमवार को कहा कि श्रीनिवासन श्रीधर, देबेंद्रनाथ सारंगी, अशोक गर्ग और रजनी सेखरी सिब्बल की नियुक्ति के साथ निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया है।

### कठुआ स्टेशन मास्टर सहित छह निलंबित

**चंडीगढ़।** जम्मू के कठुआ से रविवार को एक चालक रहित 53 वैगन वाली मालगाड़ी चलने के मामले में फिरोजपुर के डीआरएम संजय साहू ने उच्चस्तरीय की जांच के आदेश के बाद कठुआ स्टेशन के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें स्टेशन अधीक्षक, लोको पायलट, सहायक पायलट, प्वाइंट्समैन और टीआरआई शामिल हैं। साहू ने कहा कि जम्मू से पंजाब के लिए चिप पत्थर लेकर जा रही मालगाड़ी लोको पायलट बदलने के लिए कठुआ में रुकी थी। कुछ मिनटों के बाद, यह जम्मू-जालंधर ट्रैक पर ढलान सरकने लगी, जबकि नए पायलट और सह-पायलट अभी तक ट्रेन में नहीं पहुंचे थे।

# मतदान आज, भाजपा का साथ देंगे राजा भैया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**राज्यसभा चुनाव**

● जनसत्ता दल के दो विधायकों का साथ लेने की सपा की मुहिम को झटका

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीट के लिए होने वाले चुनाव में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पार्टी के विधायक विनोद सोनकर भाजपा के उम्मीदवार को वोट देंगे। राजा भैया के इस फैसले से समाजवादी पार्टी की उम्मीद खत्म हो गई है। अब राज्यसभा के लिए मंगलवार को होने वाला चुनाव राजनीतिक उठापटक और दांवपेच वाला होगा। इस बीच एक-एक वोट का महत्व समझाकर सोमवार को भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिया।



उप्र. में राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। आठ प्रत्याशी भाजपा ने खड़े किए हैं, जबकि तीन प्रत्याशी सपा से हैं। सपा के तीनों उम्मीदवारों को जीतने के लिए कुल 111 वोट की जरूरत है। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं।

# अगर कोर्ट आदेश देगी तो ईडी के समक्ष पेश होउंगा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है।



● ईडी के 7वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

# नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

● लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए । चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। यह जानकारी उनकी बेटी नयाब ने दी।



पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं।

# सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षा स्थगित करने के सटीक कारणों के बारे में पूछे गए सवालों पर बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं।

● अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

# किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, टोल पर प्रदर्शन

होशियारपुर/सिरसा, एजेंसी

● सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़े करके जताया डब्ल्यूटीओ का विरोध

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को 'डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) छोड़ो दिवस' मनाया, ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। डब्ल्यूटीओ का पुतला भी फूंका। जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले भर में कई स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का उद्देश्य केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना था, जिसमें उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और अन्य मांगों को वापस लेना शामिल था।

हरियाणा के सिरसा में किसानों ने जिलेभर में शांतिपूर्वक तरीके से ट्रैक्टर परेड मार्च किया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -नौ पर खैरेकां गांव के पास लगे नाके पर डब्ल्यूटीओ के पुतले फूंके। भाकियू के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया।

# सेना में चयनित दो लाख युवाओं से अन्याय : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। दावा किया कि सरकार द्वारा भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिससे युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं।



**इनसे सीखें** यूपी में पहले स्वच्छता मिशन में गांव को बनाया अग्रणी, फिर परिवारों को दिए रोजगार के अवसर

# कूड़े से पैदा किए रोजगार के अवसर, बने ब्रॉंड एम्बेसडर

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में जहां एक तरफ कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर लंबे-चौड़े बजट का सहारा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस तामझाम से दूर एक युवक ने ऐसा कुछ कर दिखाया कि वो प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी नजीर बन गया। दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी ने लोगों को जागरूक कर गांव से निकले कूड़े-कचरे से बिजली तैयार कराई, फिर इसे बेचकर गांव की सूरत बदल दी। हाल-फिलहाल लघु उद्यम के सहारे गांव वालों को रोजगार मिले हैं। स्वच्छता मिशन की इस अलख को कई प्रदेशों में सम्मान भी मिल चुका है।

मेरठ निवासी विजय नामदेव बताते हैं कि वो कई साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गांव मोहिद्दीनपुर लौटे तो देखा, समस्या रोजगार और कूड़े के निस्तारण को लेकर थी। ऐसे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया, फिर युवाओं की एक टीम तैयार की। सूखे और गीले कूड़े को अलग कर बेचा और निजी कंपनी की मदद से बिजली तैयार कराई, ऐसे में कई गांव रोशन हुए। बताते हैं कि गांव की स्वच्छता को प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन सम्मान के अलावा स्वच्छता ग्रामीण सम्मान भी मिल चुका है। पंजाब के मोहाली में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उद्यमता को भी पुरस्कृत किया जा चुका है।



लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गांव के मॉडल की जानकारी देते विजय नामदेव।

### मोहिद्दीनपुर गांव के बच्चों ने प्रधानमंत्री से की मन की बात

मोहिद्दीनपुर गांव को मॉडल बनने में कई हाथ जुड़े हैं। विकास यहीं पर खत्म नहीं हुआ। विजय ने स्मार्टक्लास (आधार शिला) के सहारे बच्चों को प्रशिक्षित कराया। ऐसे में विद्यालय के छात्रों ने जब बुलेट ट्रेन और रोबोट तैयार किए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात के सहारे बच्चों से बात किए बिना नहीं रह सके।

### गांव के बजट से युवाओं को मिला रोजगार

विजय बताते हैं कि ग्राम प्रधान विमला देवी की मदद से सफाई के नाम पर घरों से दो रुपया और दुकानदारों से पांच रुपया वसूल किया गया। कूड़े से बेचे गए रुपयों के सहारे चंद माह में करीब पांच लाख का राजस्व इकट्ठा हुआ। इससे बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने में मदद मिली।

# जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

## सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

**रांची, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देख रहे दावेदारों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा जो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला जीती। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको खिलाने का मतलब नहीं है। रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों में खेलने को कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज किया था। भारतीय कप्तान ने कहा है मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं। लेकिन टेस्ट में बहुत कम मौके मिलते हैं। अगर आप उनका फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्ट और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको भूख दिखानी होगी।

### युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी



**रांची।** युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट श्रृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन श्रृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता।

# सेना से निर्भीक तेवर मिले जुरेल को: रैना

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**





भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिये उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैंने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट कोहली और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।

## खेल डायरी

### दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत



**राउरकेला, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की शृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

### आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

### भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

# नहीं चला बैजबॉल, श्रृंखला भारत के नाम

## इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती

**रांची, एजेंसी**

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- श्रृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

**50** में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

**09** हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे



अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)

भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी 192/5 (61 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली | 55 | 81 | 5/1 |
| यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट | 37 | 44 | 5/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 52 | 124 | 0/2 |
| रजत पाटीदार का पोप बो बशीर | 00 | 06 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर | 04 | 33 | 0/0 |
| सरफराज खान का पोप बो बशीर | 00 | 01 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 39 | 77 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 05, **विकेट पतन :** 1-84, 2-99, 3-100, 4-120, 5-120, **गेंदबाजी :** रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0

### जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से शृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।

# हार्दिक ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में की वापसी



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट से लंबे ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए सोमवार को डीवाई पाटिल टी-20 कप में दो विकेट लिए। डीवाई पाटिल क्रिकेट अकादमी में भारत पेट्रोलियम निगम के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में रिलायंस वन की 2 विकेट से जीत में हार्दिक ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्टूबर में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप मैच के दौरान टखने में चोट लगने से पंड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे। वह आईपीएल में 5 बार की विजेता मुंबई इंडियन्स के नए कप्तान के रूप में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। रिलायंस वन टीम में तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, आकाश मधवाल, नमन धीर और पीयूष चावला जैसे मुंबई इंडियन्स के अन्य खिलाड़ी भी हैं। इस साल जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए हार्दिक की जगह रोहित शर्मा को भारतीय कप्तान बनाया गया है। डीवाई पाटिल टी-20 कप एक कारपोरेट टूर्नामेंट है जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

**दुबई, एजेंसी**

भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है।

भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है। टीम ने 9 में केवल 3 मैच जीते हैं जबकि 5 में हार और 1 ड्रॉ रहा। न्यूजीलैंड 75% अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने अब तक केवल 4 टेस्ट खेले हैं। टेस्ट मैच जीतने पर 12, टाई पर 6 और ड्रॉ के लिए 4 अंक दिए जाते हैं। प्रतिशत अनुसार टीमों को स्थान दिया जाता है। शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलेंगी। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद से भारत अब तक दोनों बार फाइनल में पहुंचा है।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका**

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यूजीलैंड | 4 | 3 | 1 | 0 | 36 | 75.00 |
| 2 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 10 | 6 | 3 | 1 | 66 | 55.00 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

## बॉलीवुड हलचल

### एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'। शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

### देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी...मस्ती... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा, धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

### 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

**मुंबई, एजेंसी।** दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

### 'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी - फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म-खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। अद्रिजा सिन्हा ने कहा, झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

### काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

**Kanak Kids International School**
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449

Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

**Saryu International School**
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

# प्रधानमंत्री ने खोला खजाना, रामनगरी पर सौगातों की बौछार

**भरतकुंड रेलवे स्टेशन और हलकारा का पुरवा आरओबी का शिलान्यास**

**भरतकुंड के विकास के लिए 41 करोड़ रुपये मंजूर, अयोध्या-प्रयागराज हाईवे होगा चौड़ा**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अयोध्या के लिए खजाना खोल दिया। सौगातों की बौछार करते हुए पांच परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से भरतकुंड रेलवे स्टेशन और हलकारा का पुरवा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी), बीकापुर के खिब्बिरपुर के अंडरपास का शिलान्यास किया। इसके अलावा रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन व टेढ़ी बाजार आरओबी को लोकार्पित किया। उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भरतकुंड रेलवे स्टेशन और अयोध्या धाम स्थित रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन पर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। दोनों ही जगहों पर पीएम को लाइव सुनने के लिए बड़ी-बड़ी एलईडी लगाई गई थीं। कार्यक्रम समाप्ति के बाद लोगों को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि जल्द ही अयोध्या से प्रयागराज रेलवे लाइन का दोहरीकरण और वाराणसी से लखनऊ रेलवे लाइन का तिहरीकरण होगा। इसके अलावा तीन महीने में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे चौड़ीकरण के कार्य के शुरू हो जाने की भी उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि 17.40 करोड़ रुपए की लागत से भरत कुंड रेलवे स्टेशन का विस्तार होगा। भरत कुंड का भवन राम मंदिर मॉडल के आकार का होगा। कार्यक्रम में सुरेश दुबे, आनंद सिंह पिंटू, शोभाराम वर्मा, अनूप वर्मा प्रधान मोहतशिमपुर की अगुवाई में विकास खंड पूरा बाजार के कर्मा कोडरी व अंकवारा सेक्टर से सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय शाहनवाजपुर के बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों को उत्तर रेलवे के वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता महोदय ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया। उधर, अयोध्या धाम स्थित रामघाट हाल्ट स्टेशन पर भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर गिरीशपति त्रपाठी मौजूद थे। पूर्वोत्तर रेलवे के सहायक वाणिज्य प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम से पहले निबंध प्रतियोगिता में शामिल 50 प्रतिभागियों में से छह बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने पीएम का लाइव प्रसारण सुना। मेयर गिरीशपति त्रपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में अयोध्या ही नहीं पूरा देश तरक्की कर रहा है। इस दौरान हनुमत सदन के अवध किशोर शरण व हनुमानगढ़ी के सरपंच रामकुमार दास, सभासद चंदन सिंह समेत कई साधु-संत मौजूद थे।



**रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन और टेढ़ी बाजार आरओबी लोकार्पित**

सांकेतिक रूप से भरतकुंड रेलवे स्टेशन के पुनर्कानिर्माण का लोकार्पण करते सांसद लल्लू सिंह व अन्य।



रामघाट हाल्ट पर कार्यक्रम के दौरान मौजूद मेयर व साधु-संत।



पीएम के लाइव प्रसारण को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई एलईडी। अमृत विचार

### दार्शनिक स्थल के रूप में विकसित होगा भरतकुंड

भरतजी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड के चौतरफा विकास के लिए शासन ने 41 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि भरतकुंड का चौतरफा विकास कर तपोभूमि को अतिसुंदर दार्शनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

### दोनों ही जगह कार्यक्रमों में खाली रहीं कुर्सियां

भरतकुंड रेलवे स्टेशन के विस्तार पर पीएम मोदी के वर्चुअल लाइव प्रसारण कार्यक्रम में लोगों के बैठने के लिए लगाई गई कुर्सियों में दो तिहाई कुर्सियां खाली रहीं। सांसद लल्लू सिंह के चेहरे पर मायूसी झलक रही थी। उधर, रामघाट हाल्ट स्टेशन पर भी पार्टी के कुछ नेताओं के अलावा स्कूली बच्चों को बुलाकर भीड़ जुटाई गई थी, लेकिन उसके बाद भी कुर्सियां खाली रहीं।

### अब टेढ़ी बाजार ओवरब्रिज पर सरपट दौड़ेंगे वाहन

159.25 करोड़ की लागत से बने टेढ़ी बाजार आरओबी को लोकार्पण के समय आकर्षक फूलों से सजाया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के समय ही आरओबी की एक लेन चालू कर दी गई थी, जबकि दूसरी लेन पर कार्य चल रहा था। इसके लोकार्पण के बाद दूसरी लेन भी चालू कर वाहनों का संचालन शुरू किया जाएगा। हलकारा का पुरवा आरओबी 62.55 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा।

### 17.4 करोड़ की लागत से संवरेगा भरतकुंड स्टेशन

करीब 17.4 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। स्टेशन भवन के विकास के साथ नए स्टेशन भवन का निर्माणं व पोर्टिको का प्रावधान किया गया है। सरकुलेटिंग एरिया का भी निर्माण होगा। स्टेशन भवन में यात्रियों के लिए फूड प्लाजा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया व रिटेल सुविधाएं, आरामदायक, टिकाऊ व आधुनिक फर्नीचर, एक स्टेशन एक उत्पाद के कम से कम दो स्टॉल, एग्जीक्यूटिव लाउंज व टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण होगा। दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा, फ्री वाई-फाई की सुविधा, स्वचालित यात्री उद्घोषणा का प्रावधान रहेगा।

### 8.2 करोड़ की लागत से संवर रहा रामघाट हाल्ट

रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन को अमृत भारत के अंतर्गत आठ करोड़ दो लाख रुपये की लागत से संवारने का कार्य किया जा रहा है। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर सरकुलेटिंग एरिया के विकास व स्थानीय कला और संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्लेटफार्म सरफेस का अपग्रेडेशन, स्टेशन फसाड व स्टेशन परिसर में उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घडियां, यात्री उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय व शौचालयों का आधुनिकीकरण इत्यादि कार्य संपन्न कराए जा रहे हैं।

# हिन्दुत्व और देश, इस पर वोट दो : आलोक कुमार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हिन्दुत्व और देश, इस पर वोट दो और निर्वाचन के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करो। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के संचालन के लिए मतदान बहुत जरूरी है। ये बातें सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहीं। वो कारसेवकपुरम में चल रही विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की बैठक के दूसरे दिन सोमवार को पारित हुए दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आज शत-प्रतिशत मतदान और श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद अब रामराज्य की ओर विषय से संबंधित प्रस्ताव पारित हुए हैं। बैठक में अभी और कई बड़े प्रस्ताव और पारित किए जाने हैं जिन पर चर्चा जारी है।

उन्होंने कहा कि आज की बैठक में राष्ट्रहित में मतदान करें, मतदान शत प्रतिशत हो विषय से पारित प्रस्ताव को दरभंगा के जीवेश्वर मिश्रा ने रखा। जिसका अनुमोदन अजमेर की स्नेहलता पवार ने किया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि विश्व हिंदू परिषद का प्रन्यासी मण्डल हिंदू समाज का आह्वान करता है कि अपने निजी स्वार्थ, जातिगत अभिनिवेश, भाषावाद, सम्प्रदायवाद व क्षेत्रवाद आदि को छोड़कर राष्ट्रहित में मतदान जरूर करें। नोटा का प्रयोग कदापि न करें और यह सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची में नाम हो।



विहिप की प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की बैठक में पारित हुए प्रस्तावों की जानकारी देते विहिप के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार।

**▸▸ विहिप की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की बैठक में मतदान और अब रामराज्य की ओर प्रस्ताव पारित**

इतना ही नहीं पहले मतदान फिर कुछ और काम का सभी संकल्प भी लें। कार्याध्यक्ष ने बताया कि दूसरे प्रस्ताव को पटना के कामेश्वर चौपाल ने बैठक में प्रस्तुत किया। जिसका अनुमोदन कटक की प्रज्ञा महाला की ओर से किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण - अब रामराज्य की ओर शीर्षक से पारित इस प्रस्ताव में प्राण प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी को इतिहास में एक स्वणिम तिथि बताया गया है। कहा गया है कि पूज्य संतों के नेतृत्व में 1984 में शुरु हुए राम मंदिर निर्माण आन्दोलन विश्व का सबसे बड़ा आन्दोलन बन गया। प्रन्यासी मण्डल आह्वान करता है कि रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब प्रत्येक हिन्दू अपने जीवन में रामलला के आदर्शों की प्राणप्रतिष्ठा करें। अपने जीवन को रामलला की मर्यादा का दर्पण बनाए। तभी इस महान कार्य को और अधिक सार्थक बना पाएंगे।

### आतंकवाद व जिहाद के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगी विहिप

विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि विहिप आतंकवाद, नक्सलवाद व जिहाद के खिलाफ समाज मे जनजागरण अभियान चलाएगी। देश मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें। इसके लिए विहिप के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों का आह्वान करेंगे। जाति-धर्म के आधार पर वोट न करने की अपील की जाएगी। वहीं दूसरी ओर रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने वाली व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज में ऊंच-नीच को खत्म करने के लिए काम करेगी।

## पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च तक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर पीएचडी सत्र 2023-24 के लिए कुल 29 विषयों में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ऑनलाइन आवेदन व शुल्क के साथ अंतिम तिथि 15 मार्च तक निर्धारित की गई है। वहीं अभ्यर्थी विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 20 अप्रैल को पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## सार-संक्षेप



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक रामचंद्र यादव।

### बेटी दुनिया का अनमोल रत्न : विधायक

**रुदौली/मिल्कीपुर। अमृत विचार :** बेटी दुनिया का अनमोल रत्न है ।बेटी दो घरों का दीपक होती है ।शिक्षा से बेटियो ने बराबरी का सम्मान हासिल किया है। ये बातें सोमवार को अमानीगंज विकास खंड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विवाह समरोह को संबोधित करते हुए रुदौली विधायक राम चंद्र यादव ने कही ।उन्होंने कहाकि सम्पूर्ण प्रदेश में गरीबों के कल्याण और उनके उत्थान के लिए सैकड़ो योजनाए संचालित है। आने वाले समय में भारत दुनियां का मजबूत राष्ट्र बनने जा रहा है। आज रुदौली नगर की एक, मवई ब्लॉक की नौ और रुदौली ब्लॉक की 14 कन्याओं समेत अमानीगंज समेत 118 कन्याओं नें सात फेरे लिए ।इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, शशांक चतुर्वेदी, एडीओ समाज कल्याण रवीश मिश्रा, प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ रुदौली राम प्रेस यादव, बीडीओ अखिलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### लिंकन सिंह ने अवध विवि को दिलाया सिल्वर मेडल



पदक विजेता खिलाड़ी लिंकन सिंह यादव।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के छात्र लिंकन सिंह यादव ने नागालैंड के कोहिमा में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया। उसने कुश्ती पुरुष वर्ग ग्रीको रोमन स्पर्धा के 130 किलोग्राम भार वर्ग में यह पदक जीता। खिलाड़ी लिंकन की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर खेलो इंडिया गेम्स में विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने एक नई पहचान दिलाई है। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव के पल है। विवि के क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह, क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो.नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. जसवंत सिंह, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### लोकसभा चुनाव के लिए मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण आज

**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैनात किये गये जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित अन्य मजिस्ट्रेट व अधिकारियों का प्रशिक्षण मंगलवार को दोपहर तीन बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत ड्यूटी को गंभीरता से करने के निर्देश भी दिए जाएंगे।

### करंट लगने से झुलसा युवक, रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** एक निजी दूरसंचार कंपनी के बीटीएस पर काम करने चढ़ा श्रमिक लखीमपुर खीरी जिले के थाना शारदानगर स्थित बनगांव निवासी वसीम (28) पुत्र रईस अहमद विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे जौनपुर जिले के थाना बरसठी स्थित पाली निवासी जसवंत सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. आशुतोष प्रताप ने 50 फीसदी झुलसा होने के चलते लखनऊ रेफर कर दिया। उधर अयोध्या कोतवाली के दर्शननगर क्षेत्र में शुक्ला ब्रिक फील्ड ईंट भट्ठे पर ईंट लादकर खड़ी बुग्गी के अचानक चलने के कारण मौके पर मौजूद मजदूर चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर इनायतनगर थाना क्षेत्र के अस्थना निवासी अमित(22) पुत्र शाहदीन को जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### साइबर हेल्प डेस्क टीम ने आईफोन लौटाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना रामजन्मभूमि पुलिस की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने एक महिला श्रद्धालु का आईफोन खोजवाकर वापस किया है। मूल रूप से बीटी कावड़े मार्ग घोरपडी पुणे निवासी और यहां डोगरा रेजीमेन्ट अयोध्या में लेफ्टिनेन्ट जनरल के पद पर तैनात जगविन्दर सिंह की पत्नी मंजू सिंह श्रीराम जन्मभूमि में दर्शन करने गई थीं। इसी दौरान उनका कीमती आईफोन 14 कहीं गम हो गया। उन्होंने शिकायत पुलिस को दी थी। थाना रामजन्मभूमि के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने सोमवार को बताया कि साइबर हेल्पडेस्क टीम ने मोबाइल को खोजवा पीड़ित के पति के सिपुर्द किया है।



सरयू नदी के किनारे भ्रमण करते पूर्व राज्यपाल राम नाईक।

### पूर्व राज्यपाल ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने सोमवार को अपनी पुत्री के साथ अयोध्या पहुंचकर रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद सरयू नदी में नौका विहार का आनंद लिया। उन्होंने रामलला से देश के सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को लखनऊ लौट गए।

## 10 वीं व 12वीं के 4700 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में सोमवार को 10 वीं की अंग्रेजी व 12 वीं की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई विषय की परीक्षा हुई। सीबीएसई के जिला कोआर्डिनेटिट अजीत द्विवेदी ने बताया कि जिले के सभी 13 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में 10 वीं की परीक्षा में 4600 विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं 12 वीं की परीक्षा में करीब 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंगलवार को 12 वीं की केमिस्ट्री विषय की परीक्षा होगी। उन्होंने बताया आज तीन सीबीएसई सचल दलों ने परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई आपत्तिजनक नकल सामग्री या गतिविधि नहीं पाई गई।

# हादसों में बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में बुर्जुग समेत दो लोगों की मौत हो गई। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अंतपुर निवासी दुर्गा प्रसाद(60)अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के साकेतपुरी कॉलोनी से सोमवार को बाइक से जा रहे थे।

लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर देवकाली बाईपास स्थित एक होटल के सामने किसी वाहन ने टक्कर मार दी। नगर कोतवाली के हैदरगंज मोहल्ला निवासी उनकी पुत्री ज्योति शर्मा ने गंभीर रूप से घायल पिता को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुत्री ज्योति ने बताया कि दर्शननगर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मसौधा मार्ग स्थित भभुआ मोड़ के पास हादसे में रौनाही थाना क्षेत्र के कटरौली गांव निवासी राजेश कुमार रावत(32) पुत्र राम अचल और अजय कुमार (25) पुत्र राम अजोर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने राजेश रावत को मृत घोषित कर दिया। भर्ती कराने वाले अजय के भाई इन्द्रविजय ने बताया कि बाइक राजेश चला रहे थे और दोनों पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित जगवंतापुर से एक वैवाहिक समारोह से घर लौट रहे थे।




### हादसे में दूल्हे के ताऊ की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के कलन्दरपुर के पास हादसे में दूल्हे के ताऊ की मौत हो गई। ग्राम बसांवा बनई तिवारी का पुरवा थाना इनायत नगर निवासी पवन तिवारी (45) पुत्र राम चन्दर तिवारी रविवार देर शाम बाइक से छोटे भाई सुरेन्द्र कुमार तिवारी के पुत्र सौरभ की बारात में शामिल होने जा रहे थे। अमरगंज बाजार के पास कलंदरपुर में एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पवन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि साथ में बाइक पर बैठे उनके भाई उमेश तिवारी बाल-बाल बच गए। पवन को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिवारीजनों व रिश्तेदारों में खलबली मच गई। पुलिस की सहायता से शव को मोर्चरी हाउस में भेजवाकर गमगीन माहौल में विवाह की रस्में पूरी की गईं। खंडासा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**रामोत्सव** | **रामकथा पार्क में दर्शकों को दिखी राम प्रेयसी गाथा**

# उत्तराखंड के छपेली, पंजाब के जुगनी नृत्य ने लोगों का मोहा मन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामकथा पार्क में रामोत्सव की धूम मची हुई है। कथा व्यास द्वारा मानस प्रसंगों के बाद सांस्कृतिक संध्या में डॉ. आशुतोष नौटियाल के दल ने उत्तराखंड के लोक नृत्य छपेली की प्रस्तुति से छाप छोड़ी।

वहीं श्री स्वाति डांस फाउंडेशन नई दिल्ली के कलाकार श्रीराम शुक्ला और स्वाति सिसोदिया ने राम प्रेयसी गाथा नृत्य नाटिका के माध्यम से पंचवटी से लेकर रावण वध तक के दृश्य का मंचन संगीत और नृत्य के माध्यम से किया। पंजाब के मनप्रीत सिंह और उनका दल ने पारंपरिक भांगड़ा और उसके बाद जुगनी नृत्य करके लोगों की तालियां बटोरी।

नृत्य के बाद गायन की तरफ लेकर गई शिप्रा चंद्रा, जिन्होंने सुंदर मीठे भजन प्रस्तुत किए। चलो अवध नगरिया सजा है... गाकर अयोध्या की प्रसन्नता को बताया। शिप्रा के लोकगीतों पर लोक नृत्य जया कुमारी प्रगति मिश्रा और अंशिका तिवारी शिवांगी शुक्ला ने प्रस्तुत किया।लखनऊ की लोक कला सम्मान से विभूषित निधि श्रीवास्तव और उनके दल ने लोक नृत्य की शैली में संवादों के सहारे रघुवीर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। अनीश रावत और उनके साथी कलाकारों ने शुद्ध कथक की धमार में प्रस्तुति दी । राम स्तुति और फिर सरगम में निबद्ध कथक से समापन किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्रा ने किया। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या की निदेशक डॉ. लव कुश द्विवेदी ने कलाकारों का सम्मानित किया।



राम प्रसंग पर नृत्य प्रस्तुत करते उत्तराखंड के कलाकार। अमृत विचार




भंगड़ा करते पंजाब के कलाकार। अमृत विचार

## एक नजर

### मंडलीय समीक्षा बैठक आज

**अयोध्या।** शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की जनवरी की प्रगति रिपोर्ट पर मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में किया जाएगा। संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन ने बताया कि अधिकारी बैठक में स्वयं प्रतिभाग करेंगे।

### 250 से ज्यादा दिव्यांग व अति बुजुर्ग करेंगे मतदान

**सोहावल, अयोध्या।** विधान सभा क्षेत्र बीकापुर में 250 से ज्यादा दिव्यांग और अति बुजुर्ग चिह्नित है। जो गत विधान सभा चुनाव में अपने घरों से मतदान के लिए पात्र माने गए थे। चुनाव प्रकोष्ठ प्रभारी एम एम तिवारी ने बताया ऐसे मतदाताओं की पहचान अधिसूचना जारी होने के बाद बूथ के बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे।

### जिला सैनिक बंधु की बैठक कल

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को शाम 4 बजे होगी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में समस्त नामित सरकारी/गैर सरकारी सदस्य प्रतिभाग करेंगे। सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान व निस्तारण की व्यवस्था की जायेगी।

### सीओ लाइन ने किया त्रैमासिक निरीक्षण

**अयोध्या।** पुलिस क्षेत्राधिकारी लाइंस अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइंस स्थित व्यवस्थाओं और परिसर का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने बैरकों के आस पास की साफ-सफाई कराने और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने की हिदायत दी है।

### आयुध अधिनियम में दो लोग गिरफ्तार

**अयोध्या।** नगर कोतवाली पुलिस ने आयुध अधिनियम में दो लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने सोमवार को बताया कि चौकी प्रभारी चौक विवेक राय ने परिक्रमा मार्ग स्थित अफीम कोठी के पास से विवेक कुमार निवासी नक्खास गली सुभाष नगर व चौकी प्रभारी रिकाबगंज राम प्रकाश ने जिला महिला अस्पताल के पीछे डॉक्टर/चिकित्सक कर्मचारी कॉलोनी के पास से अहमद इकबाल निवासी जिला रिकाबगंज को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक-एक तमंचा-कारतूस बरामद होने के चलते आयुध अधिनियम में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बरात से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

**पूराकलंदर थाना क्षेत्र का था निवासी, कैंट थाना क्षेत्र में हुई वारदात**

## अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट कर जांच में जुटी पुलिस, कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई समेत अन्य पर आरोप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में रविवार मध्य रात्रि बाद एक युवक की ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी गई। मृतक पूराकालंदर थाना क्षेत्र निवासी था और मिट्टी खनन व प्रॉपर्टी के व्यवसाय से जुड़ा था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पुलिस टीमों को लगाया है। पिता ने वारदात में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई समेत अन्य पर भी शक जताया है।

पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम टोनिया, मउयदुवंशपुर निवासी विशाल यादव (25) रविवार देर शाम गांव निवासी मनीष यादव के वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के मक्खापुर गांव जा रहा था। उसके साथ गांव का एक अन्य युवक भी था। रात लगभग साढ़े 11 बजे उसके पिता रामबली यादव ने फोन मिलाया तो विशाल का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद उन्होंने साथ गए युवक को फोन लगाया तो उसने बताया कि विशाल घर जा चुके हैं। इसी बीच बारात से लौट रहे एक व्यक्ति ने विशाल को घायल अवस्था में

कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम मसिनिया स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में राम करन यादव के घर के पास पड़ा देखा। सूचना पर रात करीब 12.30 बजे रामबली, भाई संतोष और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और विशाल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद विशाल को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पीठ, कमर, हाथ आदि पर पांच गोली लगने के घाव मिले है। मृतक युवक के पिता रामवली यादव ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट पुलिस को दी तहरीर में उनका कहना है कि रात में सूचना मिली कि पुत्र विशाल यादव का ग्राम मसिनिया कृष्णा नगर कॉलोनी के पास एक्सीडेंट हो गया है। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने बताया कि मृत्यु गोली लगने से हुई है। बेटे को अज्ञात लोगों ने पांच गोली मार हत्या कर दी। हालांकि बाद में आरोप लगाया कि मिटटी खनन को लेकर विवाद में बेटे को नउवा कुंआ निवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई और महावा निवासी व्यक्ति आदि ने मारापीटा था और धमकी दे रहे थे। आशंका है कि चचेरे भाई की मुखबिरी पर इन्हीं लोगों ने हत्या कर दी।

एसएसपी राजकरन नय्यर ने सीओ सिटी कार्यालय में परिवार से घटनाक्रम की जानकारी ली है। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। सभी पहलुओं पर जांच कराई जा रही है।

**दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच में जुटी पुलिस**



विशाल यादव (फाइल फोटो)



रोते बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार



पंचनामा के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

### उसरू के बाद वह नहर की ओर मुड़ गया था

मक्खापुर गांव स्थित बरात से साथ लौटे कहार विवेक यादव का कहना है कि उन्होंने गांव के बाहर रामापुर में घर बनवा रखा है। उसरू के आगे विशाल अपनी बाइक से नहर की ओर मुड़ गया। उसकी नहर की पटरी होते हुए अपने घर जाना था, जबकि मैं कार से सीधे घर चला गया। कुछ ही देर बाद मशीनिया मोड़ के पास वारदात हो गई।

### एक नहीं कई रंजिश और विवाद

मृतक मिट्टी खनन के साथ प्रॉपर्टी का काम करता था। इसी को लेकर उसका कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश के भाई दिनेश और गांव के ही राजू यादव से विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में कारोबारी प्रतिद्वंदिता को लेकर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में बूथ नंबर चार के पास मारपीट भी हुई थी। वहीं मृतक के बड़े भाई संतोष यादव ने श्याम जी विश्वकर्मा के पुत्री से प्रेम विवाह कर लिया था, जिसको लेकर भी विवाद और मारपीट हुई थी। जबकि जमीन पर कब्जे को लेकर चचेरे भाई व गांव के पूर्व प्रधान रमापति यादव से भी विवाद चल रहा है। वारदात की जानकारी पर भाजपा सांसद लल्लू सिंह के पुत्र विकास सिंह, सपा के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन व सपा के पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय समेत अन्य ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढाड़स बंधाया। विधायक अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार में जंगलराज कायम है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, प्रदेश सचिव छेदी सिंह, प्रदेश सचिव छोटेलाल यादव, उपाध्यक्ष एजाज अहमद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अचल यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# कुलपति डॉ. बिजेंद्र चुने गए भारतीय सब्जी विज्ञान समिति के अध्यक्ष

कुमारगंज (अयोध्या)

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रही स्वर्ण जंयती राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने एकमत से विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह को (आईएसवीएस) भारतीय सब्जी विज्ञान समिति का अध्यक्ष चुना है। इसके साथ ही संगोष्ठी का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर कृषि जगत में सब्जी विज्ञान के क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले वैज्ञानिकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व संगोष्ठी में वैज्ञानिकों ने सब्जी विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवाचार, नवीन तकनीक, किसानों की दोगुनी आय, बंजर जमीनों के प्रयोग के बारे में बताया। संरक्षित खेती, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, सब्जियों से पोषण सुरक्षा, दलहनी फसलों, सब्जी फसल जैसे मटर, टमाटर, बैंगन, करेला, तरोई, खीरा, मिर्चा आदि किस्मों पर विस्तार से चर्चा की।

कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ के एसोसिएट डीन डॉ. डीके सिंह व वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। दिल्ली के पूर्व सहायक महानिदेशक डॉ. बीएस धनखड़, आईएआरआई नई दिल्ली के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध जोशी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एनसी गौतम, आईसीएआर नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय, आयोजन सचिव डॉ. सीएन राम, डॉ. संजीत कुमार व डॉ. डीके उपाध्याय समेत देश-विदेश के करीब 500 वैज्ञानिक शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के समस्त अध्यक्ष, सह अध्यक्ष एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।





**गोल्डेन जुबली राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन**

वैज्ञानिकों को अवॉर्ड देकर सम्मानित करते कुलपति।

### एएनएम से दुष्कर्म में युवक दोषी करार

**अयोध्या, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त एएनएम से दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई 27 फरवरी को होगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज यशपाल की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि उत्तराखंड की रहने वाली एक युवती रौनाही थाना क्षेत्र के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर तैनात थी। वो सरकारी आवास में अकेले रहती थी। 27 अगस्त 2019 की रात बड़ागांव का रहने वाला युवक इमरान उसके आवास पर पहुंचा और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी। उसकी गुहार पर पड़ोस के कई लोग इकट्ठा हो गए और इमरान मौके से भाग गया। इसकी रिपोर्ट एएनएम के तहरीर पर लिखी गई थी। घटना के समय से ही इमरान जेल में है। कोर्ट ने उसे घर में घुसकर दुष्कर्म करने का दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

**सजा पर सुनवाई आज**

# प्रधानाचार्य के घर में खाना बनाना छोड़ा तो बेटी को नहीं दिया प्रवेश पत्र

अयोध्या कार्यालय

**बोर्ड परीक्षा पंजीकरण में विद्यालय की बड़ी करतूत, शिकायत पर हुआ खुलासा**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के बीच एक बड़ा खुलासा हुआ है। प्रधानाचार्य ने पीड़ित छात्रा की माता द्वारा उनके घर पर खाना बनाना छोड़ देने पर प्रवेश पत्र ही नहीं दिया। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने आरोपित प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 26 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार ऑनलाइन शिकायत संख्या 20017724002787 बांगुर पुत्र अब्दुल सन्तार मिर्जापुर माफी द्वारा शिकायत की गई है कि उनकी पुत्री न्यू इरा पब्लिक स्कूल सहनवां दर्शननगर अयोध्या में कक्षा 10 की संस्थागत छात्रा है। उसकी माता विद्यालय की प्रधानाचार्या के घर पर खाना बनाती थीं। अस्वस्थता के उनके द्वारा प्रधानाचार्या के घर पर खाना बनाने का कार्य छोड़ दिया गया है। शिकायत है कि प्रवेश पत्र न देने के कारण हिन्दी विषय के परीक्षा में छात्रा शबनम बानों सम्मिलित नहीं हो सकी है। संज्ञान में आया है कि छात्रा न्यू इरा पब्लिक स्कूल शहनवा दर्शनगर में पढ़ाई करती थी। आरोपित द्वारा में छात्रा का पंजीकरण किया गया। डीआईओएस ने लिखा है कि कॉलेज द्वारा अमान्य विद्यालय न्यू इरा पब्लिक स्कूल दर्शननगर जिसकी माध्यमिक शिक्षा की मान्यता नहीं है। ऐसे विद्यालय में छात्रा का नाम लिखवाते हुए प्रधानाचार्य ने गलत ढंग से संस्था में पंजीकरण कर लिया। स्पष्ट है कि प्रधानाचार्य अवैध विद्यालय के संचालन में संलिप्त है। इस कृत्य से छात्रा परीक्षा से वंचित हो रही है। डीआईओएस ने निर्देशित किया है कि छात्रा शबनम बानो कक्षा 10 को प्रवेश पत्र तत्काल प्राप्त कराएं तथा प्राप्ति रसीद को उसी समय डीआईओएस के मोबाइल पर उपलब्ध कराये। मामले में डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने न्यू इरा पब्लिक स्कूल दर्शननगर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय इसकी जांच कर संबंधित कालेज के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

> यह बेहद अति गंभीर प्रकृति का प्रकरण है। छात्रा को प्रवेश पत्र प्रदान कराया जाएगा। उसे परीक्षा से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। छूटी परीक्षा की भी व्यवस्था की जा रही है। -डॉ.राजेश कुमार आर्या, डीआईओएस

# एक डॉक्टर राउंड पर रहेगा तो दूसरा ओपीडी में इलाज करेगा

अयोध्या कार्यालय

**जिला अस्पताल में एक चिकित्सक वाली ओपीडी में नौ बजे तक हो जाना चाहिए राउंड**

**अमृत विचार :** आखिरकार जिला अस्पताल से चिकित्सकों के नदारद रहने के मामले का शासन ने संज्ञान ले ही लिया। शासन से आदेश आने पर सीएमएस डॉ.एनपी गुप्ता ने सोमवार को निर्देश दिया कि जिस ओपीडी में दो चिकित्सक बैठते हैं। वहां से एक चिकित्सक राउंड करेगा और दूसरा ओपीडी में उपस्थित रहेगा। पहला चिकित्सक के राउंड से आने के बाद मरीज देखेगा और दूसरा चिकित्सक राउंड पर जाएगा। जिस ओपीडी में एक चिकित्सक हैं वह राउंड करके सुबह नौ बजे तक हर हाल में ओपीडी में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल की तीन ओपीडी संख्या 14, 15 और 16 में फिजिशियन की ड्यूटी है। तीनों ही कक्ष में दो-दो फिजिशियन तैनात हैं, लेकिन कई ऐसे मौके आए जब चिकित्सकों के न रहने पर मरीजों को भटकना पड़ा। शासन से भी कई बार फोन पर पूछा जाता है कि सीसीटीवी में चिकित्सक नहीं दिखाई दे रहे हैं। इसलिए ये आदेश जारी किया गया है।



### मेडिकल कॉलेज में पहली बार हुई ब्रेन सर्जरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में सोमवार को पहली बार ब्रेन सर्जरी की गई है। प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर के सुनील कुमार के सिर में खून का थक्का जम गया था। वह यहां भर्ती हुए थे। न्यूरो सर्जन डॉ. विक्रांत यादव ने जटिल ऑपरेशन के दौरान खून के जमे थक्के को अलग कर दिया। उन्होंने ने बताया कि मरीज अभी भर्ती है और खतरे से बाहर है। डॉ. विक्रांत ने 15 दिन पहले ही यहां गेस्ट फेकल्टी के तौर पर ज्वॉइन किया है।

### दिशा की बैठक में 43 योजनाओं पर मंथन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज द्वारा विगत माह दिशा की बैठक के संबंध में विवरण प्रस्तुत किया गया। सांसद लल्लू सिंह ने बैठक में लगभग 43 योजनाओं व बिन्दुओं पर चर्चा की। समीक्षा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभागों की संचालित योजनाओं की लाभार्थियों की सूची व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां जनप्रतिनिधिगणों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएं व लम्बित परियोजनाओं को बैठक के दौरान उठाया गया।

# स्वास्थ्य व बाल विकास विभाग समन्वय से करें काम





कार्यशाला को संबोधित करते मंडलायुक्त गौरव दयाल। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, मनरेगा विभाग, ग्राम विकास आदि विभाग आपसी समन्वय से काम करें।ये निर्देश सोमवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दिए। वो आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में मंडल के सभी पांच जिलों के बाल विकास एवं अन्य सहयोगी विभागों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मंडलायुक्त ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले 15 आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को पुरस्कृत कर छह बाल विकास परियोजना अधिकारी, पांच मुख्य सेविका, पांच ग्राम प्रधानों सहित अनीता यूनीसेफ एवं सभी पांच जनपदों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यशाला में अपर निदेशक स्वास्थ्य, अपर निदेशक बेसिक शिक्षा, उपनिदेशक पंचायत, संयुक्त विकास आयुक्त, मण्डल के सभी सीडीओ, डीडीओ, डीआइओएस, डीपीआरओ, डीपीओ, उपायुक्त मनरेगा, बीडीओ, सीडीपीओ, विकास खण्डों के तकनीकी सहायकों सहित 348 अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## सार-संक्षेप

### भाकियू ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, प्रदर्शन

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** दिल्ली किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मासूमगंज चौराहे पर ट्रैक्टरों के साथ मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। यूनियन के लोगों ने सरकार विरोधी नारे बाजी की। यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं की अपेक्षित संख्या न जुटने के कारण विरोध प्रदर्शन केवल औपचारिकता भर नजर आया। प्रदर्शन में मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष युवा भागीरथी वर्मा आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** क्षेत्र के ग्राम पलिया लोहानी मजरे कल्पनाथ मिश्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पं. माताफेर तिवारी 'निर्मोही' के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग व भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित भजन नाचयं नन्दलाल नचावयं उनकै मैइया... सुन श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर यजमान कपिल देव मिश्र, बालिन्द्र भूषण मिश्र, अजय कुमार मिश्र, राम मिलन मिश्र सहित क्षेत्र के कई श्रोता उपस्थित रहे।

### कवि सम्मेलन 'एक शाम- राम के नाम' का आयोजन

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के अलावलपुर के पूरे हुलास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा बाद रविवार रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 'एक शाम- राम के नाम' आयोजित हुआ। जिसमें नामचीन कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। ओज कवि अभय सिंह निर्भीक ने पढ़ा- सीना ताने सीमाओं पर स्वाभिमान से हम रहते हैं, हंसते-हंसते वक्ष स्थल पर सीधी गोली हम सहते हैं...। हास्य कवि विकास बौखल ने पढ़ा- बाबा रामदेव बोले बूढ़ों को शिकायत है हम बाबा जी का चवनप्राश नहीं खाएंगे, साल भर हो गया खाते हुए लाभ तो हुआ नहीं अब न मंगाएंगे...। शशि श्रेया ने पढ़ा- अनब्याहे अरमानों का हल होते है, प्यार में लड़के कितने पागल होते हैं...। प्रियांशु वात्सल्य ने कहा- आने वाली पीढ़ियों को कविता सिखाइए। कवि अविनाश मिश्र ने मां के ऊपर मुक्तक पढ़ा। कवि सम्मेलन का संचालन हास्य कवि सौरभ जायसवाल व अध्यक्षता ओज कवि अभय सिंह निर्भीक ने की। कार्यक्रम में आयोजक लक्ष्मीकांत पाठक, संयोजक हास्य कवि अंकुर पाठक, प्रेमकांत पाठक, पूर्व प्रधान योगेश मिश्रा, शिक्षक आशुतोष पांडेय, जोखूराम वर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



पूराबाजार में कवि सम्मेलन में मंच पर मौजूद कविगण।

### अवध कला उत्सव में कार्तिक के सुरों ने बांधा समा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या चैप्टर के तत्वावधान में स्थानीय लोक कला को संरक्षित करने हेतु अवध कला उत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में गुप्तार घाट के गुप्तहरि मंदिर में उपशास्त्रीय संगीतज्ञ कार्तिक पंडित व साथियों ने भावपूर्ण प्रस्तुति से समा बांध दिया। कार्तिक पंडित ने कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम स्तुति के साथ की। लगन तुमसे लगा बैठे...भजन में अमीर खुसरो की छाप तिलक का मिश्रण निबद्ध प्रस्तुतिकरण दिया। गजल में रंजिशें ही सही... और ऐ जिंदगी कितनी खूबसूरत... के साथ ही उन्होंने भोजपुरी बसंती बयार व कुछ फिल्मी गीत मे ठुमरी की झलक से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन कर रहे जेबीए प्रधानाचार्य वीके जोशी ने दर्शकों को कला सरंक्षण के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में जेबीए का संगीत विभाग के साथ अयोध्या इस मौके पर लोक कला प्रेमी गणमान्य उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया सालाना उर्स मुबारक

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** मया टांडा सम्पर्क मार्ग पर ग्राम सभा सराय सागर के मजरे जिगिनियां गाँव स्थित हज़रत बाबा मोहम्मद ज़ाकिर हुसैन शाह रहमतुल्लाह अलैह का 14 वां सालाना उर्स सोमवार को मनाया गया। खादिम मुबारक़ अली इदरीसी की सरपरस्ती में आयोजन हुआ। कुरानख्वानी, ग़ुस्ल, सन्दल, चादरपोशी आदि परम्परागत कार्यक्रम हुए। महफिले - शमा का भी आयोजन किया गया। जिसमें हाफ़िज़ वासिद अली सीतापुरी व मौलाना आबिद अली फूलपुरी एवं मौलाना साजिद रज़ा जलालपुरी ने सरकार गौसे आज़म के बयानात पेश किए। बंगलूरू से आए सूफ़ी नूर मोहम्मद शाह इम्तियाज़ी ने मुल्क में अमन चैन कायम रहने व सलामती के लिये दुआएं माँगी। सदस्य मास्टर राहत अली सलमानी, गुलाम फरीद अहमद, मोहम्मद नसीम शाह वारसी, खादिमे खास मोहम्मद कैफ इदरीशी उर्फ आफताब अली, सहित बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद रहे।

**835 पंचायतों में से एक में भी नहीं शुरू हो सकी ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था**

# पंचायतों में थंब से हाजिरी को दिखाया ठेंगा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तमाम निर्देश और चेतावनी के बाद भी अभी तक जिले की पंचायतों में सफाई कर्मियों समेत सचिव आदि की ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था नहीं शुरू हो सकी है। स्तिथि यह है कि 835 ग्राम पंचायतों में से थंब से हाजिरी लगाने का सिस्टम विकसित नहीं हो पाया, जबकि सितम्बर 2023 में ही इसे सुचारू किए जाने के आदेश थे। ऑनलाइन हाजिरी के न शुरू होने से सफाई कर्मी समेत सचिव और अन्य तैनात कर्मी मनमानें ढंग से कार्य कर रहे हैं।

ग्राम पंचायतों में कार्यरत कर्मियों पर लगाम कसने और शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था के निर्देश जुलाई 2023 में ही दिए गए थे। निर्देश था कि सभी पंचायत भवनों थंब मशीनों की स्थापना के साथ कम्प्यूटर सिस्टम से जोड़ कर मुख्यालय से कनेक्ट किया जाना था। यह हाल तब है जब सभी पंचायतों में इन्टरनेट कनेक्शन केबल लगाए जा चुके हैं। हालांकि अधिकारियों का तर्क है कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए कई गई खोदाई के कारण लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। जिसके कारण व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी है। इसे लेकर अमृत विचार की ओर से सोमवार को पड़ताल की गई तो किसी भी पंचायत में ऑनलाइन हाजिरी का इंतजाम पूरा नहीं मिला।





**पड़ताल**

**सितम्बर 2023 में लागू होनी थी व्यवस्था, चल रहा ऑफलाइन हाजिरी का खेल**

## पूराबाजार की 54 पंचायतों में एक में भी नहीं व्यवस्था

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक की 54 ग्राम पंचायतों में अभी तक ऑनलाइन हाजिरी शुरू नहीं हो पाई है। पंचायत सहायक रामपुर सरधा नेहा गुप्ता व पंचायत सहायक सराय चैमल सुष्मिता ने बताया कि मोबाइल से ऑनलाइन हाजिरी लगाई जा रही है। सराय चैमल के सफाई कर्मी शिव बाबू व राजस्व गांव लक्ष्मी दासपुर में तैनात सफाई कर्मी जानकी शरण ने बताया कि रजिस्टर पर हाजिरी लगाई जा रही है। एडीओ पंचायत धनजीत पूरा ने बताया कि अभी ब्लॉक के किसी ग्राम पंचायत में ऑनलाइन हाजिरी शुरू नहीं हो पाई है। तकनीकी दिक्कतों के कारण बाधा आ रही है।





### किसी भी ग्राम पंचायत में नहीं होती थंब हाजिरी

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** 56 ग्राम पंचायतों वाले विकास खंड में पंचायत भवन सभी पंचायतों में बन चुके है, लेकिन पंचायत से जुड़े कर्मचारियों की थंब-ऑन लाइन हाजिरी की व्यवस्था अब तक किसी भी पंचायत में नही हो पाई है। यही हाल उन छह ग्राम पंचायतों में भी है। जिन्हें नव सृजित नगर पंचायत खिरौनी में शामिल किया गया है। खंड विकास अधिकारी शोभना यादव के मुताबिक थंब से हाजिरी को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

### पंचायत सहायक ऐप पर, सफाई कर्मी रजिस्टर पर लगाते हाजिरी

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र की 89 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत ऐप पर पंचायत सहायकों की हाजिरी लगाई जा रही है।सफाई कर्मियों की हाजिरी अभी तक ऑनलाइन शुरू नहीं हो सकी है। आए दिन पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों के पंचायत भवन और गांव में न आने की शिकायत आम है। बीडीओ अखिलेश गुप्ता ने बताया कि विकास खंड के 89 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक की उपस्थिति पंचायत ऐप पर हो रही है।सफाई कर्मियों का डाटा एकत्र किया जा रहा है।अभी तक किसी गांव में पंचायत सहायकों की ऑनलाइन हाजिरी शुरू नहीं हो सकी है।

## मिल्कीपुर में भी परवान नहीं चढ़ी योजना





मिल्कीपुर विकास खंड कार्यालय।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड में कुल 77 ग्राम पंचायतें हैं। जिनमें 106 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र में 60 ग्राम पंचायत हैं व 97 सफाई कर्मी और अमानीगंज विकास खंड के 73 ग्राम पंचायत में करीब 85 सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें से करीब 12 सफाई कर्मियों को अधिकारियों के आवासों पर लगाया गया है। सभी ग्राम पंचायत सचिवालयों पर ऑनलाइन व्यवस्था के लिए इंटरनेट की आवश्यकता है।ग्राम पंचायत सचिवालयों में कंप्यूटर की व्यवस्था नहीं हो सकी है और न ही थंब मशीन ही लगाई गई है। मिल्कीपुर बीडीओ केके सिंह ने बताया कि इंटरनेट की समस्या ज्यादातर है, जो कनेक्शन हुए भी हैं वे सुचारू रूप से चल नहीं रहे हैं।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### शराब संग युवक गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक जंगेश हुसैन ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त रविकांत कन्नौजिया पुत्र गिरधारी कन्नौजिया निवासी गोपालपुर थाना राजेसुल्तानपुर को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

### चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त पकड़ा गया

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत ग्राम प्यारेपुर मुबारकपुर निवासी अभियुक्त 28 वर्षीय शंभू नाथ पुत्र राम लुटावन के कब्जे से चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं सिकंदराबाद काशीराम कॉलोनी से 18 वर्षीय अभियुक्त मोहम्मद सलमान पुत्र जमशेद एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

### वांछित दबोचा गया

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक चंद्रमा यादव ने विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त रवि पुत्र सुरेंद्र निवासी देवरिया बुजुर्ग थाना राजेसुल्तानपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### विद्यालय से चोरों ने उड़ाए हजारों की नगदी व सामान

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गयासपुर निवासी बागीष मिश्रा गांव के बाहर श्रीराम अवध स्मारक शिक्षण संस्थान के नाम से एक निजी विद्यालय चलाते हैं। रविवार की रात चोरों ने विद्यालय के ऑफिस का ताला तोड़कर लाकर में रखे करीब 6 हजार रुपए, जरूरी कागजात समेत हजारों का सामान उठा ले गए। प्रबंधक वागीश मिश्र ने बताया कि जब वह सुबह विद्यालय पहुंचे तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने कहा कि मौका मुआयना कर संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। चोरी के खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।

### 275 वाहनों को चेक कर 12 का काटा चालान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** संघन चेकिंग अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई। किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 275 वाहनों को चेक कर 12 वाहनों का चालान काटा गया।

# 16 करोड़ से अकबरपुर स्टेशन का होगा जीर्णोद्धार

## पीएम मोदी ने स्टेशन का किया वर्चुअल शिलान्यास, एमएलसी समेत भाजपा नेताओं ने सुना पीएम का उद्बोधन

**▸▸ अकबरपुर स्टेशन को लिफ्ट, नए फुटओवरब्रिज, स्वाचालित सीढ़ियों आदि की मिली सौगात**

जिला संवाददाता अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर 16 करोड़ रुपये से होने वाले कई महत्वपूर्ण कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया। अमृत स्टेशन की सूची में शामिल अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट, नए फुटओवरब्रिज, आधुनिक फूड प्लाजा और स्वचालित सीढ़ियों आदि की सौगात प्रधानमंत्री ने दी। अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय मौजूद रहे। एमएलसी सहित भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री का वर्चुअल शिलान्यास और उद्बोधन सुना।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल शिलान्यास के दौरान मौके पर मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व साथ में अन्य। अमृत विचार

एमएलसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर अकबरपुर रेलवे स्टेशन को बेहतर बनाया जा रहा है। रेलवे ने 508 स्टेशनों को अमृत स्टेशन बनाने के लिए चुना था, जिसमें जनपद के अकबरपुर रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया था। कार्यक्रम के दौरान बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। जिसमें एमएलसी के साथ सभी गणमान्य और आम जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम को देखा। उन्होंने कहा कि 16 करोड़ रुपये से अकबरपुर अमृत स्टेशन का बेहतर विकास किया जाएगा और यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। अकबरपुर स्टेशन पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। अन्य कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया है। जिसका निर्माण होने के बाद यात्रियों को इसका सीधे लाभ मिलेगा। अयोध्या के निकट के अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में बड़े पैमाने पर बढ़ोत्तरी होने जा रही है। यहां अमृत योजना के तहत पहले से ही नए प्लेटफॉर्म नंबर एक का निर्माण लगभग पूरा होने की कगार पर है। पुराने फुट ओवरब्रिज को हटाकर नया ओवरब्रिज बना दिया गया है। अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर कई अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन सबके बीच अब रेलवे ने यहां करीब 16 करोड़ रुपये से यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, भाजपा नेता दिनेश पांडे आदि मौजूद रहे।

### स्टेशन पर यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

यात्री सुविधाओं के लिए स्टेशन पर यात्रियों के लिए फूड प्लाजा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, कैफेटेरिया और रिटेल सुविधाएं आरामदायक, एक उत्पादन के कम से कम दो स्टॉल, एग्जीक्यूटिव लाउज तथा ट्वॉयलेट ब्लाक का निर्माण, सरकुलेटिंग एरिया बनाया गया है। यात्रियों के आगमन और प्रस्थान के लिए का सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्थानीय शिल्पकता और संस्कृति के समावेशन से सौंदर्यीकरण और हरित पट्टी का विकास, यात्रियों की सुगमता और मार्गदर्शन के लिए अच्छी दृश्यता और सौन्दर्ययुक्त साइनेज और सेरेमोनियल प्लेग का प्रावधान, जल निकासी को समुचित व्यवस्था, 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण, लिफ्ट रेम्प और स्वचालित सीढ़ियों का प्रावधान होगा।

## त्योहारों को लेकर थानाध्यक्ष ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए रूधौली अदाई प्राथमिक विद्यालय पर गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय ने कहा कि होली के त्यौहार को भाई चारे के साथ मनाए। लोग रंग, गुलाल, अबीर लगाकर एक दूसरे से गले मिलते है। इसकी पवित्रता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी के द्वारा त्योहार में खलल नहीं होना चाहिए। लोकसभा चुनाव में अभी कुछ ही दिन शेष बचे है। मतदान करना सभी का अधिकार है। बगैर किसी जातीय दुश्मनी के सभी मतदाताओं से निष्पक्ष मतदान की अपील किया। इस दौरान ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार प्रजापति, मनोज तिवारी, बांके लाल शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, शंभू नाथ पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद, लाला पाण्डेय समेत हल्का दरोगा, सिपाही और अन्य नागरिक मौजूद रहे।



बैठक करतीं थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय।

## ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

टांडा, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। इस बीच तमाम राजनीतिक दलों के नेता व पदाधिकारी अपनी-अपनी पकड़ पर तमाम ग्राम सभाओं में जन चौपाल के माध्यम से लोगों का रुझान, कार्य योजना का प्रचार-प्रसार करके अपनी पार्टी की ओर रुझान भटकाने के प्रयास में जुट गए हैं।

अमेदा ग्राम सभा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और 278 विधानसभा टांडा के पूर्व प्रत्याशी कपिल देव वर्मा ने जन चौपाल के माध्यम से आम जनमानस के बीच एक जनसभा का आयोजन किया। जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उक्त ग्रामसभा में चौपाल के आयोजन के दौरान सभी ने चुनाव में पार्टी द्वारा चुने गए प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। जन चौपाल का संचालन जवाहरलाल मौर्य और आयोजक रणविजय वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने किया। वहीं दूसरी तरफ उक्त कार्यक्रम में जगदीश तिवारी, प्रवीण दुबे, गिरीश वर्मा, राम छैल वर्मा, बच्चा राम वर्मा, बाबूराम वर्मा, राम सज्जन वर्मा, दिवाकर वर्मा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जागरूक करते पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा।

## भाजपा सरकार में महिलाएं हुई सशक्त

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भाजपा ने रविवार को महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में एनजीओ सम्मेलन आयोजित किया। भाजपा जिला महामंत्री अभियान संयोजक बाबा राम शब्द यादव के संयोजन में हुए सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा रहे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने एनजीओ सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुविधा के लिए उज्जवला योजना अन्तर्गत फ्री गैस कनेक्शन, रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास, महिला स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को विभिन्न योजनाओं में आर्थिक ऋण और सहायता प्राप्त करा कर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया है। महिलाओं की आत्म सम्मान और विश्वास को बढ़ाया है। अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी ने और संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री अंजू पांडेय ने किया। अभियान संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने सम्मेलन में आई महिलाओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं और बालिकाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से से सशक्त बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर कर रही है।



सम्मेलन में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा व साथ में अन्य।

### सम्मेलन में ये भी रहे मौजूद

सम्मेलन में मुख्य रूप से युवान फाउंडेशन की संध्या सिंह, पुष्पा देवी, गीता देवी, विद्यावती, कलावती, सुमित्रा देवी, अम्बिका जायसवाल, अमित कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, शैल त्रिपाठी, कमलेश यादव, संगीता चैरसिया, घनश्याम, चंद्रबली मौर्य, पियूष कुमार, जितेंद्र मिश्र, कृष्ण कांत उपाध्याय, महावीर आदि शामिल रहे।

## 64 हजार किसानों को नहीं मिलेगा सम्मान निधि का लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 3 लाख 39 हजार 620 किसानों के खाते में 28 फरवरी को दो-दो हजार रुपया भेजा जाएगा। जनपद में करीब 64 हजार आवेदकों ने अब तक अपने खाते का ई-केवाईसी नहीं कराया है। जिसके कारण किसानों को 16वीं किस्त के लाभ से वंचित होना पड़ेगा।

केंद्र सरकार किसानों को लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना चला रही है। सरकार साल में तीन किस्तों में 6 हजार रुपए देती है। इस योजना के तहत जनपद में 4 लाख 4 हजार किसानों ने आवेदन किया था। पिछले काफी दिनों से शासन द्वारा सभी लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराने के लिए निर्देश दिए गए थे। तमाम प्रयास के बावजूद अभी करीब तीन लाख 39 हजार 620 किसानों ने ही ई-केवाईसी कराया है। वहीं 64 हजार 380 किसान ऐसे हैं जो केवाईसी नहीं कराए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत तीन लाख 39 हजार 620 किसानों के खाते में आगामी 28 फरवरी को दो-दो हजार रुपए की दर से 67 करोड़ 92 लाख 40 हजार रुपए की राशि भेजी जाएगी।

### जिम्मेदार बोले

उप कृषि निदेशक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि जिन किसानों ने ई-केवाईसी कराया है, उनके खाते में 28 फरवरी को सम्मान निधि की 16वीं किस्त के तहत दो-दो हजार रुपए भेजा जाएगा।

## सार-संक्षेप

### बीआरसी कार्यालय का ताला तोड़ लाखों का सामान चोरी



चोरी की घटना के बाद बीआरसी कार्यालय में खुली आलमारी।

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अज्ञात चोरों ने बीआरसी कार्यालय का दरवाजा तोड़कर लाखों रुपए की कीमत का सामान एवं कागजात पार कर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से किया है। मामला आलापुर थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार में स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जुड़ा हुआ है। बीती रात में अज्ञात चोरों ने बीआरसी कार्यालय का दरवाजा तोड़कर तीन कंप्यूटर, एक लैपटॉप, एक प्रोजेक्टर और अन्य सामानों के साथ-साथ अलमारी तोड़कर कागजात भी पार कर दिया। सोमवार को कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने आलमारी और दरवाजे का ताला टूटा देखा तो मामले की सूचना पुलिस टीम को दिया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर रियाजुद्दीन ने मामले की तहरीर पुलिस को दिया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले में जांच की जा रही है।

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** हंसवर थाना क्षेत्र के औवझी गांव में सोमवार की सुबह 25 वर्षीय प्रेमलता का बंद कमरे में शव लटकता हुआ पाया गया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतका के पति सचिन जीवन यापन के लिए बाहर कमाई करता है। मृतका के मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। मौके पर पहुंचे जलालपुर क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृश्यटया आत्महत्या प्रतीत हो रहा है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना अलीगंज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर दर्ज विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त राम आशीष वर्मा पुत्र अनिल वर्मा निवासी हिथूरी बनकठवा थाना अलीगंज को रजवाहा नहर पटरी पर से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने अपना नाम राम आशीष वर्मा पुत्र अनिल वर्मा निवासी ग्राम हिथुरी बनकठवा थाना अलीगंज बता रहा है। पुलिस ने जब अभियुक्त से भागने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि थाना अलीगंज पर दर्ज विभिन्न मुकदमा दर्ज होने से डर के मारे इधर-उधर छिप रहा था। थाना अलीगंज पुलिस टीम ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष गजेन्द्र विक्रम सिंह, कांस्टेबल अजय चौहान, कांस्टेबल अभिषेक यादव, कांस्टेबल विजय शंकर यादव शामिल रहे।

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस ने रविवार को नगर क्षेत्र के काजीपुरा मोहल्ले से 40 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। कोतवाली जलालपुर के उपनिरीक्षक सचिव कुमार मौर्य हमराहियों के साथ काजीपुरा में तीन युवक नदी के किनारे प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने की फिराक में हैं। मुखबिर की सूचना तीनों लोगों को पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम बदरे आलम उर्फ नन्हे, दूसरे ने महबूब आलम निवासीगण काजीपुरा और तीसरे ने अपना नाम कमरुद्दीन निवासी रान्नू खां का पूरा जलालपुर बताया। इनमें से दो के पास से दो लोहे के धारदार चापड़ और सामने बोरी पर रखे 40 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। उधर, सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी जलालपुर ने मांस को सेम्पल के लिए भेज दिया है। शेष को वहीं, खाली जमीन पर गड्ढा खोद कर दफन कर दिया है। सीओ जलालपुर देवेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया की मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महिला नसबंदी के लाभार्थियों को एनटीपीसी देगा उपहार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत जनपद में निःशुल्क महिला और पुरुष नसबंदी की गुणवत्ता पूर्ण सेवा दी जा रही है। जो महिलाएं नसबंदी कराती हैं उनको सरकार की तरफ से 2000 रुपए की धनराशि भी दी जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि इस वर्ष एनटीपीसी टांडा द्वारा नसबंदी कराने वाली महिलाओं को एक डिनर सेट उपहार के स्वरूप दिया जाएगा और नसबंदी के लिए प्रेरित करने वाली आशा बहुओं आशा संगिनी व एएनएम किसी अन्य को भी 150 रुपए प्रति केस प्रेरक के रूप में अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रबंधक परिवार कल्याण कार्यक्रम सुनील वर्मा ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा 1000 महिलाओं को उपहार देने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मार्च माह में जनपद के अलग-अलग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर महिला नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ रीतेश कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन साधन की सुगम उपलब्धता के लिए जनपद के 15 सार्वजनिक स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक मशीन लगाए जाएंगे।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

निरीक्षण | बुढ़िया माता मंदिर धार्मिक स्थल को वंदन योजना के तहत 193 .87 लाख रुपए हुए स्वीकृत, होगा मंदिर का जीर्णोद्धार

# बुढ़िया माता मंदिर का निरीक्षण, सुंदरीकरण के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील आलापुर के नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के अंतर्गत बुढ़िया माता मंदिर का निरीक्षण किया। बुढ़िया माता मंदिर धार्मिक स्थल को वंदन योजना के तहत 193.87 लाख रुपए स्वीकृत हुए। डीएम ने इस धन से कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वंदन योजना के तहत जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी राजेसुल्तानपुर से कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी हासिल की। शासन द्वारा स्वीकृति किए गए धन से संपर्क मार्ग, विश्रामालय, वाटर किओस्क, छादक साइनेज, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, सुंदरीकरण, सीसी रोड, इंटर लॉकिंग आदि निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए यथा शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराए जाने और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राम जानकी मंदिर गोपाल बाग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां के संवर्धन और विकास के लिए अधिशासी अधिकारी को पत्र प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। बता दें कि जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव प्रयास से जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। जनपद अंबेडकरनगर विश्व प्रसिद्ध अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर पर्यटन की असीम संभावना बन रही हैं। जिलाधिकारी ने श्रवण धाम क्षेत्र, दरवन झील, पुंथर झील सहित अनेक जल संचय स्रोतों और पौराणिक स्थलों का चिन्हांकन कर लगातार शासन को पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री द्वारा भी जनपद के विकास के लिए प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति भी लगातार दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी आलापुर सौरभ शुक्ला, खंड विकास अधिकारी राजेसुल्तानपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर, पूर्व विधायक आलापुर अनीता कमल और अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।



बुढ़िया माता मंदिर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व साथ में उपजिलाधिकारी।

### देश-विदेश के पर्यटक आएंगे जनपद

पर्यटन को बढ़ावा देने से जहां एक तरफ देश-विदेश के पर्यटक जनपद में आएंगे। वहीं दूसरी तरफ इससे जनपद वासियों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रधानमंत्री द्वारा अपने उद्बोधन में अपील की गई है कि पर्यटक जहां भी जाए वहां उस यात्रा के अपने पूरे खर्च का कम से कम 10 प्रतिशत वहां स्थानीय वस्तुओं के खरीद में खर्च करें, जिससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे जनपद सहित प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी और देश के पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनामिक को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी।

### बंद पड़ी पैसेंजर ट्रेनों के संचालन को लेकर ज्ञापन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** गरीब यात्रियों के लिए लाइफ लाइन बनी बंद पैसेंजर ट्रेनों के पुनरू संचालन के किए समाजसेवी नेल्सन आर मंडेला सोसायटी अध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने मंडल रेल प्रबंधक की नोडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि वर्तमान समय में अयोध्या धाम में भगवान प्रभु श्रीराम की जन्म भूमि पर भव्य दिव्य और नव्य मंदिर स्थापित हो चुका है। मुगलसराय-वाराणसी और बरेली बालामऊ-लखनऊ होते हुए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के मंदिर, वाराणसी स्थित बाबा भोलेनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आने जाने वाले राम भक्तों और शिव भक्तो को कापुी दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इस ट्रेन के चलने से प्रतिदिन पढ़ाई, नौकरी, मुकदमा लड़ने वाले, इलाज आदि कराने वालों को भी काफी सुविधा मिलेगी। समाजसेवी धीरेंद्र यादव ने ज्ञापन की कॉपी रेल मंत्री को भी भेजी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं सूचित करता हूं कि छिटई पुत्र श्रीनाथ निवासी पूरे चरिहा मजरे गोड़वा हसनपुर थाना सलोन जिला रायबरेली अपने छोटे पुत्र अखिलेश यादव को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवृत्ति से त्रस्त हूं। वह आए दिन गालीगलौज और मारने पीटने दौड़ता है। मैं छोटे पुत्र अखिलेश यादव को अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे पुत्र के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम ASLAM IQBAL KHAN से बदलकर AQBAL AHMAD रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- ABDUL MABOOD, निवासी- Ward no- 01 Ambedkarnagar Post Barhni ps DHEBARUWA Distt Siddharthanagar**

**सूचना**

सूचित हो कि हरिश्चंद्र के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 217430255, 28/12/2007 से संचालित है। आधार कार्ड और पासबुक पर नाम राज कुंवर अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। दोनों नाम से क्षेत्र में जाना और पहचाना जाता है। **हरिश्चंद्र उर्फ राज कुंवर पुत्र राम छबीले ग्राम देवनपुर लक्खारामपुर तहसील पयागपुर, बहराइच।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिलजानी उर्फ जमुना पत्नी वृषराम एक ही महिला का नाम है। सहारा पॉलिसी में इनका नाम जमुना अंकित है। दोनों नाम की एक ही महिला हैं। **दिलजानी उर्फ जमुना निवासी ग्राम पंचायत झाला थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच।**

## एक नजर

### ग्रामीणों ने की खस्ताहाल सड़क बनाने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत गौसिहा से गोंडा बहराइच मार्ग तक जाने वाली पक्की सड़क जर्जर हो गई है। इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। पूर्व प्रधान जसवंत वर्मा ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से मिलकर सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वालों पर पुलिस की नजर

**रुपईडीह, गोंडा :** कौड़िया थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस द्वारा आपराधिक लोगों को चिन्हित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में लोकसभा के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की बैठक कर उन्हें गांव-गांव जाकर चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा आठ लोगों के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही की गई है। उनका यह पूरा प्रयास होगा कि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अशांति न होने पाये।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल की गई जान

**तरबगंज, गोंडा :** तरबगंज थाना क्षेत्र के नरायनपुर कांटा के समीप सोमवार को एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार शख्स को ठोकर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गयी। मृतक की पहचान कटहा लीला पुरवा निवासी तरबगंज नरसिंह नरायन उर्फ नकछेद (55) के रूप में हुई है। वहीं तरबगंज एसएचओ शमशेर बहादुर सिंह का कहना है कि हागसे की जानकारी मिली थी लेकिन परिजन उसे लेकर अस्पताल जा चुके थे। तहरीर नहीं मिली है।

### सदस्यता समाप्ति का प्रस्ताव किया गया पारित

**गोंडा कार्यालय :** अधिवक्ताओं के आपस में मारपीट करने व वीडियो वायरल के मामले को लेकर बार एसोसिएशन के सभागार में संयुक्त आम सभा की बैठक हुई। जिसमें अधिवक्ता सुनील कुमार वर्मा तथा सुरेंद्रनाथ मिश्र एवं प्रभात कुमार वर्मा ने घटना को लेकर प्रस्ताव रखा। जिस पर अधिवक्ता राजेंद्र कुमार सिंह पर विभिन्न आरोप लगाया गया। प्रस्ताव पर पारित किया गया कि अधिवक्ता राजेंद्र कुमार सिंह को संयुक्त संघ की सदस्यता से निष्कासित किया जाए तथा अधिवक्ता आपदा राहत समिति की सदस्यता निरस्त की जाए। प्रस्ताव का बैठक में मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने इसका समर्थन किया। वहीं पर उपस्थित सदस्य सुरेंद्र सिंह एडवोकेट ने आरोप को गलत बताया।

# भरिए फर्राटा, श्रीनगर-बाबागंज इटियाथोक सड़क निर्माण को मिली हरी झंडी

## 52.89 करोड़ रुपये से होगा सड़क के चौड़ीकरण का काम, 20 किलोमीटर लंबी सड़क की जाएगी चौड़ी, 15 महीने में काम होगा पूरा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बाबागंज से इटियाथोक तक जाने वाली सड़क के पुनर्निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है। 52.89 करोड़ रुपये की लागत से इस 20 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण का कार्य कराया जायेगा। लंबे समय से इस सड़क के मरम्मत की मांग की जा रही थी। 15 महीने के भीतर इसका निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा। इसके बाद राहगीर इस सड़क से फर्राटा भर सकेंगे।

मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के भीतर बाबागंज से इटियाथोक जाने वाली सड़क काफी पुरानी है। तीन मीटर चौड़ी यह सड़क कई जगह से टूट चुकी है और सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इस क्षेत्र के लोगों को बाबागंज से इटियाथोक जाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।



श्रीनगर बाबागंज से इटियाथोक जाने वाली सड़क। अमृत विचार

पिछले कई वर्षों से सड़क के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। श्रीनगर बाबागंज में मेहनौन विधायक का पैतृक निवास होने के चलते इस सड़क के निर्माण को लेकर उन पर काफी दबाव भी था। पिछले वर्ष ही यह सड़क स्वीकृत हो गयी थी लेकिन बीच में कुछ तकनीकी खामी के चलते स्वीकृति फंस गयी। अब एक बार फिर से शासन ने इस सड़क के चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब यह सड़क टू लेन में परिवर्तित होगी। इसके चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर 52.89 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। लोक निर्माण विभाग ने सड़क के चौड़ीकरण का टेंडर जारी कर दिया है। 15 महीने के भीतर इस सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य पूरा किया जायेगा। इसके बाद लोग इस सड़क से फर्राटा भर सकेंगे। इस सड़क के चौड़ीकरण के बाद बाबागंज से बलरामपुर का सफर भी आसान हो जाएगा। अभी बाबागंज से बलरामपुर जाने के लिए लोग भैंसहवा घाट से होकर उतरौला जाने वाली सड़क का उपयोग करते हैं। यह सड़क भी टूटी फूटी है। लेकिन इटियाथोक की सड़क बन जाने के बाद यह मार्ग सुगम हो जायेगा। इससे लोगों का समय भी बचेगा।



विनय कुमार द्विवेदी, विधायक।

> बाबागंज से इटियाथोक जाने वाली सड़क के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। इस सड़क के बन जाने से धानेपुर, बाबागंज, रेहरा व शुक्लागंज से इटियाथोक जाने वाले लोगों का सफर आसान हो जाएगा और विधानसभा क्षेत्र की बड़ी आबादी को इसका लाभ मिल सकेगा।
> **-विनय कुमार द्विवेदी,** विधायक, मेहनौन

> बाबागंज से इटियाथोक सड़क के चौड़ीकरण के टेंडर कराया जा चुका है। इस सड़क के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण पर करीब 53 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। 15 महीने के भीतर इस सड़क का कार्य पूरा कराया जाना है। फर्मों से आवेदन मांगे गए हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही ही इसका कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।
> **-वीके त्रिपाठी,** अधिशाषी अभियंता, निर्माण खंड-2 लोक निर्माण विभाग

**दो लाख की आबादी का सुलभ होगा आवागमन:** बाबागंज से इटियाथोक जाने वाली 20 किलोमीटर लंबी सड़क पर बिहुरी, जमुनागंज, ईश्वरनंद कुटी, शंकर चौराहा, खरिहा, सदाशिव, अयाह व रमवापुर जैसी कई छोटे छोटे बाजार हैं जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्रामीणों का आना जाना होता है। बाबागंज से इटियाथोक ब्लाक जाने के लिये भी राहगीर इस सड़क का प्रयोग करते हैं। सड़क के दोनों छोर पर बसे सैकड़ों गांव है और यहां करीब 2 लाख की आबादी इस सड़क का उपयोग करती है। इस सड़क के बन जाने से इस बड़ी आबादी का आवागमन सुलभ हो जायेगा।

# मोदी के बटन दबाते ही गोंडा में विकास के पथ पर दौड़ गई रेल

## 49.50 करोड़ से होने वाले स्टेशन के कायाकल्प कार्यों को मिली हरी झंडी



पीएम मोदी के उद्बोधन को सुनते जनप्रतिनिधि व रेल अफसर। अमृत विचार



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** पीएम मोदी ने सोमवार को आयोजित वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया और स्टेशन के सुंदरीकरण व पुनर्निर्माण की विकास योजना का शिलान्यास किया। जैसे ही प्रोजेक्टर पर पीएम मोदी रिमोट का बटन दबाते दिखे, सर्कुलेटिंग एरिया में बनाए गए पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठा। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णो ने जानकारी दी कि पीएम के इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से 40 लाख लोग जुड़े हैं जिसमें 11 राज्यों से सांसद, मंत्री और विधायक समेत रेलवे के जिम्मेदार अफसर शामिल हैं। कार्यक्रम में विकास का रिमोट दबाकर पीएम ने 49.50 करोड़ से होने वाले गोंडा जंक्शन के सुंदरीकरण व यात्री सुविधा को अपग्रेड करने के पुनर्निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें प्लेटफॉर्म व मुख्य द्वार के सुंदरीकरण के अलावा लाइटिंग कार्य, डिजिटल सुविधाओं के गुणात्मक सुधार, कोच गार्ड सिस्टम व एसी, कूलर लगेंगे। 12 मीटर चौड़ा उपरिगामी पुल निर्माण भी होना है। शौचालय और विश्रामालय का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके अलावा जिले में निर्माणाधीन आठ रेलवे अंडर पास और ओवर ब्रिज का उद्घाटन भी किया। इसमे नारायणपुर- मनकापुर अंडर पास, परशुरामपुर- मनकापुर अंडरपास, गदरही- मनकापुर अंडरपास, लखपत नगर- बल्लीपुर अंडरपास, गोहाना-मनकापुर अंडर पास, जगदीशपुर- अशरफपुर अंडरपास, पांडे बाजार- गढवासजोत अंडरपास और मांदे ग्राम सोनी हरलाल अंडर पास शामिल हैं।

**सांसद और चेयरमैन ने रेलवे के प्रयासों को सराहा:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने रेल अफसरों को बधाई दी। पालिकाध्यक्ष उजमा राशिद ने बच्चों और कलाकारों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। इस दौरान जितेन्द्र शर्मा, संजय श्रीवास्तव, संजय सिंह, नरेंद्र सिंह, जीआरपी निरीक्षक अरविंद वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि राशिद इकबाल, सभासद प्रतिनिधि मुहम्मद इस्राइल, पूर्व सभासद विशाल अग्रवाल, भाजपा नेता राजा बाबू गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।



चित्रकला प्रतियोगिता मे चयनित श्रेष्ठ कृतियों के साथ प्रतियोगी स्काउट गाइड।

### सम्मानित किए गए प्रतियोगी बच्चे

स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर मे चित्रकला, पेंटिंग, निबंध लेखन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सीनियर डीएमई एसपी श्रीवास्तव, कार्मिक विभाग से विनोद श्रीवास्तव और संतोष गुप्ता इसके नोडल थे। सांसद और चेयरमैन ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और गायन वादन से जुड़े लोगों का उत्साहवर्धन किया।

# बच्चों ने बनाया लैंड माइंस, साउंड सिस्टम

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में गठित बीरबल साहनी विज्ञान क्लब सोनबरसा के बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ के तहत लैंड माइंस, स्टेथोस्कोप व साउंड सिस्टम निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्र विशाल वर्मा, दूधनाथ, शिवम् विश्वकर्मा व दीपक ने मिलकर साउंड सिस्टम का निर्माण किया। स्टेथोस्कोप का निर्माण छात्र दीपक प्रजापति, अमन कुमार, सूरज यादव ने पाइप, गुब्बारा, कीप आदि की मदद से किया। खास बात यह रही कि यह सिस्टम वास्तव में कार्य कर रहा था। एक बच्चे को दौड़ाया गया व बाल वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित स्टेथोस्कोप कान में लगाने पर धक्क धक्क की आवाज साफ साफ सुनाई दे रही थी। इसके साथ ही बच्चों ने स्वानिर्मित लैंड माइंस का प्रयोग करके दिखाया। छात्र शिवम् विश्वकर्मा, आकाश वर्मा, विनोद, अजीत, विशाल, अंकित मौर्य आदि ने डीसीएम, ट्रक आदि का निर्माण उसे बैटरी द्वारा चला कर दिखाया। कल्ब समन्वयक बलजीत सिंह कनौजिया ने बताया कि इन बच्चों को प्रतिदिन कुछ नया करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस अवसर पर शिक्षक शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, सुरेश कुमार, अमर ज्योति, पूनम यादव, अनुराधा मिश्रा आदि ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।




विज्ञान मॉडल के साथ बच्चे। अमृत विचार

### बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**इटियाथोक, गोंडा:** दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में पति पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। सोमवार को इटियाथोक गोंडा मार्ग पर नये गाँव के ग्राम बादीपुर निवासी मनोज कुमार (28) अपनी पत्नी प्रीति (25) के साथ इटियाथोक बाजार से वापस गांव लौट रहे थे। तभी गोंडा की तरफ से आ रहे हजरतपुर वजीरगंज निवासी नौशाद की बाइक से टकरा गए। हादसे में मनोज कुमार, प्रीति व नौशाद घायल हो गए। घायल प्रीति को नया सोच सेवा समिति के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचा जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मीना मंच के गठन और उद्देश्यों की दी जानकारी

**रुपईडीह, गोंडा:** सेल्फ एस्टीम कार्यक्रम के तहत ब्लाक के 73 विद्यालयों में पावर एंजेल की सशक्तिकरण के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सुगमकर्ताओं का हो रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में संदर्भदाता रामायण प्रसाद मिश्र ने सभी को मीना मंच के गठन व उद्देश्यों को विस्तार से अवगत कराते हुए सुगम कर्ताओं का ग्रुपवार विभाजन कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में संदर्भदाता दुर्गा प्रसाद गुप्त ने प्रगति के पंख की पुस्तक का परिचय देते हुए बताया कि इस पुस्तक को पांच चरणों व 12 सूत्रों में विभाजित किया गया है। बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए मीना मंच का सर्वाधिक महत्व है। अजीत कुमार तिवारी, देव प्रकाश पांडेय, राजेश तिवारी, बालमुकुंद पांडेय, हरिशंकर शुक्ल, दीपक कश्यप, सुमन मौर्य, देवेश रंजन, राजदार अहमद, देवानंदन तिवारी, जितेंद्र मिश्र, आशा मिश्र, मोहम्मद शफीक, पूनम द्विवेदी, रजनी सिंह, रतना पांडेय, मालती तिवारी, राजीव वर्मा, आशा दुबे, पूनम मिश्र, सुशील तिवारी, विवेक पाठक, हीरालाल, नीलम तिवारी, सीमा मिश्र, स्वामीनाथ मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## सुलेख में सैफअली, प्रिया अव्वल

**खरगूपुर, गोंडा:** खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सफल प्रतिभागियों व कार्यक्रम में भाग लेने वाले 50 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। खरगूपुर क्षेत्र के दयाराम पाठक मेमोरियल स्कूल पृथ्वीनाथ में सुलेख, कबड्डी, दौड़, कला, खो-खो व सामान्य ज्ञान आदि पांच दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें अंग्रेजी विषय के सुलेख प्रतियोगिता में सैफ अली प्रथम, प्रिया शुक्ला द्वितीय, खुशी शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी में शुभी ओझा प्रथम, मोहिनी शुक्ला द्वितीय, प्रिया शुक्ला को तृतीय स्थान मिला। कला में सैफ अली प्रथम, गुंजन शुक्ला द्वितीय, शुभी ओझा को तृतीय स्थान मिला। सामान्य ज्ञान में सरदार पटेल और भगत सिंह की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें भगत सिंह की टीम छः पॉइंट से सफल हुई।



प्रतियोगिता में सम्मान के साथ विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार

कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कों की टीम में दयानंद सरस्वती व एपीजे अब्दुल कलाम की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें एपीजे अब्दुल कलाम की टीम ने चार पॉइंट से जीत दर्ज की। छात्राओं में मदर टेरेसा और साबित्री बाई फुले की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें मदर टेरेसा की टीम ने पांच पॉइंट से जीत दर्ज की। दौड़ में छात्राओं की टीम में बिंदु मौर्य प्रथम, करिश्मा द्वितीय व रोशनी तृतीय रहीं।

## गलत सूचना से नए बसों के आवंटन में आई बाधा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** रोडवेज के गोंडा डिपो में 65 निगम की और 35 अनुबंधित सेवा की कुल सौ बसों का ऑन रूट संचालन किया जा रहा है। लेकिन परिवहन विभाग की वेबसाइट पर डिपो से 126 बसों के संचालन किए जाने की सूचना डिस्प्ले हो रही है।

एआरएम ने एआरटीओ को पत्र लिखकर इस भ्रामक सूचना को संशोधित किए जाने की मांग की है। गोंडा डिपो के एआरएम कपिल देव ने बताया कि संचालन से 15 वर्ष से अधिक आयु पूरी कर चुके वाहनों को कबाड़ घोषित कर दिए जाने का नियम है। डिपो की ऐसी 26 बसों को काफी पहले ही स्क्रैप मे भेजा जा चुका है। इसके बावजूद आरटीओ की वेबसाइट मे अभी भी 126 बसों के संचालन की सूचना दिखा रहा है।

बताया कि इस भ्रामक सूचना के चलते मुख्यालय से डिपो को नई बसों का आवंटन नहीं किया जा रहा है जबकि बसों की अभी आवश्यकता है। इसे लेकर एआरटीओ को पत्र लिखा गया है।

उधर एआरटीओ बबिता वर्मा नेबताया कि अभी उन्हें इसकी जनकारी नहीं है। पत्र मिलते ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## गल्ला मंडी में बंदरों से दहशत

**गोंडा कार्यालय:** बहराइच रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में बंदरों का आतंक है। बंदर व्यापारियों के गोदाम में रखें खाद्यान्न की बोरियों को फाड़कर खाद्यान्न खा जाते हैं। मंडी के व्यापारियों ने बंदरों से निजात दिलाने के लिए मंडी सचिव से कई बार गुहार लगाई है। बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में करीब 300 से अधिक लाइसेंसी व्यापारी खाद्यान्न से जुड़ा व्यापार करते हैं।

मंडी के व्यापारी गेहूं, धान, चावल, खली, सरसों, मटर, मक्का आदि के व्यवसाय से जुड़े हैं। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक खाद्यान्न आता और जाता है। दो माह से मंडी परिसर में सैकड़ों की संख्या में बंदर आ गए हैं। गोदाम में रखे खाद्यान्नों को बंदर अपना निवाला बना रहे हैं। बंदरों से निजात दिलाने को लेकर मंडी सचिव से वार्ता भी की लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया।



मंडी की सड़क पर बंदरों का झुंड। अमृत विचार

व्यापारियों का कहना है कि पहले से ही मंडी में संसाधन का अभाव है ऐसे में बंदरों के आ जाने से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वही जब इस समस्या के बाबत मंडी सचिव मुकेश जयसवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मंडी परिसर में काफी संख्या में बंदर आ गए हैं जो उत्पात मचा रहे हैं। बंदर से निजात दिलाने के लिए कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। जल्द ही उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

उपलब्धि

**29 फरवरी को हो रहा है धान खरीद सत्र का समापन, लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 95 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है खरीद**

# अब तक 21375 .16 लाख रुपये किसानों का हुआ भुगतान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिन अन्नदाताओं ने अपने धान को सरकारी क्रय केंद्र पर बेचा था उनमें से 98 फ़ीसदी का भुगतान खाते में पहुंच चुका है। विभाग ने अब तक 21375.16लाख रुपये का भुगतान किया है। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है जल्द ही सभी किसानों का भुगतान कर दिया जाएगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद का अंतिम सप्ताह चल रहा है। ऐसे में अब सरकारी क्रय केंद्र सूने पड़े हैं। केंद्र प्रभारी मिल पर जाकर धान की कुटाई व चावल उतरने की प्रक्रिया में जुट गए हैं। जिले में धान खरीदने के लिए छ एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो लगातार किसानों से धान खरीद कर रही हैं। इन एजेंसियों में खाद्य विभाग, पीएसएफ, यूपीपीसीयू , मंडी समिति तथा भारतीय खाद्य निगम हैं। कुल मिलाकर किसान की उपज खरीदने के लिए पूरे जिले में 125 क्रय केंद्र स्थापित हैं। शासन ने इन एजेंसियों को 105000 मीटरी टन धान खरीदने का लक्ष्य दिया है। अब तक जिले में 100245.449 मीटरी टन की खरीद हो पाई है। जो लक्ष्य के सापेक्ष करीब 95 फीसदी होता है । धान खरीद से जुड़े अफसर लगातार क्रय केंद्र का अवलोकन कर रहे हैं। शासन का स्पष्ट निर्देश है किसानों को मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिले। इसमें किसी भी तरीके की लापरवाही ना हो, जो लक्ष्य जिले को मिला है इसको हर हाल में पूरा किया जाए। ताकि अधिक से अधिक किसान मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठा सकें। धान खरीद से जुड़े अफसर के लिए लेवी चावल को भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने की भी चुनौती है। अधिकारी लगातार मिल पर पहुंचकर धान कुटाई का भी जायजा ले रहे हैं। जो रिकवरी चावल की होनी चाहिए उसको भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने के लिए मिल कर्मियों से लगातार संपर्क में है। अब तक भारतीय खाद्य निगम में कुटाई के सापेक्ष 61018.22 मीटरी टन चावल गोदाम में पहुंच चुका है, जो करीब 97 फ़ीसदी होता है। अवशेष चावल की कुटाई व गोदाम में पहुंचने के लिए अफसर लगे हुए हैं। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है जो भी लक्ष्य शासन ने दिया है उसको पूरा किया जाएगा। सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने को लेकर किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 95 फीसदी से अधिक की खरीदारी हो गई है। जो किसान अपने धान को लेकर सरकारी क्रय केन्द्र पर आ रहे हैं उनका धान खरीदा जा रहा है। धान बेचने को लेकर किसी तरीके की समस्या नहीं है। जो भी किसान अपने उपज को बेचना चाहता है। वह सरकारी क्रय केंद्र पर आए। सभी किसानों का ध्यान हर हाल में खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक कितने किसानों ने अपनी उपज केंद्रों पर भेजी है उनमें से 97 फ़ीसदी का भुगतान कर दिया गया है। शेष भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा है। जल्दी उनके खाते में भुगतान पहुंच जाएगा।



क्रय केंद्र का दृश्य। अमृत विचार

## सातवें दिन राजा परीक्षित के उद्धार की कथा सुनाई

**परसपुर, गोंडा:** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्यौरासी में दुर्गा मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक डॉ संत शरण त्रिपाठी ने राजा परीक्षित की कथा सुनाकर भावविभोर कर दिया।

कथा वाचक द्वारा ने कहा कि भगवान कृष्ण ने उधौ से कहा कि द्वारिका समुद्र में बैठ जाएगी और आप मेरी पादुका लेकर प्रभास क्षेत्र में जाकर तप करें। उद्धव को ज्ञान उपदेश भी किया है। भगवान कृष्ण कहते है कि हमारे पूर्वज महराज यदु ने अवधूत दत्तात्रेय से उनके गुरुओं के बारे में पूछा था जिसमें उन्होंने मधुमक्खी को भी गुरु बना कर इस विषय को बताया था। कि मधुमक्खी जीवन भर मधु का संग्रह करती है किंतु उसका लाभ स्वयं कभी नहीं ले पाती। इसी प्रकार मनुष्य में संग्रह वृत्ति तो होती है किंतु संग्रही मानव उसका लाभ अपने जीवन मे नहीं कर पाता है। कुत्ते को इसलिये गुरु बनाया कि कुत्ता जहाँ भी बैठता है अपने पीछे सफाई कर देता है तब वह उठ कर चलता है। इसके बाद राजा परीक्षित उद्धार की कथा कहते हुए उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने तो अपने को पहले से ही भगवान कृष्ण के पावन लीला में लगा रखा था तक्षक तो केवल ब्राह्मण के शाप को पूर्ण करने आया था।

## एक नजर

### रोजगार पंजीकरण शिविर का किया आयोजन

**इटियाथोक, गोंडा :** एसआईएस के तत्वावधान में सोमवार को विकास खंड परिसर में रोजगार पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। एसआईएस के भर्ती अधिकारी बालकेश ने बताया कि इच्छुक युवाओं का सुरक्षा गार्ड के रूप में चयन किया जाएगा। सोमवार को छह युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया। दो का चयन हुआ। कल भी भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगी।

### आरटीओ की बैठक 11 को

**गोंडा :** परमिट के नवीनीकरण, हस्तांतरण, प्रतिस्थापन और नए परमिट संबंधी मामलों की सुनवाई को लेकर संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 11 मार्च को आयोजित की जाएगी। आरटीओ उमाशंकर यादव ने बताया कि बैठक मंडलायुक्त कार्यालय सभागार कक्ष मे आयोजित की जाएगी।

# 272 स्कूल नहीं दे रहे 1.50 लाख विद्यार्थियों का डाटा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** यू डायस पोर्टल पर बच्चों के डाटा फीडिंग में खंड शिक्षा अधिकारियों की शिथिलता भारी पड़ रही है। लापरवाही के चलते अब तक 272 स्कूलों ने डाटा फीडिंग का काम नहीं प्रारंभ किया है। इन स्कूलों की लापरवाही से 1.50 लाख बच्चों का डाटा नहीं मिल रहा है। इस पर बीएसए ने सख्त रवैया अपनाते हुए सभी 17 खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

भारत सरकार के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का विवरण एक जगह पर इकट्ठा करने के लिये उनका डाटा प्रति वर्ष यू डायस पोर्टल (एकीकृत सूचना



| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DHARMAU | 225 | 29 | 40942 | 30520 | 10422 | 25% | 8104 | 8107 | -3 | 1257 | 905 | 352 | 264 |
| ABGANJ | 263 | 35 | 39161 | 29800 | 9361 | 24% | 7789 | 7904 | -115 | 1979 | 1489 | 490 | 192 |
| NKAPUR | 283 | 41 | 46169 | 35316 | 10853 | 24% | 9131 | 9118 | 13 | 2967 | 2883 | 84 | 333 |
| ZIRGANJ | 268 | 7 | 43211 | 33657 | 9554 | 22% | 8953 | 9001 | -48 | 856 | 739 | 117 | 407 |
| BHANJOT | 238 | 8 | 49894 | 39430 | 10464 | 21% | 10747 | 10746 | 1 | 995 | 995 | 0 | 271 |
| PAIDEEH | 324 | 23 | 53389 | 42601 | 10698 | 20% | 12208 | 12202 | 6 | 699 | 667 | 32 | 320 |
| HAPIA | 291 | 3 | 49517 | 39719 | 9798 | 20% | 11688 | 11666 | 22 | 51 | 0 | 51 | 470 |
| SAR | 374 | 36 | 52078 | 41937 | 10141 | 19% | 9204 | 9259 | -55 | 1623 | 37 | 1586 | 23 |
| JHRI | 403 | 46 | 62803 | 50705 | 12098 | 19% | 11055 | 11194 | -139 | 1658 | 1036 | 622 | 571 |
| NDRI KRIPAL | 175 | 9 | 29199 | 23821 | 5378 | 18% | 5773 | 5760 | 13 | 238 | 238 | 0 | 140 |
| NDA(MUN. CORP.) | 133 | 14 | 20383 | 14812 | 5571 | 18% | 4923 | 4927 | -4 | 1000 | 914 | 86 | 190 |
| WAB GANJ | 209 | 3 | 37821 | 31013 | 6808 | 18% | 8083 | 8024 | 59 | 224 | 21 | 203 | 269 |
| ASPUR | 408 | 13 | 64044 | 52540 | 11504 | 18% | 11608 | 11527 | 81 | 0 | 0 | 0 | 808 |
| JEHNA | 254 | 5 | 39758 | 32784 | 6974 | 18% | 9624 | 9627 | -3 | 67 | 14 | 53 | 177 |
| WABGANJ(MUN.CORP.) | 29 | 0 | 10172 | 8543 | 1629 | 16% | 1332 | 1339 | -7 | 0 | 0 | 0 | 63 |
| LONELGANJ | 253 | 0 | 49421 | 41808 | 7613 | 15% | 10170 | 10156 | 14 | 0 | 0 | 0 | 524 |
| ATHOK | 274 | 0 | 44702 | 38521 | 6181 | 14% | 9702 | 9694 | 8 | 0 | 0 | 0 | 296 |
| RA BAZAR | 256 | 0 | 48449 | 43079 | 5370 | 11% | 9277 | 9230 | 47 | 0 | 0 | 0 | 508 |
| RNELGANJ(M.C.) | 16 | 0 | 6736 | 6116 | 620 | 9% | 1042 | 1041 | 1 | 0 | 0 | 0 | 47 |

फीड कराए गए डाटा का चित्र। अमृत विचार

प्रणाली) पर अपलोड किया जाता है। इसके तहत स्कूल संचालकों को तीन तरह की प्रोफाइल तैयार करनी है। पहली स्कूल प्रोफाइल जिसमें स्कूल के पूरे विवरण के साथ उपलब्ध संसाधनों की जानकारी, स्कूल में कार्यरत शिक्षकों का विवरण व स्कूल में नामांकित बच्चों का पूरा डाटा इस पोर्टल पर अपलोड करना होता है, लेकिन कई स्कूल ऐसे हैं जो इस पोर्टल पर विवरण अपलोड करने में हीला हवाली कर रहे हैं। बीएसए के स्तर से कई बार इन स्कूलों को नोटिस जारी कर इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया लेकिन स्कूल संचालक इसे हर बार दरकिनार कर दे रहे हैं। संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी

> यू डायस पोर्टल पर डाटा फीडिंग न करने वाले 272 स्कूलों को नोटिस जारी कर फीडिंग का काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारियों को भी नोटिस भेजी गई है। 27 फरवरी तक काम पूरा नहीं हुआ तो उत्तरदायित्व तय करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी जायेगी।
>
> **-प्रेमचंद यादव**, बीएसए

भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे है। जिले में संचालित 4695 स्कूलों में से अभी भी 272 स्कूल ऐसे हैं जिन्होंने डाटा फीडिंग का काम ही नहीं प्रारंभ किया है। इस लापरवाही से इन स्कूलों में नामांकित 1.51 लाख बच्चों का डाटा नहीं फीड हो सका है। अफसरों की शिथिलता के कारण स्टेट रैंकिंग में जिला 42 वें स्थान से खिसककर 57 वें स्थान पर पहुंच गया है। बेसिक शिक्षा सचिव ने इस पर नाराजगी जताई है। इस नाराजगी के बाज बीएसए ने सभी 17 खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी कर 27 फरवरी तक इस कार्य को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर कार्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी का उत्तरदायित्व तय किया जायेगा।

**झंझरी व मनकापुर सबसे फिसड्डी:** यू डायस पोर्टल पर डाटा फीडिंग में झंझरी व मनकापुर सबसे फिसड्डी पाए गए हैं। झंझरी में 46 व मनकापुर में 41 स्कूलों ने अभी काम नहीं प्रारंभ किया है। इसके अलावा बेलसर में 36, तरबगंज में 35, हलधरमऊ में 29 व रुपईडीह में 23 स्कूलों ने भी डाटा फीडिंग का काम नहीं शुरू किया है।

**ड्रॉप बॉक्स में पड़े हैं 1.60 लाख छात्र:** यू डायस पोर्टल पर 1.60 लाख छात्र ड्रॉप बॉक्स में पड़े हैं। यह ऐसे छात्र है जो एक स्कूल को छोड़कर दूसरे स्कूल में प्रवेश ले चुके हैं लेकिन पहले वाले स्कूल की तरफ से उनका डाटा दूसरे स्कूल को इंपोर्ट नहीं किया गया है। डाटा इंपोर्ट न होने से इन बच्चों की एंट्री पेंडिंग दिखा रही है। एमआईएस इंचार्ज जगदीश शरन गुप्ता का कहना है इंट्री इंपोर्च न होने से स्टूडेंट ड्रॉप बॉक्स में दिख रहे हैं। यदि इनका डाटा इंपोर्ट नहीं किया जाता तो सरकार की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हो जायेंगे।

### जालसाजी कर लाखों की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय :** वजीरगंज पुलिस ने मेडिकल में दाखिला दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वजीरगंज पुलिस को विनोद कुमार सिंह पुत्र दलथम्मन सिंह निवासी देवीपुर अजबनगर ने थाना वजीरगंज में तहरीर दी थी कि उनका बेटा नीट की परीक्षा दिया था और एमबीबीएस करना चाहता था। दिलीप कुमार पुत्र सहज राम निवासी राजा राममोहन राय पराग डेयरी जिप लिंग रोड तथा सिद्धार्थ तिवारी पुत्र संजय तिवारी इस्माईलगंज फैजाबाद रोड लखनऊ व उनके सहयोगियों ने डायरेक्टर हेड काउंसलर आदि नाम का परिचय देकर दयानंद मेडिकल कॉलेज लुधियाना में एडमिशन दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज देकर प्रार्थी से 12,50,000 रुपये की ठगी की थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज में संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज हुआ था तथा विवेचना उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार को सुपुर्द की गयी थी।

# हड़कंप:एसआईटी के शिकंजे में 700 शिक्षक

## 28 एडेड स्कूलों पर हुई कार्रवाई, बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर मांगे भर्ती से संबंधित प्रपत्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग से सहायता प्राप्त जिले के 28 एडेड स्कूलों में कार्यरत करीब 700 शिक्षक एसआईटी के शिकंजे में फंस गए हैं। शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़े की जांच कर रही एजेंसी ने इन सभी शिक्षकों के भर्ती से संबंधित अभिलेख तलब किए हैं। बीएसए ने सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर प्रपत्रों को जमा करने का निर्देश दिया है। इस नोटिस के बाद इन स्कूलों के प्रबंधकों और शिक्षकों में हड़कंप मचा है।

बेसिक शिक्षा विभाग से सहायता प्राप्त एण्ड स्कूलों नें शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों की भर्ती हमेशा से विवादों के घेरे में रही है। इन स्कूलों में भर्ती नियमों को ताक पर रखकर की जाती रही हैं। इसके बाकायदा एक गिरोह काम करता है जो नियुक्ति से लेकर वेतन दिलाने तक की जिम्मेदारी लेता है और बदले में नौकरी पाने वाले से मोटी रकम वसूल करता है। नौकरी दिलाने से पहले बाकायदा यह तय कर लिया जाता है कि भर्ती होने के बाद जो एरियर मिलेगा वह भर्ती कराने वाले का होगा। नौकरी पाने के लालच मे लोग तैयार हो जाते हैं और यह गिरोह कई साल पहले की भर्ती दिखाकर वेतन के साथ साथ एरियर का भी भुगतान करा देता है। बाद में एरियर से मिली रकम गिरोह के सदस्य आपस में बांट लेते हैं। इसमें लेखा कार्यालय से लेकर बीएसए कार्यालय तक के लोगों का हिस्सा होता है। जिले मे पिछले दो दशक से यह खेल धड़ल्ले से चल रहा है लेकिन कोई भी अधिकारी इन सफेदपोश लोगों पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पाता।

अगर विभाग के किसी अफसर ने इनके खेल में शामिल होने से इंकार किया तो फिर उसका तबादला करा दिया जाता है। वर्तमान में 28 स्कूल ऐसे हैं जो बेसिक शिक्षा विभाग से सहायता प्राप्त हैं। इन स्कूलों में करीब 700 शिक्षकों की तैनाती बताई जाती है। इनमें से कई शिक्षक तो ऐसे हैं जिन्हे अपने तैनाती वाले इस स्कूल की जानकारी ही नहीं है लेकिन उन्हे वेतन बराबर मिल रहा है। लेखा विभाग में कार्यरत एक लिपिक ने तो अपने पूरे परिवार को शिक्षक के पद पर तैनाती दिला रखी है। इस पूरे भर्ती फर्जीवाड़े की शिकायत शासन स्तर पर हुई थी। इसके बाद सरकार मे इसके जांच की जिम्मेदारी एसआईटी को सौंपी है। एसआईटी पिछले दो साल से इस फर्जीवाड़े की जांच कर रही है। अब जाकर जांच एजेंसी ने बीएसए से भर्ती से संबंधित अभिलेख तलब किया है। एसआईटी का पत्र मिलने के बाद बीएसए ने सभी एडेड स्कूलों को नोटिस जारी कर शैक्षिक अभिलेखों के साथ भर्ती के समय स्कूल में रिक्तियों का विवरण, विज्ञापन, नियुक्ति, प्रथम वेतन आहरण जैसे कई प्रपत्र स्कूल प्रबंधकों से मांगा है। इस नोटिस के बाद इन स्कूलों के प्रबंधकों और शिक्षकों में हड़कंप मचा है।

### इन स्कूलों को दी है नोटिस

- भैया चंद्रभान दत्त स्मारक लघु माध्यमिक विद्यालय रामपुर टेंगरहा
- पंडित बृजभूषण मिश्रा स्मारक लघु माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर
- भैया भगवती प्रसाद लघु माध्यमिक विद्यालय शाहपुर
- जनता लघु माध्यमिक विद्यालय सर्वांगपुर विवेकानंद लघु माध्यमिक विद्यालय करनैलगंज, गयादीन लघु माध्यमिक विद्यालय प्रहलादगंज
- सूकर खेत लघु माध्यमिक विद्यालय परसपुर
- श्री पराशर ऋषि लघु माध्यमिक विद्यालय परास
- श्री अयोध्या प्रसाद बच्चूलाल लघु माध्यमिक विद्यालय बनगांव तरबगंज
- श्री सर्वांग ऋषि लघु माध्यमिक विद्यालय सरांवा, धनौली तरबगंज
- महाशाह बिसेन लघु माध्यमिक विद्यालय सुसेला
- श्री दयानंद वैदिक लघु माध्यमिक विद्यालय वजीरगंज
- कन्हैया बक्स सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय मधवापुर पिपरी
- देहातीय लघु माध्यमिक विद्यालय देवरिया अलावल
- बंशीधर किसान लघु माध्यमिक विद्यालय तामापार जनता लघु माध्यमिक विद्यालय पायर खास, छपिया
- दीनदयाल लघु माध्यमिक विद्यालय निपनिया गौरा चौकी
- श्री घिसाई राम कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय केशवनगर ग्रंट
- जनता लघु माध्यमिक विद्यालय गाज़ीपुर
- श्री बालक भगवान लघु माध्यमिक विद्यालय भटपुरवा बिशुनपुर
- किसान लघु माध्यमिक विद्यालय कोटखास छपिया
- श्री घमंडीराम शास्त्री लघु माध्यमिक विद्यालय रामदत्तपुर छपिया
- नन्हे सिंह किसान लघु माध्यमिक विद्यालय बेलहरी छपिया
- आरपी किसान लघु माध्यमिक विद्यालय मंडफ छपिया
- अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी लघु माध्यमिक विद्यालय पोर्टरगंज

### मांगें गए हैं ये अभिलेख

- अध्यापकों में कर्मचारियों की नियुक्ति पत्रावली
- विज्ञापन की अनुमति
- विज्ञापन कटिंग समाचार पत्र का नाम व तिथि सहित
- डिस्पैच पंजिका
- वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा प्राप्त वित्तीय सहमति पत्र
- परिवीक्षा नियुक्ति पत्र
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त वित्तीय अनुमोदन
- वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा भुगतान का आदेश जो प्रबंध तंत्र को प्रथम वेतन के पूर्व दिया गया हो।



> एसआईटी के पत्र के क्रम में एडेड स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है। स्कूल प्रबंधक से उनके यहां कार्यरत शिक्षकों का शैक्षिक अभिलेख, भर्ती के समय स्कूल में रिक्तियों का विवरण, विज्ञापन, नियुक्ति, प्रथम वेतन आहरण जैसे कई प्रपत्र स्कूल प्रबंधकों से मांगे गये है।
>
> **-प्रेमचंद यादव**, बीएसए

# फंदे से लटकता मिला छात्रा का शव

**गोंडा कार्यालय:** बरियार पुरवा में सोमवार को हाईस्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता पाया गया। छात्रा का शव मिलने की सूचना पर सीओ ने घटनास्थल का मुआयना किया। नगर कोतवाली पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद छात्रा की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

भैरमपुर पहाड़ापुर गांव के रहने वाले संजय मिश्रा का परिवार बरियारपुरवा मकार्थी गंज स्थित वेद प्रकाश सोनी के मकान में किराए पर रहता है। संजय रोजी रोटी के सिलसिले में पंजाब प्रांत के अंबाला में रहते हैं जबकि उनकी पत्नी लक्ष्मी



घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़।

व बेटी निधि (16) यहां थी। निधि शहर के ही एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। इस समय उसकी परीक्षा चल रही थी। मंगलवार को उसका गणित का पेपर था और वह इसकी तैयारी में जुटी थी। लक्ष्मी का कहना है कि वह सोमवार को किसी काम से बाहर गई थी। लौटी तो निधि का शव कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। बेटी को फंदे से लटका देख वह अवाक रह गई। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और घटना की सूचना पुलिस को दी। क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह व नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। सीओ की मौजूदगी में शव को नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। पुलिस का मानना है की छात्रा ने परीक्षा के दबाव के चलते इस तरह का कदम उठाया है। हालांकि सीओ ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मृतका के परिवार की तरफ से भी इस संबंध में अभी किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## व्यापारियों को किया गया सम्मानित

**गोंडा कार्यालय:** सोमवार को राज्य कर विभाग के 76 वें स्थापना दिवस के मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। अधिकारियों व अधिवक्ताओं के मध्य बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसके बाद राज्य कर भवन के मीटिंग हाल में विभिन्न श्रेणियां के अंतर्गत सर्वाधिक कर जमा करने वाले व्यापारियों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सार-संक्षेप

### स्मार्टफोन पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे



स्मार्ट फोन के साथ बच्चे। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा :** तहसील क्षेत्र के भंभुआ में स्थित उमेश्वर प्रताप सिंह स्मारक किसान महाविद्यालय में सोमवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत 40 छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन वितरित किया गया। इस दौरान नि :शुल्क स्मार्ट फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष धर्म वीर सिंह रहे। उन्होंने ने कहा कि इस संचार उपकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्व भर की शैक्षिक संस्थाओं की पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में सहुलियत मिलेगी। इस मौके पर प्राचार्य चंद्रेश्वर मिश्र व शिक्षकगण मौजूद रहे।

### रामजी अध्यक्ष, लल्लन कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित

**बेलसर, गोंडा :** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन का चुनाव सोमवार को निर्वाचन अधिकारी संदीप मौर्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसमें रामजी अध्यक्ष, लल्लन कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पवन कुमार उपाध्यक्ष, अमित कुमार सचिव, पंचम लाल संगठन सचिव, प्रतीक गुप्ता वित्त सचिव, संतोष कुमार सिंह प्रचार सचिव, राहुल सिंह लेखा निरीक्षक, निर्वाचित हुए।

### इंडियन बैंक ने किया वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



जानकारी देते अधिकारी।

**परसपुर, गोंडा :** आरबीआई के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत इंडियन बैंक की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इंडियन बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह 26 फरवरी से 3 मार्च तक मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में सोमवार को विकास क्षेत्र के मलावं गांव में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इंडियन बैंक ग्रामीण विकास ट्रस्ट के परामर्शदाता जयराम सुमन ने वित्तीय योजनाओं के बारे में लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी देते हुए सायबर अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने आर्थिक व वित्तीय स्थिति में सामंजस्य बनाये रखने के लिए वित्तीय क्रेडिट अच्छी रखने पर बल दिया।

### सघन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों के काटे चालान

**करनैलगंज, गोंडा :** सोमवार को एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गोंडा-लखनऊ मार्ग हुजूरपुर मोड़ पर कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल ने सघन चेकिंग अभियान चलाया और हेलमेट न लगाने वाले, बिना कागज तथा ट्रिपल राइडिंग घूमने वाले 21 वाहनों के 57 हजार रूपये का चालान किया गया। दूसरी तरफ कोतवाली क्षेत्र के भंम्भुआ पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप ने नौ वाहनों के 11 हजार पांच सौ रुपये चालान काटे। बालपुर चौकी प्रभारी आलोक राव ने पांच वाहनों के चालान किये।

### एबीवीपी ने परिसर चलो अभियान की शुरुआत की

**परसपुर, गोंडा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से परिसर चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। कौशल विकास कोचिंग संस्थान में अभाविप के विभाग संगठन मंत्री नगर अध्यक्ष उमंग सिंह, नगर मंत्री अजय तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य वक्ता प्रखर मिश्रा ने कहा कि परिसर चलो अभियान एक जन आंदोलन है। इसको दो चरणों में 10+2 के विद्यार्थी से लेकर विश्वविद्यालय परिसरों में अध्ययनरत छात्रों के मध्य वर्ष भर चलने की योजना है। प्रथम चरण में छात्र संवाद, छात्र संसद प्रेरक उद्बोधनों, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की परिसर के प्रति रुचि बढ़ाने एवं परिसरों में छात्रसंघ विद्यालय में प्रायोगिक कक्षाएं तथा कला खेल सेवा और पर्यावरण संबंधी प्रकल्प की शुरुआत से परिसर में सकारात्मक माहौल बनाने पर जोर दिया जाएगा। द्वितीय चरण में शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों से संवाद कर इसी दिशा में कार्य कर परिषद को जीवंत बनाने, रोजगार सृजन का केंद्र बनाने एवं परिसर पुरुष बनाने के लिए कैंटीन, खेल प्रांगण तथा छात्र कल्याण केंद्र प्रदेश की व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

### सर्वाधिक टैक्स चुकाने पर किया गया सम्मानित

**गोंडा :** कृषि यंत्रों का निर्माण करने वाली जिले की पंजाब इंजीनियरिंग वर्क्स कंपनी को सर्वाधिक टैक्स चुकाने पर सेल टैक्स विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। निर्माण कैटेगरी में कंपनी को पहला स्थान मिला है। गोंडा संभाग के संयुक्त आयुक्त कार्यपालक अजय कुमार लाल के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंजाब इंजीनियरिंग वर्क्स ने निर्माण क्षेत्र की श्रेणी में सर्वाधिक 96 .68 लाख का टैक्स चुका राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है। इस उपलब्धि के लिए सोमवार को कार्यालय भवन में समारोह का आयोजन कर पंजाब इंजीनियरिंग वर्क्स रगड़गंज बाजार के प्रोपराइटर ओंकार सिंह व रवींद्रनाथ पांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# महिला के हत्यारे चचेरे भाइयों को उम्रकैद

**गोंडा कार्यालय:** दो साल पहले एक महिला की हत्या कर उसका छिपाने वाले दो आरोपियों को अदालत ने दोषी ठहराते हुये आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 43-43 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। 13 फरवरी वर्ष 2021 को करनैलगंज के कटरा घाट के समीप झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। पुलिस ने इस मामले में बाराबंकी जिले के अजीमनगर जहांगीराबाद के रहने वाले इस्माइल पुत्र इनायत अली तथा उसके चचेरे भाई इरफान पुत्र इशहाक निवासी गौरी बनयानी थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद दोनों के खिलाफ हत्या व शव छिपाने की चार्जशीट दाखिल की थी। शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ला, मॉनिटरिंग सेल व थाना करनैलगंज के पैरोकार की तरफ से मामले की पैरवी की जा रही थी। इस पैरवी के फलस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने इस्माइल व इरफान को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनो पर 43-43 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### बच्चों ने प्रस्तुत किया जन जागरूकता कार्यक्रम

**करनैलगंज, गोंडा :** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास शिलान्यास व उद्घाटन का कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ। जन जागरूकता का संदेश कार्यक्रम कटरा बाजार विधानसभा में राजपुर गेवाड़ पुरवा में हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से परितोष मिश्रा प्रधान एवं कन्हैया लाल वर्मा महामंत्री भाजपा तथा राम मिलन वाणिज्य अधीक्षक ने अतिथियों का रेलवे विभाग द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के बच्चों ने निबंध एवं आर्ट कला के माध्यम से पर्यावरण, जल, विकसित भारत का चित्रण प्रतियोगिता में प्रोत्साहन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया गया।

# आठ एएनएम का वेतन अटका

**मनकापुर, गोंडा:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में कार्यरत आठ एएनएम का चार महीने का वेतन कमीशनखोरी में फंस गया है। तमाम कवायद के बावजूद विभागीय बाबू व अधिकारी बिना कमीशन वेतन रिलीज करने को तैयार नहीं है। बकाया वेतन की मांग को लेकर एएनएम अस्पताल से लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय तक का चक्कर काट रही हैं।

अंजनी शुक्ला, उर्मिला शुक्ला, शशि किरन सिंह, शकुंतला सिंह, इन्दु देवी, शशि पान्डेय, कंचन देव व रचना वर्मा मनकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम के पद पर कार्यरत हैं। बीते सितंबर माह में इन सभी का तबादला खरगूपुर कर दिया गया था। इस स्थानांतरण




के खिलाफ इन सभी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग की थी। हालांकि इस दौरान सभी एएनएम अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करते हुए कार्य करती रही। बाद में कोर्ट ने तबादला निरस्त किया तो यह सभी फिर से मनकापुर पहुंच गयीं। इस दौड़ भाग में इन सभी का वेतन फंस गया। वापसी के बाद विभाग ने उन्हें जनवरी महीने का वेतन तो दे दिया लेकिन सितंबर से यह दिसंबर तक का वेतन भुगतान नहीं हो सका। आरोप लगाया कि वेतन भुगतान के लिए कमीशन की मांगी जा रही है। वेतन के लिए कर्मचारी सीएचसी अधीक्षक से लेकर सीएमओ कार्यालय तक का चक्कर लगा रहीं हैं। इस बाबत जब चिकित्सा अधीक्षक एस एन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तबादला होने के बाद इन एएनएम का एलपीसी खरगूपुर नहीं गया। जिससे इनका वेतन नहीं मिल पाया। वेतन भुगतान खरगूपुर से हो या मनकापुर से इस संबंध में सीएमओ से पत्राचार कर राय मांगी गयी है। जल्द ही इन सभी को बकाया वेतन मिल जाएगा। वेतन के बदले कमीशन मांगे जाने को उन्होंने निराधार बताया है।

# रवि और पूजा सबसे तेज दौड़े

**तरबगंज, गोंडा:** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजा देवी बक्श सिंह अवधराज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह में किया गया। जिसमें महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य केदारनाथ मिश्रा व प्राध्यापक जेपी मिश्रा ने किया। छात्राओं ने मुख्य अतिथि प्राचार्य को स्मृति चिन्ह देकर बैच लगाकर सम्मानित किया। अध्यक्षता राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी व संचालन अनुराग सिंह ने किया। पुरुष वर्ग में दौड़ में रवि कुमार प्रथम, अनूप मिश्रा द्वितीय, बालिका वर्ग में पूजा साहनी व ईशा सिंह अव्वल रहीं। आरडीबीएस पीजी कॉलेज डुमरियाडीह विजेता रही। खो खो बालिका वर्ग में बनघुसरा की टीम विजेता रही। उपविजेता राजेन्द्र नाथ इण्टर कॉलेज रही। राज्य प्रशिक्षक रजनीकांत तिवारी ने युवाओं को नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवाओं के उत्थान के लिए चलाए जा रहे गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यूथ लीडर सूरज गुप्ता ने खेल का महत्व बताया।

### दौड़ में ज्योति प्रथम, मोहिनी द्वितीय व महिमा रहीं तृतीय

**रुपईडीह, गोंडा :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में भगवती प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज पिपरा चौबे में दो दिवसीय खेल-कूद स्पर्धा आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के कोऑर्डिनेटर लव कुमार चतुर्वेदी व राधे फाउंडेशन के अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने किया। प्रतियोगिता में दौड़ के बालिका संवर्ग में ज्योति तिवारी ने प्रथम, मोहिनी चौहान ने द्वितीय स्थान एवं महिमा विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक संवर्ग में रमन मिश्र ने प्रथम, हेमंत मौर्य ने द्वितीय एवं नीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल मैच में जहाँ हेमंत मौर्य की टीम को प्रथम स्थान तथा इरफ़ान सिद्दीकी की टीम को द्वितीय स्थान, वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में हेमंत मौर्य की टीम को प्रथम स्थान तथा रमन मिश्र की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। खो-खो में काजल चतुर्वेदी की टीम को प्रथम स्थान व नीलम पांडेय की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कोऑर्डिनेटर लव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर निशा पांडेय, विजय कुमार चतुर्वेदी, मनीषा मिश्र, श्रद्धा तिवारी, ज्योति चतुर्वेदी, साक्षी द्विवेदी आदि रहीं।

## टीकाकरण में सहयोग का निर्देश

**गोंडा कार्यालय:** स्वास्थ्य महकमे के तमाम प्रयासों के बावजूद टीकाकरण अभियान परवान नहीं चढ़ पा रहा है। प्रतिरोधी परिवार टीकाकरण में बाधक बने हैं। इस अड़ंगे से जिले के 55 गांवों के 3244 बच्चों का टीकाकरण नहीं हो सका है। सीडीओ ने टीकाकरण में सहयोग के लिए डीएसओ को आदेश देते हुए कहा है कि संबंधित गांव में जाकर पूर्ति निरीक्षक प्रतिरोधी परिवारों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। आदेश के क्रम में सभी पूर्ति निरीक्षकों को डीएसओ ने टीकाकरण में सहयोग का निर्देश दिया है। जनपद के कई ब्लॉकों के गांव में टीकाकरण सही तरीके से नहीं हो पा रहा है।

# छूटी नौकरी तो महिला आरक्षी ने अपने वेतन से दिया सहारा

**बेलसर, गोंडा:** तरबगंज थाने के रगड़गंज चौकी पर तैनात महिला आरक्षी साधना यादव गरीब, असहाय लोगों के साथ ऐसे लोगों की मदद कर रही है जिनमें आगे बढ़ने का जज्बा है। रायबरेली की रहने वाली साधना एक साधारण किसान परिवार से हैं। उनकी खुद की पढ़ाई भी इंटर पास करने के बाद मिले कन्या धन के 20 हजार से पूरी हुई। साधना ने बताया कि उसे उस समय यदि यह सहायता न मिलती तो उसकी न तो शिक्षा पूरी हो पाती न ही जॉब में आती। अब वह चाहती हैं कि हर उस बेटी की मदद हो जो आगे बढ़ना चाहती है। महिला आरक्षी साधना ने एसपी कार्यालय गई



एसपी आफिस परिसर में 50 हजार का चेक देती आरक्षी साधना यादव।

हुई थीं। उन्हें एक परिचित गायत्री तिवारी ने इटियाथोक से फोन किया कि उनकी साइबर कैफे की नौकरी छूट गई है। महिला आरक्षी ने कहा अब वह खुद का कैफे खोल दे। इसके लिए वह सहायता करने के लिए तैयार है। गायत्री को साधना ने पचास हजार का चेक दे दिया।

## एक नजर

### मारपीट मामले में चार को नामजद कर केस दर्ज

**बहराइच, संवाददाता :** जोशियापुरा टूटे बाबा मंदिर परिसर मे शुक्रवार शाम युवक पर हमला कर मारपीट मामले में केस दर्ज कराया है। तीन नामजद किए गए है। नगर कोतवाली के धनकुट्टीपुरा निवासी रितिक गुप्ता पुत्र कुंदन लाल शुक्रवार शाम टूटे बाबा मंदिर परिसर में खड़ा था। इसी दौरान प्रेम जोशी, अमित जोशी, रज्जो जोशी व चार पांच अन्य लोग पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। रितिक के ऐतराज़ करने पर हमलावरों ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे कोतवाली लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल कालेज भेज दिया है। कोतवाल देहात बृजेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद व चार अज्ञात के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है।

### होर्डिंग्स व बैनर लगाने पर लगेगा अर्थ दण्ड

**बहराइच :** नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थापित स्ट्रीट लाईट पोलों पर नगरपालिका परिषद, बहराइच द्वारा तिरंगा लाईटें लगायी गई है। ईओ ने बताया कि स्ट्रीट लाईट पोलों पर जनसामान्य, विभिन्न फर्मों, एजेन्सियों एवं संगठनों द्वारा होर्डिंग्स एवं बैनर लगाने से प्राय: तिरंगा लाईटें खराब हो जाता है। ईओ ने बताया कि नगर पालिका परिषद बहराइच क्षेत्रान्तर्गत स्ट्रीट लाईट पोल पर होर्डिंग्स, बैनर लगाने वाले व्यक्तियों, फर्मों एवं एलेन्सियों से पांच हजार रूपये का अर्थ दण्ड वसूल किया जायेगा।

### हादसे से नाराज लोगों ने चालक को खंभे से बांध पीटा

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के बेरिया गांव के निकट रविवार को बाइक और पिक अप वाहन की टक्कर में बाइक सवार की मौत से ग्रामीण नाराज हो गए। सभी ने चालक को खंभे से बांधकर पिटाई शुरू कर दी। पुलिस के आने पर उसे मुक्त कराया जा सका।

# मूक-बधिर खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

**संवाददाता, बहराइच**



खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में बहराइच महोत्सव के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में 25 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाली 03 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय ने भाजपा महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अधि.अभि. यूपी सिडको घनश्याम बिरला, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्राची पवार के साथ संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के प्रथम दिन एथलेटिक्स जैवलिन बालक वर्ग में विशाल, अनुराग व सोनू, बालिका वर्ग में रजनी, सोनाली व लक्ष्मी, लम्बीकूद बालक वर्ग में गुलशन, संजय कुमार व विशाल, बालिका वर्ग में प्रथम आस्था, श्वेता व प्राची, डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में विशाल, अमरदीप व गंगेश व बालिका वर्ग में सोनाली, आस्था व प्राची ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। पिट्ठू दौड़ में बालिका वर्ग में शिवानी व सनम ने प्रथम, श्वेता व काजल ने द्वितीय तथा कविता व वर्षा ने तृतय स्थान प्राप्त किया। फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेलो इण्डिया टीम बनाम महराज सिंह इण्टर कॉलेज के मध्य खेला जायेगा। प्रतियोगिता के आयोजन में उप क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक कुमार, जीवन रक्षक रोहित सिंह, वीरेन्द्र पाल सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, कुशुमेन्द्र कुमार सिंह, सन्तोष कुमार सिंह, विनोद यादव, सतपाल यादव, सुभाषचन्द्र वर्मा, फुटबाल प्रशिक्षक राकेश पासवान, हॉकी प्रशिक्षक आरिफ, फुटबाल खेलो इण्डिया प्रशिक्षक विनोद कुमार, सानू, विजय शंकर, सुशील कुमार राय द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर बाबा सुन्दर दास मूकबधिर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर बलमीत कौर, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह, जिला बॉक्सिंग संघ बहराइच के सचिव कैलाश चन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के अन्त में अनुपमा धानुक उप क्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक ने आभार जताया।

## सांड के हमले में महिला की मौत

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के माधवपुरवा गांव निवासी एक महिला पर सोमवार सुबह सांड ने हमला कर दिया। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर महिला के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करेहना के मजरा माधवपुरवा निवासी राम दुलारी (53) पत्नी शोभाराम सोमवार दोपहर में अपने घर के बगल में खेत को गई थी। तभी अचानक आवारा सांड ने हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। पति शोभाराम व गांव के प्रधान कृष्ण कुमार पांडेय ने आनन-फानन में महिला को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली नगर की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### रविदास जयंती पर कवि सम्मलेन का आयोजन

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के छावनी बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर संत शिरोमणि रविदास की जयन्ती मनाई। पूजा आरती की गई, भजन गाये गए और राधाकृष्ण पाठक की अध्यक्षता तथा रमेश चन्द्र तिवारी के संचालन में संत शिरोमणिं रविदास के जीवन पर आधारित काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। देश के महान संतों में उच्च स्थान प्राप्त संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पाठक ने कहा : 'सन तेरह सौ सतहत्तर में जन्में श्री रविदास, मुक्त क्षेत्र वाराणसी करते वही निवास। धर्म-कर्म के बीच समन्वय सदा बनाते, तभी भक्त रविदास शिरोमणि संत कहाते। अन्त: करण में ज्ञान की ज्योति जला के देख। विमलेश जायसवाल 'विमल' ने पढ़ा कूड़े से एक परित्यक्त शिशु को उठाते देखा, उस दिन मुझे धर्म की परिभाषा मिल गई।' प्रेम जालान ने पढ़ा गुरुवर कृपा निधान, तुम हो करुणा के भण्डार। इसके अलावा अन्य कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

### रत्नापुर में सड़क जाम कर किसानों ने किया प्रदर्शन



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** हरियाणा-दिल्ली सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में सोमवार को जिले के किसानों ने रतनापुर के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सोनवा थाना क्षेत्र के भिनगा बहराइच मार्ग पर संयुक्त किसान मोर्चा यूनियन की तरफ से रतनापुर से दिकौली तक दर्जनों ट्रैक्टर के साथ किसानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सरकार व किसान यूनियन के मध्य मंगलवार को विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैट के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। यदि बातचीत से हल नही निकलेगा और सरकार हमारी मांगों को नही मानेगी तो हम ट्रैक्टर से ही दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शन दो दिनों तक चलेगा। किसानों के सड़क जाम करने से आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रतनापुर से दिकौली तक दर्जनों ट्रैक्टरों की लाइन लगी रही। इस मौके पर दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### अकीदत के साथ मना शब-ए-बरात का त्योहार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** शब-ए-बरात का त्योहार रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। देर शाम मुसलमानों ने मजारों पर जाकर इबादत की। अपने पूर्वजों को याद किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने विभिन्न इलाकों में कब्रिस्तानों में पहुंच कर पूर्वजों को याद किया। भिनगा, इकौना, भंगहा, सिरसिया, लक्ष्मनपुर बाजार मे मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। इस्लाम धर्म के जानकार मौलाना खुर्शीद अहमद बताते हैं कि शब-ए-बरात की रात अल्लाह की रहमत बरसती है। मुसलमान रात भर जागकर कुरान की तिलावत करते हैं। अल्लाह से गुनाहों से माफी मांगते हैं। दुनिया से रुख्सत हो चुके लोगों के लिए मगफिरत के लिए दुआ करते हैं। बंदों की दुआओं को अल्लाह कबूल करते हैं। वही मौलाना मेराज अहमद बताते है कि शाबान के इस महीने में शब-ए-बरात की रात अल्लाह अपनी पूरी रहमत, बरकत, अजमत देता है और गुनाहों की माफी देता है। इसलिए वह लोग खुशकिस्मत हैं जो शब-ए-बरात में कसरत के साथ इबादत करते हैं और रोजे रखते हैं।

### अपहृता बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सिरसिया भानु प्रताप सिंह ने पुलिस टीम के साथ सोमवार को भिनगा-लक्ष्मनपुर मार्ग से अपहरण के आरोपी सोनू प्रजापति पुत्र धनीराम प्रजापति नि0 दलपतिपुर थाना ललिया जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया। साथ ही अपहृता को मुखबिर की सूचना पर सकुशल बरामद कर लिया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक रामबहादुर यादव, गिरिजेश यादव व काजल शामिल रही।

# करंट लगने से श्रमिक की मौत

## टेंट निकालते समय एचटी लाइन से पाइप छू जाने से हुआ हादसा

**बहराइच**



करंट लगने से मौत के बाद अस्पताल में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के फरदा सुमेरपुर गांव में आयोजित वैवाहिक समारोह के बाद सोमवार को श्रमिक टेंट उखाड़ रहे थे। तभी लोहे की पाइप लाइन एचटी लाइन से छू गई। जिसकी चपेट में दो श्रमिक आ गए। एक श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक श्रमिक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरदा सुमेरपुर गांव निवासी एक ग्रामीण के यहा रविवार को वैवाहिक कार्यक्रम था। जिसमें टेंट लगा था। सोमवार सुबह वैवाहिक कार्यक्रम होने के बाद श्रमिक टेंट निकल रहे थे। टेंट निकालने में राम गांव थाना क्षेत्र के बल्दी सिंहपुरवा गांव निवासी मालती प्रसाद पुत्र बाबू, श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के लालबोझा गांव निवासी राजेंद्र पुत्र दुजई और हृदय राम पुत्र बाबू मजदूरी का काम करते हैं। टेंट निकालते समय लोहे का पाइप एचटी लाइन में छू गया। जिसके चलते मालती प्रसाद और राजेंद्र करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से दोनों झुलस गए। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मालती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मालती की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्यवाई की जायेगी।

# नैनिहा मंडी डिवाइडर लगाने का दुकानदारों ने किया विरोध

**मोतीपुर, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले के नैनिहा मंडी में सड़क हादसे को रोकने के लिए जिला प्रशासन की ओर से डिवाइडर लगाया जा रहा है। जिसका व्यापारियों ने विरोध किया। हंगामा शुरू हो गया। पुलिस ने मामले को शांत कराया।

तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर स्थित नैनिहा में सड़क किनारे अवैध रूप से सब्जी मंडी लगाई जाती है। सब्जी मंडी की वजह से अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मंडी क्षेत्र में सड़क किनारे डिवाइडर का कार्य सोमवार को शुरू हुआ। जैसे ही डिवाइडर लगाने का कार्य शुरू हुआ, वैसे ही मंडी लगाने वाले व आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कार्य में बाधा उत्पन्न कर दिया और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई काम रुक गया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, तब जाकर लोग माने। ग्रामीणों का कहना है कि डिवाइडर लगाने के साथ ही 15 स्थान पर कट बनाकर रास्ता दिया जाए। जबकि नियमा अनुसार 6 स्थान पर डिवाइडर बनाने वालों की ओर से रास्ता दिया जा रहा है लेकिन ग्रामीण मान नहीं रहे हैं। उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार ने बताया कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए डिवाइडर लगाया जा रहा है जिससे दुर्घटनाओं में कमी होगा। इसमें ग्रामीणों को सहयोग करना चाहिए लेकिन ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया गया है इसकी जानकारी ली जा रही है। नियमानुसार वहां पर डिवाइडर लगाया जा रहे हैं।

# वन साइड आवागमन से लग रहा लंबा जाम



लखनऊ बहराइच मार्ग पर लगा जाम।

**जरवलरोड, बहराइच**

**अमृत विचार :** लखनऊ बहराइच मार्ग पर तीन दिन पूर्व संजय सेतु में दरार आ गई थी। जिसके चलते आवागमन वन साइड हो गया है। लेकिन अभी तक कार्य सही नहीं हुआ है। जिसके चलते वाहनों की कतार लग रही है। पुलिस को जाम खुलवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लखनऊ बहराइच मार्ग संजय सेतु घाघरा घाट पुल पर वन साइड आवागमन हो गया है। पुल में दरार होने से भयंकर जाम लग रहा है। जाम को हटाने में पुलिस प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। सोमवार सुबह करीब 6 बजे पुल के दोनों तरफ करीब 4 से 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। भीसड जाम लगने से श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा बलरामपुर नेपाल राष्ट्र सहित सहित अन्य जिलों को जाने वाले सैकड़ो वाहन चालक घंटो फसे रहे। जाम को हटाने के लिए लगे दर्जनों पुलिस कमी परेशान रहे। एसओ जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया पुल के बीचो-बीच चल रहे मरम्मत कार्य को लेकर वाहनों को एक साइड से निकाला जा रहा है। मुख्य मार्ग पर एक तरफ से ही आवागमन होने के कारण जाम लगा हुआ है। यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिसकर्मी लगाए गए जल्द ही यातायात को सुचारू रूप चालू कर दिया जाएगा।

### दो दिन और रहेगी समस्या

डैमेज पुल को सही किया गया है सही करने के बाद लोहे की चादर को रखकर मजबूत किया जा रहा है। टूटे हुए स्थान को बेरी कटिंग करते हुए सुरक्षित रखा गया। यदि तुरंत उसे पर आवागमन चालू होगा तो पुन: पॉल खराब हो सकता है। दो दिन बाद फाइनल को हटाया जाएगा।

**-प्रमोद कुमार यादव, इंजीनियर पीएनसी**

# विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित

**श्रावस्ती**



**अमृत विचारः** जिले में देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में एक दिवसीय मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयुक्त का जिलाधिकारी कृतिका शर्मा, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने अगुवानी कर स्वागत किया।

आयुक्त ने बैठक में संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान श्रावस्ती, गोण्डा, बलरामपुर एवं बहराइच के जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं बेहतर ढंग से किया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को जोड़ा जा सके और उनकी समस्याओं का भी बुनियादी समाधान हो सके। उन्होने कहा कि कागज पर नहीं बल्कि धरातल पर जनशिकायतों का निस्तारण किये जाए और गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने-अपने जनपद की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाए और टीम भावना के साथ कार्य करके जनपद की रैंकिंग बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाये। उन्होने कहा कि प्रतिदिन आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड पर अंकित प्रगति की स्वयं समीक्षा करें।

उन्होंने कहा की मंडल में श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच आकांक्षात्मक जनपद में शामिल है, यहा स्वास्थ्य, शिक्षा में काफी सुधार की सम्भावना है, इसके लिए चिकित्सालयो में डॉक्टरों की उपस्थिति एवं परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि पीएम कुसुम योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करें।

# सपा के डिनर में नहीं पहुंचे आठ विधायक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।**

- विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की आशंका
- सपा को अपना तीसरा तो भाजपा को आठवां उम्मीदवार जिताने को करना होगा संघर्ष

**अमृत विचारः** राज्यसभा में उप्र. की रिक्त सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले सोमवार की शाम मुख्य विपक्षी दल सपा को शुभ संदेश देने वाली नहीं रही। दरअसल, सपा ने मतदान की पूर्व संध्या पर अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी और उनके लिए डिनर आयोजित किया था। लेकिन उसके 8 विधायक बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए। चायल विधायक पूजा पाल, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अमेठी विधायक महाराजी देवी, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी ,अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय, और विधायक पल्लवी पटेल सपा की बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए।सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अनुपस्थित विधायकों के बारे में अमृत विचार को बताया कि, कुछ ने न आने का व्यक्तिगत कारण बताया लेकिन असलियत कल मतदान में पता चलेगी।

पार्टी की बैठक और डिनर विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में इनके क्रॉस वोटिंग करने का डर सताने लगा है। अगर ऐसा हुआ तो सपा का खेल बिगड़ सकता है। सपा को जहां अपना तीसरा उम्मीदवार जीताने की मुश्किल होगी वहीं, भाजपा अपना आठवों उम्मीदवा जिता ले जाएगी।

**विधायकों की गुणा-गणित में उलझीः** उत्तर प्रदेश की राज्यसभा में दस रिक्त सीटों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं। अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सपा को 37 प्रति विधायक के हिसाब से 111 विधायकों का समर्थन चाहिए। अब राजा भैया की पार्टी के दो वोट सपा को नहीं मिलेंगे। ऐसे में सवाल बड़ा यह है कि सपा के अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या जुगत भिड़ाएगी। अखिलेश यादव के सामने न केवल सपा की सहयोगी पार्टी अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल की नाराजगी एक चुनौती है, बल्कि रालोद के भाजपा के साथ खड़े होने जाने से भी वह खुद को कमजोर महसूस कर रही है। हालांकि सपा के विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी जेल में बंद हैं। इन्हें मताधिकार का अवसर मिला तो स्थितियां कुछ और होंगी।

### राजा भैया को अपनी ओर करने में आखिरकार सफल हुई भाजपा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बीते लगभग दस सालों से अपने साथ लाने में जुटी थी। मंगलवार को राज्यसभा के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले भाजपा आखिर अपने इस लक्ष्य में सफल हो गई। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के दोनों विधायकों का वोट भाजपा को जाएगा। दरअसल, राजा भैया के दल का गठन होने के पहले भाजपा उन्हें साल 2014 में अपने साथ लाने का प्रयास किया था। तब उन्हें भाजपा के सिंबल पर प्रतापगढ़ से लोकसभा चुनाव का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन वह नहीं माने, फिर उन्हें साल 2017 में भाजपा के साथ आने का प्रस्ताव दिया गया। तब भी बात नहीं बनी थी।

यहां तक कि, बीते विधानसभा चुनाव के पहले राजा के दल को एनडीए का घटक भी बनाने का प्रयास असफल रहा था। लेकिन इस बार यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली से शीर्ष भाजपा नेताओं ने जो प्रयास किया, उसका प्रभाव हुआ और राजा भैया भाजपा के उम्मीदवार को वोट देने को राजी हो गए।

**सपा के उम्मीदवार-** जया बच्चन, आलोक रंजन, रामजी लाल सुमन
**भाजपा के उम्मीदवार-** आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, चौ. तेजवीर सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, संगीता बलवंत (बिंद), साधना सिंह नवीन जैन और संजय सेठ।

### भाजपा भी कहां से लाएगी और विधायक

**अमृत विचार :** विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 252 है। सहयोगियों से 34 विधायक और भाजपा के खाते में जुड़ते हैं। इनमें अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी और सुभासपा के 6-6 विधायक शामिल हैं। यानि यह संख्या मिलाकर 286 तक ही पहुंचती है। जनसत्ता दल के दो एमएलए जोड़ लें तो संख्या होती है 288 है। अब अगर भाजपा को अपने सभी आठ उम्मीदवार जिताने के लिए 296 विधायकों का साथ चाहिए तो नौ की गणित कैसे सधेगी?। कुल मिलाकर राज्यसभा चुनाव में क्रॉसवोटिंग की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

# एआई तकनीक से बढ़ेगा टेलीमेडिसिन का दायरा: पाठक

**राज्य ब्यूरो,लखनऊ**



एमओयू हस्तातंरित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक , राज्य मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सरकारी अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता बढ़ने के साथ ही मरीजों तक पहुंच का दायरा बढ़ेगा। कम समय में बीमारी की सटीक जांच की पुष्टि होने पर इलाज भी प्रभावी मिलना आसान हो जायेगा। इसके लिए कानपुर के आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) के साथ स्वास्थ्य विभाग ने एमओयू साइन किया है। आईआईटी के साथ आने से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी। यह बात सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहीं।

उप मुख्यमंत्री, शास्त्री भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कानपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और फिक्की से साथ कुल तीन एमओयू हस्तातंरित करने के बाद बोल रहें थे। उन्होंने बताया कि एआई का उपयोग मानव जीवन में प्रवेश कर रहा है, आंकड़ों के आधार बीमारी की गंभीरता आंकना आसान हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि दूसरा एमओयू स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुआ है, इसमें अधिकृत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डिजीटल इंटरफेस ई-रूपी वाउचर दिया जायेगा। तीसरे एमओयू में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा प्रथम चरण में तीन जिलों में स्मार्ट आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास किया जायेगा। साथ ही हेल्थ सबसेंटर्स में मिलने वाली सुविधाओं को भी डिजीटली रूप से प्रभावी बनाई जायेंगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, एनएचएम निदेशक डॉ.पिंकी जोवेल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर, निदेशक डॉ. राजागणपति समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गोमती नगर स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना हुआ पूरा : राजनाथ

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** गोमती नगर रेलवे स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की बहुत सारी रेल परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। मुझे जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज,अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को समर्पित कर रहे हैं। इनकी लागत 41 हजार करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि पहले तो मैं दिल्ली से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोमती नगर रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम में जुड़ना चाहता था लेकिन यह मेरा प्रोजेक्ट था, इसलिए मैं खुद को यहां आने से रोक नहीं सका। इस स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना आज पूरा हुआ। रक्षामंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट की तरह गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को बनाने के पीछे काफी मेहनत की गई। रक्षा मंत्री ने रेलवे के सभी अधिकारियों को इसके लिए बधाई दी। कार्यक्रम में मंच पर राज्यसभा सांसद बृजलाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, दारा सिंह आदि रहे।

# मेडिकल कॉलेजों में अगले महीने पहुंचेंगे सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर

- 147 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को बतौर सहायक आचार्य पद पर तैनात किया जायेगा
- सरकारी संस्थानों से उत्तीर्ण डॉक्टरों को बांड के तहत दो साल तक देनी होगी सेवाएं

**राज्य ब्यूरो,लखनऊ**

**अमृत विचारः** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न विभागों के कुल 147 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को बतौर सहायक आचार्य पद पर तैनात किया जायेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग के तहत सोमवार को विभागवार डॉक्टरों की सूची जारी कर दी गई है। कॉलेज आवंटन की सूची 29 फरवरी को जारी कर दी जायेगी। इन डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ ही कॉलेज संबद्य अस्पतालों में गुणवत्ता युक्त चिकित्सकीय सेवाएं बढ़ जायेंगी।

नीट एसएस 2020 बैच के सरकारी संस्थानों से उत्तीर्ण चिकित्सकों को बांड के तहत दो साल सेवाएं देनी होगी। इसके लिए चल रही काउंसिलिंग के तहत सूची में शामिल अभ्यर्थियों को अगले दो दिन तक कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होंगी, इसके लिए रिक्त सीटों के अधार पर कॉलेज आंवटित कर 29 फरवरी को सूची जारी कर दी जाएगी।

### किस विभाग को मिले कितने मिले डॉक्टर

तैनाती पाने वाले डॉक्टरों में सबसे ज्यादा 24 कॉडियोलॉजिस्ट, 16 न्यूरोलॉजिस्ट, 17 न्यूरो सर्जन, 14 गेस्ट्रो सर्जन, पांच सर्जिकल आंकोलॉजी, छह नेफ्रोलॉजिस्ट, 12 यूरोलॉजिस्ट, तीन पल्मोनरी मेडिसिन, पांच प्लास्टिक सर्जन, दो पीडियाट्रिक गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, एक पीडियाट्रिक सर्जन,एक नियोनेटोलॉजी,दो मेडिकल जनेटिक्स, तीन जिरियाटिक मेंटल हेल्थ, तीन क्लीनिकल हेमोटोलॉजी, नौ क्नीनिकल इम्योनोलॉजी,, पांच इंडोक्राइन सर्जन, पांच इंडोक्राइनोलॉजी, पांच क्रिटिकल केयर यूनिट विशेषज्ञ, तीन कार्डियक एनेस्थिसिया।

# किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर किया धरना प्रदर्शन

बहराइच/जरवल

**अमृत विचार :** किसान नेता राकेश टिकैत के आह्वान पर सोमवार को मोतीपुर, जरवल, कैसरगंज, पयागपुर और नानपारा क्षेत्र के किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। किसानों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

दिल्ली में किसान एमएसपी लागू करने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। इसको लेकर किसान नेता राकेश टिकैत द्वारा प्रदर्शन को गांव से लेकर शहरों तक पहुंचाया जा रहा है। किसान नेता राकेश टिकैत के आह्वान पर सोमवार को जिले के नानपारा और मोतीपुर तहसील के किसानों द्वारा ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। बहराइच नानपारा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ओर से नानपारा टोल प्लाजा पर टैक्टर मार्च निकाला गया। नानपारा तहसील अध्यक्ष सरदार सुखविंदर सिंह की अगुवाई में सैकड़ो टैक्टर के साथ निकाला गया। जिसमे शिवपुर ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द वर्मा, बलहा ब्लाक अध्यक्ष राम बनारस, जिला उपाध्यक्ष बजरंगी लाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। मोतीपुर तहसील में जितेंद्र सिंह की अगुवाई में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। जरवल में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश वर्मा और मध्यांचल जोन के उपाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली। किसानों के आन्दोलन को देखते हुए क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेन्द्र कुमार गौड,थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद पुलिस बल के साथ पहुंच गए। किसानों से शान्ति ब्यवस्था बनाए रखने की अपील की। प्रदेश सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि सरकार किसानों का कर्ज माफ करे और एमएसपी गारंटी कानून लागू करे। उन्होंने कहा कि पहले भी किसान दिल्ली कूच कर चुके है। आवश्यकता पडी तो एक बार फिर किसान दिल्ली कूच कर जाएंगे। मध्यांचल जोन के उपाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा ने कहा कि विश्व ब्यापार संगठन को कृषि से न जोडा जाए। सरकार ने पिछले आन्दोलन के दौरान किए गए अपने वादे पूरे नही किए। उन्होंने किसान आन्दोलन को लेकर कहा कि सरकार मनमानी कर रही है। इस दौरान योगेंद्र पहलवान, पप्पू मुंशी अजय कुमार वर्मा, रामराज सिंह, फूलचंद वर्मा, रामकिशोर वर्मा, प्रकाश चंद वर्मा,शैलेंद्र सिंह, नर्मदे प्रसाद गौतम, समर सिंह वर्मा ,रामसमुझ निषाद, पार्वती गौतम, दुर्गेश वर्मा, शिवा कांत शुक्ला, सलीम खां, बिट्टू आदि मौजूद रहे।



जरवल में मार्च निकालते किसान। अमृत विचार



मोतीपुर में एसडीएम को ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

### कैसरगंज और पयागपुर में निकाला मार्च

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष राम कुमार वर्मा की अगुवाई में संगठन के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने डब्ल्यूटीओ का विरोध कर उनके पत्र को जलाया,किसान नेताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से मांगों के संबंध में अपनी बातों रखा। जिलाध्यक्ष ने नायब तहसीलदार के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि विश्व व्यापार संगठन से कृषि उत्पादों को बाहर करवाया जाए ,न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिलवाया जाए,किसानों पर हो रहे अत्याचार ,दमनकारी नीति पर तत्काल रोक लगाई जाए,विद्युत अधिनियम 2020 को तत्काल रद्द किया जाए। श्री वर्मा ने कहा कि डब्ल्यू टी ओ संगठन हम जैसे किसानों के उत्पादों को अपने में शामिल कर रही है जिससे हम सभी लोगों का इसमें अहित हो रहा है। इस अवसर पर राम समुझ वर्मा, लल्लन वर्मा, प्रमोद कुमार तिवारी, राम छवि यादव, बी के दूबे, हरी राम गुप्ता घनश्याम वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## कामगारों व श्रमिकों को दिलाया जायेगा उनका हक: एसपी सिंह



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष। अमृत विचार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की बैठक बाबागंज परमहंस कुट्टी में हुई। जिसमें संगठन विस्तार के निमित्त भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की समस्याओं पर चर्चा की गई। विकास खंड नवाबगंज के बाबा परमहंस कुटी स्थित जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक मे संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन जिलाध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ श्रमिक कर्मचारी व मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष सिंह ने कहा कि हर हाल में श्रमिको व कामगारों के अधिकार उन्हे दिलाना है और उनके मान सम्मान की चिंता करनी है। बैठक को इसके अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री पवन वर्मा व जिला महामंत्री संतोष मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर बैठक मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, जिला सचिव दस्तगीर शाह, जिला मंत्री विक्रमादित्य, संरक्षक बद्री सिंह, मीडिया प्रभारी कमल नयन साहू, दिनेश मिश्रा सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दूसरों को आग से बचाने वाले खुद जी रहे खानाबदोश जीवन

## अंग्रेजों के जमाने में बने जर्जर भवन में रहते हैं दमकल कर्मी

बहराइच

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय स्थित दमकल विभाग कार्यालय काफी जर्जर हो गया है। ऐसे में दूसरे को आग से बचकर जीवन देने वाले दमकर कर्मी स्वयं खानाबदोश की जिंदगी जी रहे हैं। कभी भी तेज भूकंप के झटके आने पर इनको समस्याओं का सामना करना पड़ा सकता है।

शहर के पीपल तिराहा गुरुद्वारे के निकट फायर ब्रिगेड कार्यालय स्थित है। फायर ब्रिगेड कार्यालय के कर्मचारी विभिन्न अग्निकांड की घटनाओं में सभी नुकसान अधिक न हो, इसके लिए आग बुझाने मौके पर जाते हैं, लेकिन दूसरों को सुरक्षित करने वाले स्वयं सुरक्षित नहीं है। इसका नतीजा है कि 50 से 60 वर्ष पहले बने भवन में फायर ब्रिगेड टीम के कर्मचारी रहने को दिवस है। भवन इतना जर्जर हो गया है कि 5 से 6 रिएक्टर पैमाने पर अगर भूकंप आ गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन दमकल कर्मियों के भवन और आवास की तरफ नजर जिला प्रशासन और सरकार का नहीं जा रहा है। ऐसे में दमकल कर्मी जर्जर भवन में स्वयं और परिवार के साथ रहने को विवश हैं। भवन कभी भी बड़े हादसे में नुकसान पहुंचा सकता है। मालूम हो कि लगभग चार माह पूर्व डीजी फायर ने निरीक्षण कर भवन निर्माण की बात कही थी। लेकिन भवन निर्माण सिर्फ निरीक्षण तक ही सीमित रह गया है।



जर्जर भवन में संचालित भवन।

### मकान की गिरी छत

दमकल विभाग के कर्मचारी आवास पाए हुए हैं, लेकिन आवास भी काफी पुराना और जर्जर हो गया है। सभी जर्जर आवास में रह रहे हैं चार महापुर एक दमकल कर्मी के आवास की छत अचानक गिर गयी थी हालांकि परिवार के लोग गोंडा गए थे। जिसके चलते सभी बाल-बाल बच गए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### भवन निर्माण के लिए भेजा गया है प्रस्ताव

अग्निशमन कार्यालय पूर्ण और जर्जर है इसकी जानकारी डीजी फायर के साथ जिला प्रशासन को भी है। प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया था। सरकार की ओर से हरी झंडी मिलते ही भवन का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

–गेंदालाल प्रभारी,
अग्निशमन अधिकारी

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**बहराइच :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, , प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

## पेपर लीक करने वाले दोषियों को गिरफ्तार करे सरकार




प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रदेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में सोमवार को कार्यकर्ता और पदाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पहुंचे। यहां पर सभी ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है।अगर भर्ती आती है और युवा परीक्षा देते हैं तो परिणाम आने से पहले ही पेपर लीक हो जाता है। इससे काफी नुकसान होता है। सभी पेपर लीक करने वाले दोषियों को गिरफ्तार करने, पुलिस भर्ती परीक्षा को एक माह में करवाने, समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी पेपर लीक मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में करवाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंपा। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया समेत अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### रंगारंग कार्यक्रम संग मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हें छात्र।

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के सहस्लमपुर चौराहे स्थित नंदिनी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया मौजूद लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की। हुजूरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सहसलमपुर में स्थित नंदिनी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक मुल्क राज गुप्ता रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य वंदना गुप्ता रहीं। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के विभिन कक्षा के छात्र और छात्राओं ने देश भक्ति, देवी गीत प्रस्तुत किया। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की। बेहतर काम करने वाले नन्हें बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अर्चिता सिंह, ऋषिता सिंह, सना खान, निकिता सिंह, प्रियंका गौड़, पल्लवी सिंह, रिया श्रीवास्तव, मनीष, ज्योति यादव, अनुष्का सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### मकान से नकदी और जेवरात चोरी

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के चंदेला कला गांव निवासी एक ग्रामीण परिवार समेत विद्यालय के एक हिस्से में रहता है। रविवार रात को उसके मकान में चोरी हो गई। पीड़ित ने दो लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत चंदेला कला गांव में कामेश्वरनाथ सर्वोदय ज्ञान मंदिर का संचालन होता है। इस विद्यालय के एक कमरे में संजय शर्मा पुत्र कामेश्वर नाथ शर्मा परिवार समेत रहते हैं। कोतवाली में तहरीर देकर संजय का कहना है कि देर रात को अनिल कुमार और सकटू द्वारा उसके मकान में लगे दरवाजा को तोड़ दिया गया। इसके बाद अलमारी में रखा 25 हजार रुपए नकदी, चांदी का पायल, एक तोला वजन का सोने माला, एक झुमकी चोरी की। संजय ने बताया कि अनिल ने दो दिन पूर्व स्कूल के बच्चे से सामान रखने का स्थान भी पूछा था। तहरीर पर पुलिस ने जांच की। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि नामजद लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विधि विधान से मनाई गुरु नानक जयंती



गुरु नानक जयंती में शामिल हुए जिले के लोग। अमृत विचार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** नेपालगंज में स्थित गुरुद्वारे में गुरु नानक देव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बहराइच जिले के साथ लखीमपुर से आई टोली ने गुरु ग्रंथ साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला। इंडो नेपाल बॉर्डर सीमा क्षेत्र नेपाल मित्र राष्ट्र नेपालगंज उप महानगरपालिका वार्ड नंबर 15 गुरुद्वारा रोड जमुना गांव जिला बैंक नेपाल में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव सिंह सभा ने गुरु नानक जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें गुरु नानक ग्रंथ पाठ भी किया गया। सतगुरु सेवा में सैकड़ो लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नेपालगंज में डिहवा मटेरा, धनौली नानपारा, लखीमपुर, बहराइच, लखनऊ, बाराबंकी शिखनपरवा नेपाल एवं विभिन्न जगह से सिख समाज के लोगों ने काफी संख्या में भाग लिया। बड़ा खूबसूरत नजारा देखने को मिला। इसमें आयोजक सरदार मघई सिंह ने नेपाल सशस्त्र के एसपी विमल दांगी को और डीएसपी को अंग वस्त्र उड़ाकर सम्मानित किया। जिले की टीम द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सिंह सरदार अमरजीत सिंह, सरदार सूरत सिंह, सरदार निहाल सिंह, सरदार सुहल सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, सरदार सतवीर सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह, सरदार राकी सिंह, सरदार वसंत सिंह समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### ग्रामीण की नहर में डूब कर हुई मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के सिरौली गांव निवासी एक ग्रामीण के सरयू नहर में डूब कर मौत हो गई। काफी देर बाद परिवार के लोगों ने नहर में गमछा तैरता देखा तब तलाश शुरू की। इस पर सरयू नहर से शव निकाला जा सका। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरौली के मजरा चैनपुरवा निवासी रम्पत (43) पुत्र मुन्नू रविवार शाम को गांव के निकट स्थित सरयू नहर के किनारे मवेशियों के लिए घास छील रहे थे। तभी पैर फिसलने से वह नदी में गिर गए। काफी देर तक ग्रामीण घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की। गांव और परिवार लोगों ने सरयू नहर में गमछा तैरता देखा। जिस पर सभी नदी में तलाश शुरू की तलाशी के दौरान कुछ देर बाद ग्रामीण का शव पानी से बरामद हुआ। जिस पर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक डीके शुक्ला ने बताया की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पानी में डूब कर ग्रामीण की मौत हुई है।

### समाजसेवी की पत्नी का निधन

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत रूपईडीहा निवासी संगीता अम्लानी पत्नी महेश अम्लानी का लखनऊ के चरक अस्पताल में उपचार के दौरान स्वर्गवास हो गया है। उनके निधन से क्षेत्र के लोगों में शोक है। परिवार के लोग शव लेकर घर के लिए रवाना हो गए हैं। मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## एक नजर

### यूनिट से कम खाद्यान्न देने का आरोप डीएसओ को दिया पत्र

**गायघाट, बहराइच, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत दौलतपुर के कार्डधारकों ने कोटेदार पर कम खाद्यान्न देने का आरोप लगाया है। सभी का कहना है कि विरोध करने पर कोटेदार अभद्रता और मारपीट पर उतारू हो जाता है। तहसील मिहीपुरवा के बलहा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दौलतपुर के कोटेदार कधई लाल हैं। कोटेदार पर गांव के कार्डधारकों ने यूनिट से कम खाद्यान्न देने का आरोप लगाया है। कार्ड धारकों का कहना हैं कि हर महीना चार किलो वा साढे चार किलो खाद्यान्न वितरण किया जाता है। परेशान कार्ड धारकों ने जिला पूर्ति अधिकारी को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराया है।

### बंधक बना मारपीट मामले में दर्ज हुआ केस

**बहराइच :** गोंडा जिले के कटरा थाने के गोड़वा निवासी नारेन्द्र दीक्षित पुत्र महेश्वरी प्रसाद गुरुवार को देहात कोतवाली के नगर स्थित आशीर्वाद रेस्टोरेंट के सामने फास्ट फुड की दुकान पर चाय पीने गया था। इसी दौरान फखरपुर थाने के सिसौरा निवासी गुड्डू व उसके एक अन्य साथी ने उस पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर रस्सी से बांध कर पिटाई की। इस मामले की जानकारी तत्काल नारेन्द्र के साथी विवेक ने पुलिस को दी। पुलिस ने उसे बंधन मुक्त कराया।

## मतदाताओं का सत्यापन करेंगे बीएलओ-एसडीएम



पयागपुर तहसील में आयोजित बैठक में मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर तहसील सभागार में बीएलओ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार ने जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये।

जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य जोर शोर से जारी है। पयागपुर तहसील क्षेत्र में सूची के सत्यापन में 419 बीएलओ लगाए गए हैं। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि सूची में 80 वर्ष आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं के सत्यापन के साथ ही 18 वर्ष आयु पूरा कर चुके लोगों का सत्यापन करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर एक वीएलओ की ड्यूटी लगायी गयी हैं। दिनेश कुमार ने बताया कि सूची में 6938 मतदाता 80 वर्ष आयु पूरा कर चुके है तथा 3551 दिव्यांग मतदाता है। जिन्हें निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप घर बैठे मतदान करने का अवसर मिलेगा।यदि वह पोलिंग तक पहुंचने में असहज महसूस करते है। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मृतक मतदाता का नाम सूची से बाहर किया जाए।सभी बीएलओ से पूरी तन्मयता से सत्यापन करने की बात कही। इस दौरान बीएलओ और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला किसान को मिली संबल

बहराइच

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को उनकी जिम्मेदारी के बारे में अवगत कराया गया। जैविक खेती करने वाली महिला को सभी ने प्रधानमंत्री द्वारा नाम लेने पर बधाई दी।

भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को शक्ति वंदन एवं एनजीओ सम्मेलन कार्यक्रम हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अक्षयबर लाल गोंड और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शमंजू सिंह, क्षेत्रीय मंत्री व जिला प्रवासी कप्तान विकास सिंह रहे। बहराइच एवं श्रावस्ती की एमएलसी एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने संबोधन किया। अभियान के संयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका रावत एवं सहसंयोजिका रीति मुरारी रही। इस कार्यक्रम में लगभग 200 की संख्या एनजीओ प्रमुख बहने हर विधानसभा से उपस्थित रही। उपस्थित महिलाओं को पीएम मोदी और मुख्यमंत्री के योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में किसान रामप्यारी भी उपस्थित रहीं। जिन्हें देश के प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इनके जैविक खेती कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मन के बात कार्यक्रम में प्रधान मंत्री द्वारा नाम लेना गर्व महसूस करने के साथ सौभाग्य की बात है।कार्यक्रम में महिला मोर्चा की महामंत्री उर्मिला शुक्ला, संतोष पाण्डेय, मोहिनी सोनी, पूनम अग्रवाल, अभिलाषा दूबे, मंजुला पाठक सहित नगर की समस्त बहनें एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करतीं भाजपा नेत्री। अमृत विचार

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार सीओ

**पयागपुर, बहराइच :** आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। सोमवार को थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी हीरालाल ने सभी से सोशल मीडिया पर नज़र रखने ,माहौल खराब होने की स्थिति में पुलिस को सूचना देंने की बातें कहीं, ताकि समय से पहले माहौल को सुधारा जा सके। उन्होंने ऑपरेशन त्रिनेत्र व ऑपरेशन दृष्टि के तहत सभी से अपने प्रतिष्ठान व सड़क मार्ग पर पड़ने वाले मकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने की अपील की। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने सभी से आगामी त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। लोगों से अराजक तत्वों पर नजर रखने व शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक में प्रधान विदुर तिवारी ,विपिन शाही,योगिंदर सिंह ,दिलीप सिंह, कमलेश पासवान,राम आशीष मौर्य, सहित पुलिस कर्मी व अन्य लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुई आशा व आशा संगिनी, थारू जनजाति के कलाकरों व छात्रों ने दिखायी प्रतिभा, सरिता यादव ने प्रस्तुत किया कथक नृत्य

# बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बहराइच महोत्सव चल रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा रामेश्वर मिश्र ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरवं रंजन श्रीवास्वत, मुख्य राजस्व अधिकारी दीपेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया व अन्य अधिकारियों के साथ गेद घर मैदान पहुंचकर बहराइच महोत्सव में विभिन्न विभागों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया।

बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन गेंदघर मैदान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किये गये आशा सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा व आशा संगिनियों, बीसीपीएम को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व पुरस्कार धनराशि का डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विकास खण्ड फखरपुर के बीसीपीएम, 03 आशा संगिनी तथा प्रत्येक ब्लाक से तीन-तीन आशा को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः पांच, दो व एक हज़ार, आशा संगिनी को क्रमशः पांच, तीन व दो हज़ार तथा बीसीपीएम को रू. पांच हज़ार का पुरस्कार प्रदान किया गया। बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम एवं नुक्कड नाटक व पीलीभीत से आये हुए जनजातीय कलाकारों, सरिता यादव द्वारा प्रस्तुत कत्थक की प्रस्तुति का आनंद लिया।



महोत्सव में कमिश्नर का स्वागत करतीं डीएम। अमृत विचार



छात्राओं को सम्मानित करतीं सिटी मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

### सांसद ने किया उद्घाटन

शहर के गेंद घर मैदान में महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

**कार्यालय नगर पंचायत रूपईडीहा-जनपद-बहराइच**

पत्रांक 67/ सीव0जल0नि0यो0-निर्माण कार्य/टेण्डर/न0प0रूपई0/2023-24 दिनांक :-26-2-2024

**ई- निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो को नगर पंचायत रूपईडीहा जनपद-बहराइच में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष-2023-24 में स्वीकृत धनराशि से 10 स्वीकृत निर्माण कार्यकी निविदा ई- टेण्डिरिंग के माध्यम से दिनांक:-18-3-24 समय 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जा रही है। निविदा सूचना दिनांक:-26-2-24 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक:- 18-3-24 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई-टेण्डिरिंग के ई-पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त ठेकेदार / फर्मे उपरोक्त तिथि एवं समय में ही ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.inपर डाउन लोड कर के अपलोड कर सकते है। आनलाईन प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक:- 19-3-24 को सायंकाल 04:00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा आनलाईन बाद में खोली जायेगी, निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो की जानकारी ई-पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत रूपईडीहा
बहराइच

अध्यक्ष
नगर पंचायत रूपईडीहा
बहराइच

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।

## संपादकीय

# डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार सभी फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

# खुली किताब से परीक्षाः संभावनाएं और चुनौतियां



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से ससंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आख़िरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज़्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों



व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीक़ों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाय। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा ज़ोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

## प्रसंगवश

# चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

**बलिदान दिवस**

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।



गौरव अवस्थी
रायबरेली

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

# प्रभावित होती सरकार की छवि



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

## सोशल फोरम

# इतिहास में अफवाह

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!

इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट माडर्न हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट माडर्न हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

# महिलाओं को जोड़ने की नई पहल

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।

बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।



सोनी मिश्रा
कानपुर

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिंग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्ज़ी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं। वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

# 11.80 करोड़ से लंभुआ स्टेशन का होगा कायाकल्प

## सांसद मेनका संजय गांधी सहित अन्य भाजपा नेताओं ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअली उद्बोधन

**किया दावा**

- बोलीं- पीएम मोदी की पहल पर बेहतर बनेगा रेलवे स्टेशन

लंभुआ, सुलतानपुर



लंभुआ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमृत भारत योजना अंतर्गत पुनर्विकास के तहत लंभुआ रेलवे स्टेशन का शिलान्यास एवं लोकार्पण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूदा सांसद मेनका संजय गांधी मौजूद रहीं।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर लंभुआ रेलवे स्टेशन बेहतर बनाया जाएगा। हाल ही में रेल विभाग 508 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन बनाने के लिए चुना था, जिसमें सुलतानपुर जनपद में लंभुआ रेलवे स्टेशन को भी चुना गया था। कार्यक्रम में बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। जिसमें सांसद के साथ सभी गणमान्य तथा आम जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम को देखी। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से लंभुआ अमृत स्टेशन का बेहतर विकास किया जाएगा और यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। शिलान्यास के मौके पर सांसद मेनका गांधी ने कहा कि चुनाव के बाद से ही हमने हर एक दिन अपने क्षेत्र को सिर्फ सौगात देने में लगा दिया और अभी तक सौगात देते चले आ रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री जी से जो मांगा वह हमें मिला। हमने कहा था कि सुलतानपुर वालों के लिए एक ट्रेन दी जाए, जिससे वह लखनऊ में जाकर अपना कामकाज निपटाकर शाम तक फिर घर वापस लौट सकें। मुझे यह भी सौगात दी गई और सुलतानपुर वालों को ट्रेन मिली। अमृत स्टेशन के रूप में चयनित होने पर विशेष रूप से लंभुआ रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा और निर्माण कार्य मजबूत होगा। हमने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में ढेर सारे विकास किया और छोटी बड़ी समस्या का निस्तारण कराया। उन्होंने कहा कि हमने क्षेत्र को अच्छे अधिकारी और अच्छे पुलिस वाले भी दिए। कार्यक्रम में सांसद ने रेलवे को बेहतर बनाये जाने के लिए आयोजित प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मौके पर क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सुलतानपुर प्रवीन कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, एडीआरएम द्वितीय लखनऊ मंडल शिवेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे। इसके पहले सांसद मेनका गांधी लेखक व गजलकार स्व. मल्लिका राजपूत के निधन पर उनके सीताकुंड स्थित आवास, विवेकानंदनगर निवासी स्व.सुरेंद्र सिंह एवं जयसिंहपुर थाना अंतर्गत ग्राम बझना के स्व. शेष नारायण पांडेय के निधन पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने जनता दर्शन में सैकड़ों लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। उन्होंने मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तपूर्ण त्वरित निस्तारण किया जाएं। इस दौरान सांसद से बसपा से भाजपा में शामिल हुए शिव कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। मीडिया प्रभारी रघुवंशी ने बताया कि सांसद मेनका गांधी 2:50 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए दिल्ली चली गई।



लंभुआ में रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने दिया सांसद को मांग पत्र।

### बलिदानी मंगल पांडेय के नाम से हो स्टेशन का नाम

**लंभुआ, अमृत विचार :** लंभुआ रेलवे स्टेशन का नाम बलिदानी मंगल पांडेय के नाम कराए जाने को लेकर सोमवार को जनहित को समर्पित सामाजिक संस्था परिवर्तन के अध्यक्ष लक्ष्मण गांधी ने सांसद मेनका संजय गांधी को एक पत्र सौंपा। संस्था अध्यक्ष ने बताया कि लंभुआ स्टेशन के नामकरण को लेकर कई पूर्व जनप्रतिनिधियों को भी जनाकांक्षाओं के दृष्टिगत मांग पत्र सौंपा गया था। सोमवार को अमृत भारत योजना अंतर्गत पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल शिलान्यास के मौके पर सांसद मेनका संजय गांधी को मांग पत्र दिया गया।

### ड्यूटी से घर लौट रहे पेट्रोल पंपकर्मी को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार की शाम पेट्रोल पंप से ड्यूटी कर घर लौट रहे कर्मी को दो लोगो ने पीट दिया। लोगो के पहुंचने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी करम राज ने पुलिस को तहरीर दी है। करम राज ने बताया कि वह अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता है। रविवार की शाम वह बाइक से घर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह साढ़े सात बजे मीरपुर मोड पर पहुंचा तभी गांव के अनिल वर्मा, विकास वर्मा ने गाली गलौज देते हुए रोक लिया। लाठी डंडे से पिटाई करने लगे जिससे उसे गंभीर चोट आई। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों को आता देख दोनो भाग निकले। एसएचओ कूरेभार अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि एससी-एसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बिना अनुमति के प्रधान ने निकाली 10 लाख की रकम

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** शनिवार को जिस ग्राम पंचायत में सचिव को डीपीआरओ ने निलंबित किया था। उसी ग्राम पंचायत के प्रधान पर बिना अनुमोदन के 10 लाख के रकम निकाले जाने की शिकायत डीएम से की गई है। डीएम ने डीपीआरओ को जांच के लिए आदेशित किया है।

कूरेभार विकास खंड के ग्राम पंचायत डीह ढग्गूपुर में सोमवार का एक नया मामला सामने आया है। प्रधान की शिकायत पर शनिवार को डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ ने सचिव शगुप्ता को निलंबित कर दिया था। वहीं, गांव निवासी ने प्रधान के खिलाफ डीएम के जनता दर्शन में शपथ पत्र युक्त शिकायती पत्र दिया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान भारती गुप्ता नियमों को दरकिनार करते हुए ग्राम पंचायत के खाते से 10 लाख का गबन कर लिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके घर के सामने आबादी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ा निस्तारण केंद्र आधा-अधूरा बनवा बिना डीएम की अनुमति के 10 लाख रुपये पंचायत के खाते में निकाल लिया। जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच की जाएगी। अगर प्रधान दोषी मिले तो पंचायती राज एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, दो गंभीर

**हादसा**

- काशी विश्वनाथ के दर्शन कर बस से अयोध्या जा रहे थे श्रद्धालु
- तेलंगाना के हैदराबाद से निकले हैं सभी लोग

संवाददाता, सुलतानपुर



दियरा-बगिया चौराहा रोड पर करौंदी के पास पलटी बस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वाराणसी के काशी विश्वनाथ का दर्शन कर अयोध्या जा रही 38 श्रद्धालुओं से भरी बस सोमवार की भोर करीब 6 बजे मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के करौदी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। दो श्रद्धालुओं को गंभीर चोट आई, शेष का सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि, हादसे में सभी बाल-बाल बच गए। सीएचसी में इलाज के बाद दूसरी बस से श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हो गया है।

तेलंगाना राज्य के हैदराबाद से 38 श्रद्धालु ट्रेन से तीन दिन पहले अयोध्या में रामलला का दर्शन करने पहुंचे थे। यहां से सभी दर्शन पूजन करके बस से काशी विश्वनाथ वाराणसी दर्शन के लिए निकल गए थे। काशी से दर्शन कर लौटते समय सोमवार की सुबह करीब छह बजे उनकी बस मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा-बगिया चौराहा मार्ग पर करौदी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने राहत बचाव में जुटते हुए पुलिस को सूचना दी। इस दौरान ग्रामीणों ने सभी श्रद्धालुओं को बस से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। हैदराबाद के थाना गोलपुर निवासी विनोद (48) पुत्र शंकर और महेंद्र (30) पुत्र बेकताना निवासी थाना मलपेट सैदाबाद हैदराबाद को गंभीर चोट आई। मोतिगरपुर एसओ ज्ञानचंद्र शुक्ल ने बताया कि भोर का समय था। प्राथमिक जांच में ड्राइवर को नींद आना प्रतीत हो रहा है। हालांकि, बड़ा हादसा टल गया। सभी श्रद्धालु सुरक्षित है और वे अयोध्या अपने गंतव्य के लिए निकल गए है। वहां से उनकी ट्रेन हैदराबाद के लिए है।

**एक नजर**

### संयुक्त किसान मोर्चा के बैनरतले किया प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा ने सोमवार को विकास भवन के सामने डब्ल्यूटीओ का पुतला फूंककर विरोध जताया। जिला संयोजक शारदा प्रसाद पांडेय ने कहा कि आज देशभर में भारत को डब्ल्यूटीओ से अलग करने की मांग के साथ विरोध-प्रदर्शन किया गया।

### कल आएगी सम्मान निधि की 16वीं किस्त

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त किसानों के खाते में आ जाएगी। उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव ने बताया कि सभी विकास खंडों में किसान सम्मान निधि उत्सव मनाया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में एलईडी के माध्यम से इसका सजीव प्रसारण किया जाएगा।

### युवती को अगवा करने का मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** धनपतगंज थाना पुलिस ने 18 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर अगवा करने का मुकदमा दर्ज किया है। युवती 20 फरवरी को गांव के राशन की दुकान पर गई थी। वापस न लौटने पर पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पता चला कि उसे गांव का ही एक युवक उसे कहीं भगा ले गया।

### रोजगार मेला 27 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कौशल विकास मिशन के तहत एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 27 फरवरी को बल्दीराय ब्लॉक के बघौना में हाजी आरिफ अली प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया जाएगा। प्रबंधक जिला कौशल विकास मिशन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में अपने शैक्षिक अभिलेखों के साथ शामिल होने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 130 जोड़े

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** विकास खंड दूबेपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पांच ब्लॉकों के 130 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। वर-वधू को विवाह का प्रमाणपत्र व घरेलू सामाग्री उपलब्ध कराने के साथ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आशीर्वाद दिया। यहां कार्यक्रम में विकास खंड दूबेपुर, भदैयां, पीपीकमैचा, लम्भुआ, अखंडनगर के चयनित कुल 130 जोड़ों का विवाह कराया गया। इसमें पांच जोड़े अल्पसंख्यक व अन्य हिंदू समाज के थे। विवाह में पहुंची प्रमुख प्रतिनिधि दूबेपुर डिम्पल सिंह व अन्य ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया।

## टांटियानगर पुल को मुद्दा बना कांग्रेस का प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर



कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे कांग्रेस पदाधिकारियों को समझाते अधिकारी।

**अमृत विचार:** जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार कमीशनखोरी व टांटिया नगर में टूटे पुल को लेकर दर्जनों कांग्रेसियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। डीएम को ज्ञापन देने को लेकर कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। कांग्रेसियों को समझाने में डीएम के मातहत करीब घंटे भर लगे रहे लेकिन डीएम को बुलाने पर अड़े रहे। इसके बाद कांग्रेसियों का प्रतिनिधि मंडल डीएम के आफिस में मिलकर चार सूत्री ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी से निकले कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए लाल डिग्गी, सुपर मार्केट, डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन पर कार्यवाही की मांगी की। डीएम को ज्ञापन सौंपने की बात कही। ज्ञापन लेने डीएम के न आने पर नाराज कांग्रेसी उनके कार्यालय के सामने धरने पर बैठ सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट संजीव कुमार यादव, सीओ सिटी शिवम मिश्रा, एसडीएम सदर सीपी पाठक कांग्रेसियों को समझाने बुझाने में लगे रहे। क़रीब घंटे भर बाद कांग्रेसियों का एक प्रतिनिधि मंडल डीएम से मुलाकात कर चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। टांटिया नगर स्थित गोमती सेतु टूट जाने को लेकर कांग्रेसियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बार बार पुल टूट जाना भ्रष्टाचार का कारण बना हुआ है। मांग की कि इस बार प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुल का निर्माण कराया जाय। जिला प्रोबेशन अधिकारी बीपी वर्मा के खिलाफ 16 लाख के गबन का मामला संज्ञान में आया है। उन्हें निलंबित करते हुए सरकारी धन की रिकवरी की जाए। धरना-प्रदर्शन को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चौधरी, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी, तेज बहादुर पाठक, वरुण मिश्र, सुब्रत सिंह सनी, सभासद संजय कप्तान ने भी संबोधित किया। अमोल बाजपेयी, योगेश पांडेय, मानस तिवारी, मोहित तिवारी, पूनम कोरी, शीतला साहू आदि रहे।

## भूपति भवन कांड में 8 आरोपियों पर चार्ज तय

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अमेठी के जंगल रामनगर स्थित भूपत भवन में नौ साल पूर्व बलवा, गाली-गलौज और हत्या की धमकी से जुड़े मामले में आठ आरोपियों पर न्यायिक मजिस्ट्रेट पॉमेला श्रीवास्तव ने सोमवार को आरोप तय किए।

आरोपियों के वकील राजेश सिंह और इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि कोर्ट ने फाइल साक्ष्य में नियत कर दी है। घटना में आरोपी अनंत विक्रम सिंह, त्रिवेणी सिंह, वीरेंद्र सिंह उमाकांत सिंह, मदन सिंह, कल्लू, ओमप्रकाश और कपिल कुमार सिंह पर कोर्ट ने बलवा, गाली गलौज और हत्या की धमकी के मामले में आरोप तय किए हैं। भूपति भवन के व्यवस्थापक गैरिकपुर निवासी संतोष सिंह ने 25 जुलाई 2014 को मुकदमा दर्ज कराया की आरोपी जबरदस्ती भूपति भवन का ताला तोड़कर घुस गए। मना किया तो वे हमलावर हो गए। सामान लूटकर फरार हो गए। अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी।

### चिकित्सक घनश्याम तिवारी और आजाद अहमद हत्याकांड में नहीं तय हो सके आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते साल शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड के चार आरोपियों को सोमवार को जेल से जिला जज की कोर्ट में पेशी पर लाया गया। वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई के लिए 6 मार्च के आरोप तय के लिए नियत की गई। 23 सितंबर को हुए हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह व धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी अजय के ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में भी आरोपियों पर आरोप नहीं तय हो सके। कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 7 मार्च की तारीख नियत की है। भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर 6 अगस्त को गोली मारकर दीवानी के अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई और भाई मुनव्वर घायल हो गया था। सुलतानपुर की जेल में बंद सोहराब, शहजाद, शमीम, मेराज, सलमान इकराम को कोर्ट लाया गया जबकि लखनऊ की जेल में बंद आरोपी इस्माइल उर्फ प्रिंस को नहीं लाया जा सका।

### पूर्व विधायक अनूप संडा मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खराब बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी कामकाज में बाधा, पुलिस कर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में पूर्व विधायक अनूप संडा समेत 34 के खिलाफ जारी मामले में माननीयों की विशेष अदालत में सुनवाई सोमवार को टल गई। कोर्ट ने 7 मार्च को फिर सुनवाई के लिए तारीख नियत की है। मामला अभियोजन पक्ष की गवाही में लंबित है। खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### ओबीसी सीट पर एससी महिला बनी ग्राम प्रधान

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत का प्रधान पद ओबीसी महिला आरक्षित था। आरोप है कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा एससी महिला प्रधान बन गई है। मामला जयसिंहपुर विकास खंड के रवनिया गांव से जुड़ा है। गांव के हर्षराम ने सोमवार को डीएम के जनता दर्शन में पहुंच प्रधान की शिकायत शपथ पत्र देकर की है। बताया कि गांव का प्रधान पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित था जिस पर नीरा कुमारी पत्नी रमेश कुमार प्रधान है। नीरा एससी महिला है। फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा चुनाव जीत गई। तीन माह पहले भी शिकायत की थी जिसकी जांच नायब तहसीलदार जयसिंहपुर के दबाए हुए हैं। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने जांच का आदेश दिया है।

**सार-संक्षेप**

### कादीपुर में सपा ने निकाली पीडीए साइकिल यात्रा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से पीडीए साइकिल यात्रा निकाली गई। रविवार को क्षेत्र के बनके गांव मोड़ से निकली साइकिल यात्रा कस्बे के विभिन्न मोहल्लो से होती हुई पूर्व विधायक भगेलूराम के आवास पर समाप्त हुई। जहां पर साइकिल यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा बैठक में तब्दील हो गई। बैठक को संबोधित करते हुए युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवमंगल तिवारी ने कहा कि पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक ही नहीं अपितु सामान्य वर्ग के गरीब लोग भी पीडीए श्रेणी में आते हैं। उन्होंने लोगों से लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भ्रष्ट भाजपा सरकार को हटाकर इंडिया के प्रत्याशियों को विजई बनाने की अपील की। पूर्व विधायक भगेलूराम ने कहा कि भाजपा की सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है। युवा परेशान है। सरकार एक भी भर्ती नहीं कर पा रही है। उन्होंने लोगों से इंडिया प्रत्याशियों को भारी मतों से लोकसभा चुनाव में विजई बनाने का आवाहन किया। बैठक को यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष शहजाद अहमद, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष भजन यादव ने भी संबोधित किया। मौके पर सुनील कुमार यादव, हनुमान यादव, अभिषेक उपाध्याय, शिवम अग्रहरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव आदि रहे।

### दुर्बल वर्ग के 309 बच्चे करेंगे नि:शुल्क पढ़ाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुर्बल आय वर्ग के बच्चों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम सोमवार को विद्यालय आवंटित किया गया। यह बच्चे प्राइवेट विद्यालयों में नि :शुल्क शिक्षा ग्रहण करेगें। फीस की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा विद्यालय को किया जाएगा। अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों का जनपद के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नि :शुल्क प्रवेश हेतु बेसिक शिक्षा विभाग सुलतानपुर को कुल 1265 आवेदन प्राप्त हुआ था। खण्ड शिक्षा अधिकारियों की जांच में 363 आवेदन सही पाया गया था। सोमवार को दुर्बल आय वर्ग के बच्चों को विद्यालय आवंटन को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के निर्देशन में ऑनलाइन लॉटरी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुलतानपुर के वरिष्ठ प्रवक्ता सुनील बरनवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद बहादुर सिंह, बलदेव प्रसाद, शिव शंकर मिश्रा की उपस्थिति में की गई। ऑनलाइन लॉटरी में 309 बालक बालिकाओं को चयनित कर विद्यालय आवंटित किया गया। यह बच्चे अब प्राइवेट विद्यालयों में नि :शुल्क शिक्षा ग्रहण करेगें। प्रभारी जिला समन्वयक श्याम सुंदर ने बताया द्वितीय चरण का आवेदन अब एक से 30 मार्च तक किया जा सकेगा।

### वृद्ध हुआ धोखाधड़ी का शिकार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआकला थाना क्षेत्र के खड़सा निवासी दरगाही खान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह 74 वर्षीय वृद्ध है और अनपढ़ है। शरीर जीण-क्षीण हो चुका है। 20 जून 2022 को उसके ही गांव के मो. नसीम ने सुलतानपुर में डाक्टर को दिखाने के बहाने उप निबंधक कार्यालय लाकर उसकी 39 बिस्वा भूमि का इकरारनामा तथा नोटोरियल रेहननामा लिखा लिया। जानकारी पर शिकायत की तो मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी और धोखाधड़ी का मुकदमा थाना कोतवाली नगर में लिखा दिया। पीड़ित के मुताबिक शनिवार को मो. नसीम साथियों के साथ आया और फर्जी इकरारनामे के आधार पर बैनामा करने का दबाव बना रहा है तथा गाली गलौज कर हत्या की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### विधिक ज्ञान का अर्जन नई पीढ़ी की जरूरतः अटल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल रविवार को बढ़ैयावीर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ एडवोकेट अरविंद सिंह राजा के बढ़ैयावीर स्थित आवास पर मुलाकात करने पहुंचे। सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने कहा नई पीढ़ी को विधिक ज्ञान की जरूरत है तथा हमें इसे साकार करना है। उन्होंने श्री राजा को स्वलिखित अपनी विधिक पुस्तके सप्रेम भेंट की। अरविंद सिंह राजा ने कहा कि नए कानून बन जाने से अपराध में कमी आएगी। सरकार गरीबों के लिए बेहतर काम कर रही है। सह अध्यक्ष ने कहा कि औपचारिक मुलाकात के लिए जिले में आगमन हुआ था तथा अधिवक्ताओं के हितो के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस दौरान प्रशांत सिंह, मृत्युंजय नारायण सिंह, अमित श्रीवास्तव, वेद प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के लखनऊ बलिया राजमार्ग पर इटकौली के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर सैलखा निवासी शिवकुमार (42) पुत्र बुद्धिराम सोमवार को बाइक से सुलतानपुर जा रहा था। सोमवार सुबह 10 बजे जैसे ही वह लखनऊ-बलिया हाईवे पर इटकौली के पास पहुंचा, सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आकर गिर गया। ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर भेजते हुए चोटिल के परिजनों को सूचित किया।

### वरिष्ठ सपा नेता के निधन पर जताया शोक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी वरिष्ठ नेता हाजी सलाउद्दीन का हृदय गति रुक जाने के कारण इंतकाल हो गया। सोमवार को उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। पूर्व विधायक राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, निसार अहमद गुड्डू, हाजी हारून, अशोक सिंह बिसेन, पवन अग्रवाल, शिवम पांडेय, अजहर जमाल, रानू व अन्य पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

**खेलकूद** कटसारी में आयोजित की गई डे-नाइट राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

## प्रयागराज को हरा रायबरेली की टीम बनी चैंपियन

कादीपुर, सुलतानपुर



कादीपुर में राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के कटसारी गांव में आयोजित डे नाइट राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रायबरेली ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पांच सेट का हुआ। जिसमें रायबरेली की टीम ने तीन सेट लगातार जीत कर मुकाबला को एक तरफा बना दिया। इस प्रकार रायबरेली के टीम ने प्रयागराज को शिकस्त देकर विजय श्री को अपने नाम कर लिया।

प्रथम पुरस्कार के रूप में रायबरेली की टीम को 21000 रुपए नकद व द्वितीय पुरस्कार के रूप में प्रयागराज टीम को 15000 रुपये नगद धनराशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज बरवारीपुर के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र यादव ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। संचालन बांके सिंह व विजय प्रताप सिंह ने किया। मौके पर पूर्व प्रधान जितेन्द्र सिंह, प्रधान अरुण कुमार मिश्र, सुरेंद्र पाल, भाजपा नेता सर्वेश सिंह आदि रहे।

## व्यापारी समय से रिटर्न दाखिल करें: उपायुक्त राज्यकर

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राज्य कर स्थापना दिवस पर जिला पंचायत परिसर में स्थित राज्य कर विभाग के प्रांगण में व्यापारियों एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति में सोमवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए राज्यकर उपायुक्त शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी व्यापारी समय से अपना-अपना रिटर्न दाखिल कर राजस्व में सहयोग करें। यदि व्यापारियों को कोई समस्या हो तो हेल्प डेस्क पर शिकायत कर सकते हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता राज खन्ना ने कहा कि 26 फरवरी 1948 को इस विभाग की स्थापना बिक्री कर के नाम से हुई थी जो बाद में व्यापार कर और अब राज्यकर के नाम से जाना जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि सभी व्यापारी तालमेल स्थापित कर अपना कार्य सुचारू रूप से संचालित कर करें। राज्य कर विभाग ने अपने विभागीय कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। सेमिनार में पंकज कुमार, सहायक आयुक्त प्रशासन ज्योति रानी, रियाज अहमद सहायक आयुक्त एवं राम जियावन एवं रश्मि मिश्रा सुबोध कुमार राज्य कर्मचारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार पांडेय, विकास सिंह, विनोद तिवारी, सारिक, ओमप्रकाश सिंह आदि रहे।

# सिद्धार्थनगर व बढ़नी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का हुआ शिलान्यास

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी द्वारा 41 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं की सौगात अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 554 रेलवे स्टेशनों का पुर्नविकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडर पास का उद्घाटन शिलान्यास वर्चुवल रूप से किया गया। रेलवे स्टेशन सिद्धार्थनगर एवं रेलवे स्टेशन बढ़नी के पुनर्विकास कार्यक्रम का शिलाल्यास का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, अध्यक्ष, नगर पालिका गोविन्द माधव, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, दीपक मौर्य, हेमन्त जायसवाल, राम कुमार कुंवर, लाल जी त्रिपाठी, फतेबहादुर सिंह, राजेश मिश्रा, एडीएफएम दीपक कुमार सिंह, स्टेशन अधीक्षक डीके उपाध्याय व अन्य की उपस्थिति में लाइव प्रसारण को देखा गया। स्टेशन अधीक्षक सिद्धार्थनगर डीके उपाध्याय ने सांसद सहित सभी अतिथियों व जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हमारा देश विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने आये। प्रधानमंत्री ही देश के विकास के लिए बेहतर सोच रखते हैं जिसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों एवं ओवर ब्रिज/अंडर पास का शिलान्यास किया जा रहा है। यात्री कम समय में अच्छी सुविधा के साथ यात्रा कर सकें इसके लिए नई रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है सभी रेल लाइनों का विद्युतीकरण एवं दोहरीकरण भी किया जा रहा है। रेलवे क्रासिंग के समय जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती थी जिससे लोगों को निजात मिलेगी। प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए वन्दे भारत ट्रेन एवं अमृत भारत ट्रेनो का शुभारम्भ किया गया है। विभिन्न रेलवे स्टेशनों को अतिरिक्त रेल लाइनों के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। इसके पश्चात



जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद जगदंबिका पाल व अन्य जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

## प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार को अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 से अधिक रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन के मौके पर खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। साथ ही आयोजित समारोह में एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे कालोनी जटेपुर, गोरखपुर की 11 छात्राओं को सांसद, संत कबीरनगर, प्रवीन कुमार निषाद ने प्रमाण प्रत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बता दें कि '2047 का विकसित भारत की विकसित रेल' विषय पर एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल रेलवे कालोनी, जटेपुर, गोरखपुर में कविता पाठ, निबंध लेखन, चित्रकला, कहानी लेखन, सामान्य ज्ञान/क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सफल प्रतिभागियों को सोमवार को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

विभिन्न स्कूलो के छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मेडल प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त एके सिंह, सौरभ सिंह, श्याम बहादुर सिंह, अनिल कुमार मौर्य, शुभम मिश्रा, संदीप खरे, सुशील कुमार व रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### हर घर जल योजना के तहत किया गया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** हर घर जल योजना अंतर्गत चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड नौगढ़ में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वॉटर क्वालिटी सर्वेक्षण जल जांच करके सामाजिक मानचित्रण के माध्यम से फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से हॉटस्पॉट प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी कृतिका अवस्थी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आशुतोष मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा ने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया।

### जीडीए के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**गोरखपुर, अमृत विचार।** जीडीए सभागार में जीडीए अध्यक्ष अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में जीडीए के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई बैठक के दौरान जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन जीडीए सचिव यूपी सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेन का समय बदला

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मध्य रेलवे के निंबलक-विलद-वांबोरी रेलवे स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलाकिंग नान इंटरलाकिंग कार्य किये जाने के कारण 27 फरवरी को 12103 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस पुणे से रि-शिड्यूल कर 10.45 के स्थान पर 13.55 बजे चलायी जायेगी।

### एसपी ने की जनसुनवाई

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं व शिकायतें सुनीं। अपने कार्यालय में एसपी ने जनसुनवाई कर संबंधित थाना पुलिस व अधिकारियों को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल समस्या के निस्तारण का निर्देश दिया।

# शहर के चारो प्रवेश द्वारों पर बनेंगे पार्किंग स्थल

## शहर के अंदर सवारी के लिए चलेंगे सिर्फ ई-रिक्शा, नगर पालिका ने चिन्हित की भूमि

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शहर के चारो प्रवेश द्वारों पर पार्किंग स्थल बनेंगे, जहां से बड़े वाहनों का अंदर प्रवेश नहीं होगा। शहर के अंदर आवागमन के लिए निजी वाहनों के साथ सवारी के लिए सिर्फ ई-रिक्शा ही संचालित होंगे। नगर पालिका ने पार्किंग स्थल के लिए चिन्हित भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए तहसील प्रशासन को पत्र भेजा है। पार्किंग स्थल पर यात्रियों व वाहन चालकों के लिए छाजन, पेयजल व सुलभ शौचालय समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

पार्किंग स्थल नहीं होने और वाहनों के आवागमन संबंधी नियम नहीं होने के कारण शहर में आने वाले बड़े एवं छोटे वाहन सड़क किनारे खड़े होते है। मुख्य सड़क, स्टेशन रोड, खजुरिया रोड सहित अन्य मार्गों पर सड़क किनारे खड़े वाहनों से अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसा एक दिन ही नहीं होता बल्कि प्रतिदिन लोगों को जाम की समस्या से जुझना पड़ता है। शहर में सड़क किनारे स्थित दुकान, प्रतिष्ठान व घर के सामने पार्किंग स्थल नहीं होने से लोग सड़क किनारे ही वाहन खड़ी कर खरीदारी करते है।

शनिवार शाम सिद्धार्थ तिराहे के पास एक चालक सड़क किनारे चार पहिया वाहन खड़ा कर सब्जी खरीदने लगा, इससे थोड़ी देर में ही जाम लग गया। इसी बीच रेलवे क्रासिंग बंद हो गई, जिससे जाम फंसे लोग आधे घंटे बाद आवागमन कर सके। शहर में गोरखपुर मार्ग के प्रवेश स्थल हुसेनगंज में पुराने एआरटीओ कार्यालय के पास पार्किंग स्थल के लिए भूमि चिन्हित की गई है। बांसी व शोहरतगढ़ मार्ग से आने वाले वाहन चालकों के लिए सनई चौराहे के पास पार्किंग स्थल बनेगा। सोहांस व लोटन की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए पिठनी पुल के पास और बर्डपुर, ककरहवा व कपिलवस्तु की तरफ से आने वाले वाहनों का पार्किंग स्थल जमुआर के पास बनेगा। इससे इन मार्गों से आने वाले सवारी वाहन इन्हीं पार्किंग स्थलों पर खड़े होंगे और यहीं आएंगे व जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने बताया कि पार्किंग स्थल बनने के बाद शहर में टैक्सियों के संचालन पर रोक लगाई जाएगी। शहर को प्रदुषणमुक्त करने के अभियान के तक सवारी वाहनों में सिर्फ ई-रिक्शा का संचालन होगा। साथ ही जाम से मुक्ति के लिए शहर के स्टेशन रोड, मुख्य मार्ग, खजुरिया रोड अशोक मार्ग व पेट्रोल पंप तिराहा समेत विभिन्न मार्गों पर इनके संचालन के लिए रूट चार्ट बनेगा। इस रूट चार्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाएगी। व्यापारी अजीत अग्रहरि कहते हैं कि शहर में जाम से बचने के लिए पार्किंग स्थल बनना जरूरी है, इससे वाहनों के सड़क किनारे खड़े होने की समस्या से मुक्ति तो मिलेगी ही साथ ही शहर को प्रदूषण से से भी मुक्ति मिल जायेगी।

> चिन्हित भूमि के पार्किंग स्थल के लिए आवंटित होने पर वहां यात्रियों एवं वाहन चालकों के लिए सुविधाएं मुहैया कराने संबंधी कार्य कराए जाएंगे।
>
> **- गोविंद माधव,** अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर

> शहर के चारों तरफ से आने वाले मार्गों पर पार्किंग स्थल निर्माण संबंधी नगर पालिका का पत्र मिला है, जल्द इसके संबंध में विधिक कार्रवाई की जाएगी। बढ़ते शहर को समस्या मुक्त करने का काम बहुत जरूरी है।
>
> **- डॉ. ललित कुमार मिश्र** एसडीएम नौगढ़

# निजी भूमि पर सरकारी स्कूल बनवाने का लगाया आरोप

**विवाद**

**पुलिस व प्रशासन से मदद न मिलने पर कोर्ट से लगाई गुहार**

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम गांव के प्रधान के भाई ने ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए निजी जमीन पर प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर लेकर प्रधान के भाई ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है।

भरवठिया मुस्तहकम निवासी फुरकान ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि जिस पर ठेकेदार के द्वारा प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण किया जा रहा है वह प्रवेज अहमद के नाम दर्ज है। जबकि गांव में सरकारी भूमि उपलब्ध है। उसी भूमि पर स्कूल बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। काम को रोकने के लिए थाना, तहसील प्रशासन से कोई कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। इसके बाद भी अभी तक तहसील प्रशासन के द्वारा निजी जमीन पर हो रहे स्कूल के निर्माण को नहीं रोका गया।

इस सबंध में एसडीएम डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित ने कहा कि किसी के निजी जमीन में अगर स्कूल का निर्माण हो रहा है, तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। स्कूल का निर्माण ग्राम समाज के सरकारी भूमि या स्कूल के लिए प्रस्तावित जमीन पर ही किया जाएगा।

# जिले के सात विद्यालयों का होगा कायाकल्प

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** कायाकल्प योजना के तहत माध्यमिक और संस्कृत विद्यालयों की जल्द ही तस्वीर बदलनी शुरू हो जाएगी। जिले के तीन माध्यमिक और चार संस्कृत विद्यालयों के कायाकल्प और 11 राजकीय विद्यालयों के बाउंड्रीवाल बनाने की कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। इसी माह के अंत तक धनराशि आ जाएगी और काम शुरू हो जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग में चल रही कायाकल्प योजना की तरह सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद और संस्कृत विद्यालयों के कायाकल्प पर जोर दे रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सहायता प्राप्त विद्यालयों को बनाने के लिए 75 प्रतिशत धनराशि खुद दे रही हैं। जबकि 25 प्रतिशत धनराशि विद्यालयों को खर्च करना है। इसी प्रकार संस्कृत विद्यालयों में 95 प्रतिशत धनराशि सरकार दे रही है। पांच प्रतिशत धनराशि विद्यालय प्रबंधन को लगाना है। लेकिन विद्यालयों की ओर से इसमें रुचि नहीं ली जा रही थी। 25 और पांच प्रतिशत राशि पहले जमा करना है, इसलिए विद्यालय प्रबंधन आगे नहीं आ रहा था। इसी बीच जिला विद्यालय निरीक्षण की ओर से समीक्षा की गई। विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य को प्रेरित किया। इसके बाद चार संस्कृत विद्यालय और तीन सहायता प्राप्त विद्यालय कायाकल्प की प्रक्रिया पूरी की है। इसी प्रकार 11 राजकीय विद्यालय के बाउंड्रीवाल के लिए कागजी कार्रवाई पूरी होकर शासन को चला गया है। इसी माह के आखिरी सप्ताह तक धनराशि आने की उम्मीद है। इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि संस्कृत और सहायता प्राप्त सहित सात विद्यालयों के कायाकल्प की कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। धनराशि भी जल्द आ जाएगी और निर्माण शुरू हो जाएगा।


पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द में नशा, साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते एसएसबी के जवान व अन्य। अमृत विचार

## नशा मुक्ति व साइबर सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त भारत अभियान तथा साइबर सुरक्षा के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमा चौकी खुनवा प्लान इंडिया, बगहवा और पिरामल संस्था, सिद्धार्थनगर के सहयोग से पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द में नशा मुक्त भारत अभियान और साइबर सुरक्षा के सन्दर्भ में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कमान्डेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण जान गंवा रहे हैं। साथ ही आए दिन लोगों के साइबर ठगी के शिकार होने की घटना संज्ञान में आ रही है। इसी को लेकर सोमवार को सीमा चौकी खुनवा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द में राज पाल, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान तथा साइबर सुरक्षा के सन्दर्भ में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द के स्कूली बच्चों के द्वारा गीत और नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता संदेश दिया गया। इस अभियान के दौरान एसएसबी के अधिकारी और कार्मिकों के साथ साथ स्कूल से दधीचि कुमार, प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक, प्लान इंडिया बगहवा के जिला समन्वयक प्रसून शुक्ला तथा पीरामल संस्था सिद्धार्थनगर से शिवम कुमार व सत्येंद्र सिंह के साथ अन्य ग्रामीण और स्कूली बच्चें भी शामिल रहे।

## विद्यालय में प्रवेश के लिए फार्म वितरण शुरू

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सीबीएससी बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम द्वारा मान्याता प्राप्त इस विद्यालय में सत्र 2024-25 हेतु कक्षा-06 से 11वीं तक में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म का वितरण किया जा रहा है। प्रवेश फार्म किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय से 10 बजे से 02 तक प्राप्त किया जा सकता है तथा आवेदन फार्म पूर्ण रूप से भरकर 19 मार्च, 2024 तक जमा किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा 21 मार्च, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक सम्पन्न होगी। इस विद्यालय में कुशल एवं योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षणेत्तर कार्य सम्पन्न करायी जाती है। सी.सी.टी.वी. एवं ऑडियो से सुसज्जित इस विद्यालय में आधुनिक पुस्तकालय, प्रयोगशाला तथा खेल का मैदान है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# एडीजी जोन ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

गोरखपुर

**अमृत विचार।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन गोरखपुर डॉक्टर के एस प्रताप कुमार व पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र आनंद कुलकर्णी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में एडीजी जोन डॉक्टर के एस प्रताप कुमार ने सभी थानाध्यक्ष, पुलिस आफिस के सभी शाखा प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इसमें पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गए।

समीक्षा बैठक में एडीजी ने जिले की कानून व्यवस्था का हाल जाना। करीब दो घंटे तक चली बैठक में अपराध पर अंकुश लगाने तथा जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने को विशेष निर्देश दिया गया। इसमें आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपराधियों व अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। एडीजी ने कहा कि थानों पर आने वाले पीड़ित व्यक्तियों के साथ सद व्यवहार करें तथा न्यायोचित तरीके से उसकी शिकायतों पर कार्यवाही करें। जमीन विवाद के मामले में राजस्व विभाग की मदद से उसका त्वरित निस्तारण करने को कहा। उन्होंने पुलिस अफसरों को गौ-तस्करी, शराब तस्करी रोकने को जांच में तेजी लाकर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। कहा कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर संबंधित व्यक्ति को चिन्हित कर उसके खिलाफ कार्यवाही करें, जिससे इस तरह की हरकत अन्य कोई व्यक्ति नहीं कर सके। उन्होंने माफियाओं पर कार्यवाही में तेजी लाने को कहा।

## एण्डी रोमियो स्क्वाड ने चलाया चेकिंग अभियान

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान युवकों, महिलाओं और युवतियों को महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। मनचलों एवं शोहदों को चेतावनी दी गई। थानाध्यक्ष महिला थाना, शक्ति मोबाइल प्रभारी, एण्टी रोमियो स्कवाड ने संयुक्त रूप से गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल धेंसा में पुलिस की पाठशाला कार्यशाला का आयोजन किया। स्कूल-कॉलेज, कोचिंग सेन्टर के पास चेकिंग की गयी।

**प्रोत्साहन** | खंड शिक्षा अधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित, कहा

# बच्चों का रोल मॉडल होता है आदर्श शिक्षक : बीईओ

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** आदर्श शिक्षक बच्चों के लिए सच्चा पथप्रदर्शक ही नहीं बल्कि प्रेरणास्रोत और रोल मॉडल भी होता है। शिक्षक यदि अपने अर्जित ज्ञान, अनुभव एवं अन्य विभिन्न कौशलों को अपने छात्रों में सहजता एवं सरलता से स्थानांतरित करने में सफल हो जाता है तो उसके छात्रों को विषयगत निपुणता के साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है।

खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) धर्मेन्द्र कुमार पाल ने सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ के सभागार में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को में यह विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, शिक्षक एवं साहित्यकार नियाज़ कपिलवस्तुवी, एआरपी एवं साहित्यकार डाक्टर विनयकांत मिश्र, आदर्श नवाचार के लिए शिक्षिका प्रार्थना मिश्रा, निपुण विद्यालय धौरीकुइयां से शशिप्रताप श्रीवास्तव, श्रेष्ठा प्रवेश परीक्षा में सर्वाधिक बच्चों के चयन के लिए पारा नानकार के उत्सव तिवारी, सांस्कृतिक टीम संयोजन के लिए दिव्या जायसवाल, शैक्षिक नवाचार एवं गुणवत्ता संवर्धन के लिए प्रीति चौहान तथा दीर्घकालिक सेवा के लिए जगदीश प्रसाद आदि को सम्मानित किया। बीईओ धर्मेन्द्र पाल ने शिक्षकों को अपनी अन्तर्निहित प्रतिभा एवं कौशल को निरंतर संवारने एवं बच्चों को सीखने का सकारात्मक वातावरण प्रदान करने को भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को शिक्षक नेता अरूण सिंह, विजयेन्द्र मिश्रा, सुभाष वरूण ने भी संबोधित किया। संचालन एआरपी डाक्टर विनयकांत मिश्र ने किया। कार्यक्रम में अर्चना यादव, सुनीता वर्मा, विजया यादव, शिखा श्रीवास्तव, संतोष त्रिपाठी, हुस्न आरा, साक्षी श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र चौधरी आदि की उपस्थिति रही।


नौगढ़ ब्लॉक सभागार में आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए शिक्षक। अमृत विचार

## दो भाइयों को सात-सात साल की कैद व जुर्माना

**सिद्धार्थनगर।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या का प्रयास के दो आरोपियों को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास व 17-17 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में सोमवार को थाना डुमरियागंज में दर्ज मुकदमे में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मोहम्मद सफीक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बांसी जनपद ने दो सगे भाईयों अभियुक्त बद्री और शिवा निवासी भरोहिया उर्फ डोलवा दोषी पाते हुए सजा सुनाई। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चन्द्र दुबे तथा न्यायालय पैरोकार का योगदान रहा।

## सार-संक्षेप


सर्व ब्राह्मण समन्वय समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### सर्व ब्राह्मण समन्वय समिति की बैठक संपन्न

गोरखपुर, अमृत विचार। सर्व ब्राह्मण समन्वय समिति की बैठक प्रधान कार्यालय राजेंद्र नगर भाटी विहार कॉलोनी बैजनाथ आईटीआई गोरखनाथ की गई। जिसमें संगठन को मजबूत करने तथा भगवान परशुराम जयंती होली मिलन सनातन धर्म के हिसाब से नव वर्ष पर चर्चाएं हुई। चर्चा में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक रंजय तिवारी उर्फ सोना तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विजय नारायण मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव पंडित विजय शंकर मिश्रा, सचिन तिवारी, भारद्वाज तिवारी, काशीनाथ दुबे, अशोक कुमार शुक्ला, बंधन पांडे, वीरेंद्र पांडे, कृष्ण मोहन पाठक, मनीराम त्रिपाठी, रमापति त्रिपाठी, हरिहर मिश्रा, शंभू प्रसाद मिश्र, अजय कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे।

### रुद्र महायज्ञ के लिए कलश यात्रा 29 को

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व 9 दिवसीय रुद्र महायज्ञ के लिए कलश यात्रा 29 फरवरी को सुबह 8 बजे से क्षेत्र के ग्राम उटिया के टोला शिवपुर में स्थित शिवमन्दिर के प्रांगण से भव्य रूप में निकलेगी। यह जानकारी मंदिर के संस्थापक एवं यज्ञ आयोजक रामनिवास गुप्ता ने देते हुए बताया कि कलश यात्रा 29 फरवरी दिन गुरुवार को सुबह 8 बजे से बैंडबाजा एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू होगी। कूड़ा नदी से जल भरकर वापस आयेगी। पहली मार्च से दोपहर 1 बजे से अपराहन 4 बजे तक पंडित आद्या शरण पाण्डेय द्वारा प्रवचन होगा। 2 मार्च से शाम 7 बजे से श्रीधनुषधारी आदर्श रामलीला मंडल कुसौना खुर्द मेहदावल के कलाकारों द्वारा रामलीला की प्रस्तुति होगी। महायज्ञ की पूर्णाहुति महाशिवरात्रि पर्व पर 8 मार्च दिन शुक्रवार को विशाल भंडारा के साथ होगा।

### किसान के बेटे ने हासिल की डॉक्टरेट की उपाधि



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मिठवल ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिसवा निवासी किसान के बेटे ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त किया। मोहम्मद याकूब के छह बेटों में पांचवें नंबर के पुत्र अलीमुल्लाह यह उपाधि प्राप्त की है। अलीमुल्लाह ने अपनी आरंभिक शिक्षा गांव से ग्रहण की। इसके बाद जामिया सलाफिया बनारस के मदरसे से आलिम तक शिक्षा प्राप्त की। उसके उपरांत उच्च शिक्षा के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। जहां से बीए, एमए और बीएड प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। उसी के साथ यूजीसी द्वारा छात्रवृत्ति और पीएचडी में प्रवेश के लिए आयोजित अखिल भारतीय यूजीसी नेट जेआरएफ जैसी कठिन परीक्षा को पहले ही प्रयास में पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया और अगले ही प्रयास में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर लिया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से उक्त तीनों डिग्री प्राप्त कर प्रख्यात दिल्ली विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के एम फिल कोर्स में 2017 में प्रवेश लिया। इस डिग्री को प्रथम स्थान से पास कर उसी साल पीएचडी में आसानी से प्रवेश ले कर शिक्षा के आखिरी पायदान पर कदम रख दिया। हिंदी उर्दू कविता के तुलनात्मक अध्ययन पर अपना शोध पूरा कर के डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। पीएचडी की थीसिस जमा करने उपरांत ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित स्नातक के पद चयन कर लिया गया। मौजूदा समय इन की पोस्टिंग देवरिया जिले के लोहिया इंटर कॉलेज सहवां में हैं। डॉ. अलीमुल्लाह की इस उपलब्धि पर उनके गांव व क्षेत्र के लोगों में हर्ष है। ग्राम सिसवा के प्रधान सोनू सिंह और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी अज्जू सिंह ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### यात्रियों का सामान बरामद कर वापस सौंपा

**गोरखपुर, , अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 25 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस, प्रयागराज रामबाग द्वारा निगरानी के दौरान प्रयागराज रामबाग स्टेशन यार्ड से यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक चोर को चोरी किया हुआ दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। रेलवे सुरक्षा बल, खलीलाबाद द्वारा गाड़ी संख्या-15204 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। 25 फरवरी, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-15104 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। 25 फरवरी, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, इज्जतनगर द्वारा गाड़ी संख्या-15073 से यात्री का छूटा एक घड़ी बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर घड़ी को उसे सुपुर्द किया गया। सुरक्षा बल, कप्तानगंज द्वारा गाड़ी संख्या-15002 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया।

# धर्म दर्शन

# भारत भाव रूप श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण भारत के लोकजीवन में वर्तमान हैं। देश में हजारों-हजारों ही सांस्कृतिक-समूह हैं और वे अपने-अपने भाव के साथ श्रीकृष्ण के पास रहते हैं, उपासना अर्थात् पास बैठना या यों कहें कि श्रीकृष्ण उनके भावों में प्रत्यक्ष ही रहते हैं। भारत में जितनी भी सांस्कृतिक-धाराएं हैं, वे लगभग सभी किसी न किसी रूप में श्रीकृष्ण में समाहित हो गईं हैं और वे सब वर्तमान हैं, किताब की बात नहीं, जीवन की बात है, इसलिए अब किताब का भी क्या काम?

चित्रकार इन भाव भावनाओं के आधार पर चित्र बना रहे हैं, मूर्तिकार मूर्तियां गढ़ रहे हैं, गवैए गीत गा रहे हैं, नर्तक नृत्य कर रहे हैं, कवि कविता रच रहे हैं, कथाकार कथा सुना रहे हैं। कीर्तनकार कीर्तन कर रहे हैं। नर नारी भांति-भांति के लोकगीत गा रहे हैं। कोटि कोटि जन कृष्ण भाव को लेकर ब्रज भूमि, द्वारिका, कुरुक्षेत्र आदि की यात्रा करते हैं। कृष्ण चेतना का आंदोलन इस्कॉन तो अब विश्वव्यापी बन चुका है। अमेरिका में वृंदावन की प्रतिष्ठा हो चुकी है। बंगाल की कहावत है धान बिना खेत नहीं, कान्हा बिन गीत नहीं। श्रीकृष्ण हरि भी हैं न, हरिमन्दिर साहब में भी हरि के रूप से विराजमान हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यदुकुलः द्वारकानाथ : वृष्णिवीर देवकीनन्दन, वसुदेवनन्दन, वासुदेव, यदुनन्दन, यदुकुलनन्दन, अन्धक-वृष्णिनाथ, दाशार्हनन्दन, जदुनाथ, जदुराई, यदुवीर, यदुवंश-विवर्धन, यदुसुखावह, यदु-कुलश्रेष्ठ, शौरि, यादवेश्वर, यादवनन्दन। वृष्णिशार्दूल, वृष्णिकुलोद्वह, वृष्णिनन्दन, वृष्णिसत्तम। इस बात के अनेक सन्दर्भ मिलते हैं कि कृष्ण यदुवंशियों के कुलदेवता के रूप में पूज्य थे। वज्रनाभ कृष्ण की वंश-परम्परा में था और उसने कृष्ण की स्मृति में मन्दिरों का निर्माण कराया। पाञ्चरात्र-परंपरा में वृष्णिवीरों की पूजा तथा वृष्णिवीरों का तात्त्विक-विवेचन है।

श्रीकृष्णः महाभारत-संदर्भ महाभारत-संदर्भ से जुड़े हुए कृष्ण के नाम हैं- पार्थसारथि, पार्थमित्र, गीतागायक, द्रौपदी की लाज राखी, साग विदुरघर खाई, पांचौ पंडा छठे नारायन, कौन्तेयप्रियवन्धु, पाण्डुरर्जुन-वल्लभः।

गोप-संस्कृतिपरक- "आभीरेन्द्रसूनुः। कढ़िगौ अंबीर पै 'अहीर कौं' कढ़ें नहीं। सूरदासजी का एक पद है-हम तौ नन्द-घोष के बासी। नाम गुपाल जाति कुल गोपक, गोप-गुपाल उपासी। गोविन्द और गोपाल नाम बहुत व्यापक हैं तंत्रशास्त्र में गोपालसुंदरी की आराधना है। गोपाल-चूड़ामणि, गो-गोप संघावृत, गोपस्त्री-परिवेष्टितो जैसे नाम गोपाल-सहस्रनाम में हैं। 'आगें गाय पाछें गाय इत गाय उत गाय गोविंद को गायन में बसिबौ ही भावै। 'गोपी ग्वाल गाय गोसुत-हित सात दिवस गिरि लीन्हों।' गाय और गाय की विभूति से संबंधित सभी नाम गोप-संस्कृति के सन्दर्भ-सूत्र हैं, जैसे-नवनीतप्रिय, छाछपिबइया, माखनचोर। 'सोभित कर नवनीत लिये।' गोकुलनाथ, गोकुलचन्द्रमा, गोकुलेश, गोवर्धननाथ, गोलोकनाथ। श्रीकृष्ण को गोविन्द गोपाल नाम ही प्रिय हैं, द्वारकानाथ, त्रिलोकीनाथ नाम उन्हें नीरस प्रतीत होता है -प्यारौ नाम गोबिंद गुपाल कों बिहाय हाय, ठाकुर त्रिलोक के कहाय करि हैं कहा? (रत्नाकर)-संस्कृति लोक-जीवन में प्रवाहित होती है। उपासक-समूह उपास्य-तत्त्व की रचना करता है। इस दृष्टि से गोप, आभीर, गूजर जनजातीय-तत्त्व महत्त्वपूर्ण हैं।

तमिलनाडु में आयर कहलाने वाले ग्वाल लोग मुल्लै वन-प्रान्त में गाय चराते और कण्णन के गीत गाते थे। क्या ये वे ही लोग हैं, जो यादवों के साथ दक्षिण-मथुरा चले गए थे? आगे चलकर हमें यादव-गोप और आभीर जातियां एक-दूसरे में समाहित होती हुई दृष्टिगत होती हैं, जिनका देवता 'गोपाल' है। रांगेयराघव ने आभीरों को गोपालदेवता का उपासक बताया है, जो ई.पू. 1500 में आक्रमण करते हैं। अर्जुन पर आभीरों के आक्रमण का उल्लेख भागवत में भी है। रांगेयराघव के अनुसार ई.पू.800के लगभग 'कृष्ण' आभीर देवता-गोपाल में अन्तर्भुक्त हुए थे। अहीर की छोहरियां छछिया भर छाछ पै नाच नचावें। (रसखान) तथा 'हम तौ निपट अहीर बाबरी जोग दीजिये जानन' (सूरदास)। गोप-संस्कृति के सन्दर्भ में डॉ.चन्द्रभान रावत का यह मत ध्यान देने योग्य है कि -कृष्ण का व्यक्तित्व कुछ दिन के लिए यादवों, वृष्णियों और सात्वतों के हाथ से छूट गया और उसका विकास कुछ ऐसी घूमन्तू पशुपालक-जातियों में हुआ, जो भारत में बहुत पहले ही आ गई थीं, जो बौद्धिक अनुष्ठानों से अधिक महत्त्व अपनी स्वच्छन्द भावात्मक संस्कृति को देती थी, जिनका लोक-साहित्य सरस और प्रेमपरक था। एक गोप के रूप में कृष्ण का विकास हुआ। अपने घूमन्तू-जीवन में कृष्ण ब्रजभूमि में पलती-पनपती अन्य संस्कृतियों के सम्पर्क में भी आए और धीरे-धीरे उन सबका विलयन गोपसंस्कृति में हो गया।



### श्रीकृष्णः परब्रह्मः रस

परब्रह्म श्रीकृष्ण के नाम हैं-अव्यय, अधिदेव, अच्युत, अनन्त, अनादि, अखण्ड, अव्यक्त, भूतेश्वर, भूतपति, सनातन, विश्वतोमुखी, आदिकर्ता निर्गुणोनित्यो, आनन्दकन्द सच्चिदानन्द। अप्रकट-परब्रह्म पुरुषोत्तम हैं और प्रकट-परब्रह्म श्रीकृष्ण हैं। ब्रह्म की अवधारणा कृष्ण-अवतार में समाहित होती हैं। श्रीकृष्ण परब्रह्म के पर्याय बन जाते हैं - "परब्रह्म तु कृष्णोहि सच्चिदानंदकं बृहत्।" (वल्लभाचार्य)

### कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति

भगवान नारायण, जनार्दन, मधुसूदन, मुकुन्द, गरुड़गोविन्द, शेषशायी, मुरारि, केशव, गरुड़ध्वज, माधव, पुरुषोत्तम, श्रीनाथ, दीनानाथ, बैकुण्ठनाथ, पुण्डरीकाक्ष, कमलनाभ, पद्मनाभ, चक्रधर, चक्रपाणि, चक्रगदाधर, शंखचक्र-गदापाणि, गदाधर, उपेन्द्र, दामोदर, श्रीपति, श्रीधर, श्रीनिधि, शार्ङ्गधनुर्धर, शार्ङ्गी, सत्य, सुपर्णकेतु, मधुपति, त्रिविक्रम, जगतपिता, जगदीश, जगद्गुरु, क्षीराब्धिशयन:, पुण्यश्लोक आदि कृष्ण के ऐसे नाम हैं, जो कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति के प्रतीक हैं।

## भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन

रामानुजम् के अनुसार अपने अराध्य अथवा भगवान के दासत्वव की प्राप्ति ही भक्ति है। श्रीहरि विष्णु के लोक वैकुण्ठ में श्री,भू,लीला देवियों के साथ नारायण की सेवा करना ही परम पुरूषार्थ है। मुक्ति की प्राप्ति उपासना (भक्ति या आराधना) से ही होती है। सकर्मक क्रिया या उपासनात्मक भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है। मुक्ति का दूसरा साधन आराध्य के प्रति गहन ध्यान के साथ भगवान के प्रति पूर्ण शरणागति है। नारायण, विभु (सर्वव्यापक) तथा 'भूमा' (ऐश्वर्य)हैं, उनके चरणों में आत्म समर्पण से ही जीव को शांति मिलती है। उनकी प्रसन्नता से ही मुक्ति की प्राप्ति संभव है। अतः सब कुछ त्याग कर उनकी शरण लेनी चाहिए। वैष्णव संप्रदाय के सर्वसम्मानित आचार्य, वेदान्त दर्शन में "विशिष्टा द्वैतवाद" के प्रवर्तक, सगुणोंपासक रामानुजम्, छूआछूत और जातिवाद के घोर विरोधी थे। उनके अनुसार "व्यक्ति की पहिचान जाति नहीं, उसके गुणों के आधार पर होनी चाहिए।" शंकराचार्य जी के "ब्रह्मं सत्यं जगन्मिथ्या"(ब्रह्म सत्य है और जगत मिथ्या है) का खंडन करते हुए उनका तर्क था कि यदि ब्रह्म या ईश्वर सत्य है तो उसी की निर्मिति (निर्माण) जगत असत्य कैसे हो सकता है? शंकराचार्यजी के 'मायावाद' का खंडन के उनके प्रमुख तर्क "सप्तानुपत्ति" कहलाते हैं। सगुण ब्रह्म के उपासक आचार्य रामानुज "आत्मा" और "ब्रह्म" में अंतर स्पष्ट करते हुए कहते हैः- (क)=आत्मा अणु है और ब्रह्म विभु (सर्वव्यापक) है। (ख)=ब्रह्म जहां पूर्ण और अनन्त हैं, आत्मा ब्रह्म पर पूरी तरह निर्भर उनका अंश मात्र है। (3)=जैसे अंश, सदैव अंश ही रहता है, कभी पूर्ण नहीं हो सकता है, गुण, गुण ही रहता है कभी द्रव्य नहीं हो सकता है, उसी प्रकार आत्मा भी कभी ब्रह्म या ईश्वर भी नहीं हो सकता है। उनका स्पष्ट मत है कि मोक्ष प्राप्ति के बाद, आत्मा सर्वसत्तात्मक सर्वोच्च परमेश्वर में विलीन न होकर ब्रह्मवत् या ब्रह्म के समान हो जाने पर भी अपना पृथक् अस्तित्व बनाये रखता है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## तृप्तिदायक हे दिव्य सोम

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम! मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि, बृहस्पति एवं विष्णु आदि देवताओं को संतुष्ट करने के लिए, यज्ञों की निर्विघ्न सफलता एवं उनके विस्तार के लिए हम आपको यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। नियम पूर्वक ग्रहण किए गए हे सोमदेव! अपने स्थान से कभी विचलित न होने वाले, स्थिर रहने वालों में अग्रगण्य, आप स्थिर निवास वाले "ध्रुव" नाम से विख्यात हैं। स्थिर चित्त वाले हम याजक, आपको कल्याणकारी देवताओं की संतुष्टि के लिए यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। इंद्रदेव शत्रुओं का विनाश करते हुए हमारी संतानों को सद्बुद्धि प्रदान करें।

हे पात्र! आप दिव्य प्रकाश को धारण करने वाले वर्चस्वी हैं। हमारे प्राण वायु, उदान वायु एवं व्यान वायु को तेज प्रदान करें। आप हमारे मन, वाणी एवं कर्म में तेजस्विता की स्थापना करें। हमारे नेत्रों एवं कर्ण इंद्रियों को दिव्य शक्ति से संपन्न बनाएं। हे तेजस्विता प्रदान करने वाले! हमारी आत्मा में वर्चस् जागृत करें, हमारे ओज में वर्चस् जागृत करें, हमारे आयुष्य में वर्चस् जागृत करें। पृथ्वी के समस्त प्राणियों एवं प्रजाओं को तेज प्रदान करने की कृपा करें। साधकगण अपनी रक्षा के निमित्त, दिव्यशक्ति से संपन्न, ऐश्वर्य एवं पराक्रम प्रदान करने वाले, जल की वर्षा करने वाले इंद्रदेव का मरुदगणों के साथ आवाहन करते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे ग्रहों (पात्रों) आपको मरुदगणों सहित इंद्रदेव की तृप्ति के लिए नियमानुसार ग्रहण किया गया है। यह आपका मूल स्थान है। मरुतों को बल एवं प्रसन्नता प्रदान करने के लिए आपको यहां स्थापित करते हैं। हे मरुत् वान इंद्रदेव! अपनी प्रसन्नता के लिए आप तृप्तिदायक सोम का पान करें और दुराचारियों से युद्ध करें। इस पोषक मधुर सोमरस को पेट भरकर पिएं। अद्वितीय शौर्यवान्, यज्ञों का विस्तार करने वाले हे इंद्र! प्रजा की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले राजा की भांति, आप याजकों को ऐश्वर्य प्रदान कर, उनकी इच्छाएं पूर्ण करें। याजकों द्वारा सम्मानित हे इंद्र! आप उन्हें बलवान बनाएं। हे ग्रह (पात्र) नियमपूर्वक ग्रहण किए गए आपको महान इंद्रदेव की तृप्ति तथा प्रसन्नता के लिए नियुक्त करते हैं। यही आपका स्थान है।

## प्रेमपंथ ऐसो कठिन

रवींद्रनाथ के एक उपन्यास में एक युवती अपने प्रेमी से कहती है कि मैं विवाह करने को तो राजी हूं, लेकिन तुम झील के उस तरफ रहोगे और मैं झील के इस तरफ। प्रेमी की बात समझ के बाहर है। वह कहता हैः तू पागल हो गई है? प्रेम करने के बाद लोग एक ही घर में रहते हैं। उसने कहा कि प्रेम करने के पहले भला एक घर में रहें, प्रेम करने के बाद एक घर में रहना ठीक नहीं, खतरे से खाली नहीं। एक-दूसरे के आकाश में बाधाएं पड़नी शुरू हो जाती हैं। मैं झील के उस पार, तुम झील के इस पार। यह शर्त है तो विवाह होगा। हां, कभी तुम निमंत्रण भेज देना तो मैं आऊंगी। या मैं निमंत्रण भेजूंगी तो तुम आना। या कभी झील पर नौका-विहार करते अचानक मिलना हो जाएगा। या झील के पास खड़े वृक्षों के पास सुबह के भ्रमण के लिए निकले हुए अचानक हम मिल जाएंगे, चौंक कर, तो प्रीतिकर होगा। लेकिन गुलामी नहीं होगी। तुम्हारे बिना बुलाए मैं न आऊंगी, मेरे बिना बुलाए तुम न आना। तुम आना चाहो तो ही आना, मेरे बुलाने से मत आना। मैं आना चाहूं तो ही आऊंगी, तुम्हारे बुलाने भर से न आऊंगी।

इतनी स्वतंत्रता हमारे बीच रहे, तो स्वतंत्रता के इस आकाश में ही प्रेम का फूल खिल सकता है। एक तो साधारण प्रेम है जिसको तुम जानते हो। इस प्रेम ने तुम्हारे जीवन को नरक बना दिया है। इस प्रेम की बात नहीं कर रहा प्रेम-पंथ ऐसो कठिन! यह तो कठिन है ही नहीं। यह तो बड़ा सरल है। दुनिया में सभी इसको सम्हाल लेते हैं। इसमें कठिनाई क्या होगी? हर घर में चल रहा है, हर परिवार में चल रहा है, हर व्यक्ति में चल रहा है। यह तो बड़ा सरल है। इससे ऊंचा एक प्रेम होता है। उसको प्रेम में गिरना नहीं कह सकते। उसको हम कहेंगेः प्रेम में होना, बीइंग इन लव। वह बड़ी और बात है। उसका स्वभाव मैत्री का है। खलील जिब्रान ने ठीक कहा है कि सच्चे प्रेमी मंदिर के दो स्तंभों की भांति होते हैं। बहुत पास भी नहीं, क्योंकि बहुत पास हों तो मंदिर गिर जाए। बहुत दूर भी नहीं, क्योंकि बहुत दूर हों तो भी मंदिर गिर जाए।...देखते हो ये स्तंभ, जिन्होंने च्वांग्त्सु-मंडप को सम्हाला हुआ है? ये बहुत पास भी नहीं हैं, बहुत दूर भी नहीं हैं। थोड़ी दूरी, थोड़े पास। तो ही छप्पर सम्हला रह सकता है। एकदम पास आ जाएं तो छप्पर गिर जाए; बहुत दूर हो जाएं तो छप्पर गिर जाए। एक संतुलन चाहिए। असली प्रेमी न तो एक-दूसरे के बहुत पास होते हैं, न बहुत दूर होते हैं। थोड़ा सा फासला रखते हैं, ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता जीवित रहे। ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता में व्याघात न हो, अतिक्रमण न हो। ताकि एक-दूसरे की सीमा में अकारण हस्तक्षेप न हो। प्रेम में होने का अर्थ होता हैः हम पास भी होंगे इतने कि हमें एक-दूसरे से कोई भय का कारण नहीं, और हम इतने दूर भी होंगे कि हम एक-दूसरे को रौंद भी न डालेंगे, हमारे बीच आकाश होगा। और तुम्हारा निमंत्रण होगा तो मैं आऊंगा, और मेरा निमंत्रण होगा तो तुम मेरे भीतर आओगे। मगर निमंत्रण पर। यह हक न होगा, अधिकार न होगा।

-ओशो

# प्रदेश

## धारा 17 के तहत अधिग्रहित भूमि पर भूस्वामी माना जाएगा अतिक्रमणकर्ता

▸▸ याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

विधि संवाददता, प्रयागराज

**अमृत विचार** : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 की धारा 17 के तहत अधिगृहित भूमि अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के बाद बिना किसी बाधा के सरकार में निहित हो जाती है। अधिनियम के तहत अवार्ड पारित करना भी आवश्यक नहीं है। ऐसी भूमि पर कुछ वर्षों के बाद कब्जा करना संविधान के अनुच्छेद 300-ए के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दीपक शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जिस भूस्वामी की भूमि धारा 17 के तहत अधिगृहित की गई है, वह सरकार द्वारा अर्जित भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होगा। ऐसे में उस भूमि के संबंध में राज्य को परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। मालूम हो कि वर्ष 2006 में उत्तर प्रदेश सरकार ने उक्त अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी कर याची की भूमि अधिग्रहित कर ली थी। वर्ष 2010 में जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर द्वारा अवार्ड भी पारित कर दिया गया था। उसके बाद याची ने भूमि के एक हिस्से की लीज वापसी के अधिकार का दावा किया। याची के अधिवक्ता ने यह प्रस्तुत किया कि उसके दावों पर विचार किए बिना अधिकारियों द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया।

### देरी के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का दावा किया खारिज

**प्रयागराज** : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित एक मामले का निस्तारण करते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का दायरा तत्काल वित्तीय संकट से निपटने के लिए माना गया है। परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट झेल रहे परिवार को उबारने के लिए सरकार की ओर से अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। यह सत्य है कि संबंधित नियमों में संशोधन के अनुसार मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का हकदार है, लेकिन तत्कालिकता के प्रश्न पर सुनिश्चित सीमा अवधि बीत जाने पर ऐसी नियुक्ति के लिए दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है। मामले के अनुसार याची की दादी श्रीमती मृदुला पांडेय की वर्ष 2012 में नौकरी के दौरान मृत्यु हो गई थी। याची के अधिवक्ता का कहना है कि उसके पिता चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ नहीं है, इसलिए संबंधित नियमों में संशोधन के आधार पर उनका पुत्र यानी मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का पात्र है। इस पर कोर्ट ने कहा कि दादी की मृत्यु वर्ष 2012 में हुई थी। मृत्यु के लगभग 6 साल बाद वर्ष 2017 में याची ने पहली बार अनुकंपा नियुक्ति के लिए दावा किया। उसके बाद फिर 2023 में नियुक्ति के लिए अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। याची की ओर से नियुक्ति के लिए दावा करने में हुई एक दशक की देरी के विषय में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया, इसलिए याची को मांगी गई राहत ना देते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

## पति नहीं लाता मोमोज नाराज पत्नी पहुंची थाने

▸▸ परिवार परामर्श केंद्र ने कराई पति-पत्नी के बीच सुलह

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार** : मोमोज खाने की शौकीन महिला अपने पति से इतना नाराज हो गई कि वह घर छोड़ आई। उसका गुस्सा यहीं नहीं थमा। उसने अपने पति के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई। महिला का आरोप था कि उसने अपने पति को पहले ही बता दिया था कि उसे मोमोज बहुत पसंद हैं। बार-बार कहने के बावजूद उसका पति उसके लिए मोमोज नहीं लाता था। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा।

मलपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की शादी 6 माह पूर्व पिनाहट के युवक से हुई। युवक पिनाहट में पत्थरों का कार्य करता है। युवक की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की उसका पति उसके खाने-पीने का ख्याल नहीं रखता है। उसे खाने में मोमोज बहुत पसंद है, लेकिन उसका पति उसके लिए मोमोज लेकर नहीं आता है। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर वह अपने मायके चली आई। पिछले 2 महीने से वह अपने मायके में रह रही थी। इस बीच महिला ने थाना मलपुरा में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंच गया। रविवार को दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों में आपसी सुलह कराई गई।

### हफ्ते में दो बार लाएगा मोमोज

परिवार परामर्श के काउंसलर अमित गौर ने बताया कि दोनों पति-पत्नी की शादी को ज्यादा समय नहीं हुआ था। पत्नी गर्भवती थी। इसलिए पत्नी खाने-पीने की चीजों की फरमाइश करती थी। दोनों पति पत्नियों के बीच आपसी समझौता करा दिया गया है। पति ने वायदा किया है कि वह अब सप्ताह में दो बार मोमोज लेकर आएगा। हालांकि उसने यह भी कहा कि वह काम से लौटते समय इतना थक जाता था कि उसे मोमोज खरीद कर ले जाने का ध्यान नहीं रहता था। आगे वह इस बात का ख्याल रखेगा।

## वर्ग पहेली-355

**बाएं से दाएं**
2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**
1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण
2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




### वर्ग पहेली - 354 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पै | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू-72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थितिः 27 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र-हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष**: आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आज आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए।

**वृष**: नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है। अन्तरंग संबंधों में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शान्त रहेगा।

**मिथुन**: आज चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**कर्क**: आज सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी।

**सिंह**: आज परिजनों का व्यवहार अशांत कर सकता है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है। लोगों से बहुत अपेक्षायें न रखे।

**कन्या**: आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**तुला**: आज अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहने वाला है। सेहत नरम रहने वाली है।

**वृश्चिक**: नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु**: आज घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

**मकर**: आज अपने रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं।

**कुंभ**: आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी। कोई मशीन खराब हो सकती है।

**मीन**: जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें। समस्त योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में अपेक्षित प्रगति होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जो बोले सो निहाल — सुबह : 09.43
कुली नंबर वन — शाम : 06.57

**Sony Max**
दिल तो बच्चा है — सुबह : 08.00
झूम बराबर झूम — रात : 07.00

**Utsav Gold**
घराना — दोपहर : 01.30
प्यार के साइड इफेक्ट्स — रात : 07.30

**Zee Cinema**
वटवारा — सुबह : 10.25
क्रांतिवीर — शाम : 04.15

**Colors Cineplex**
चलते चलते — सुबह : 08.03
देवदास — शाम : 04.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है
शीटू- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो
टीटू- क्यों?
शीटू- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर- तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# बलरामपुर व तुलसीपुर स्टेशन बनेंगे आधुनिक

## आने वाले समय में बलरामपुर जिला अग्रणी श्रेणी में शामिल होगा : राम शिरोमणि वर्मा

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। बलरामपुर व तुलसीपुर रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत योजना के तहत वर्चुअल मध्यम से शिलान्यास किया। योजना के तहत बलरामपुर व तुलसीपुर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण 16.79 करोड़ रुपये से किया जाना है। जिसमें कोच डिस्प्ले, डिजिटल घड़ी, प्रतीक्षालय, इलेक्ट्रानिक सीढ़ी के साथ रेलवे स्टेशनों का विस्तारीकरण किया जाना है। शिलान्यास में स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभाग की ओर से पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि बलरामपुर आकांक्षी जिलों में शामिल है। रेलवे विभाग देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। करोड़ों यात्री प्रतिदिन ट्रेनों से सफर करते हैं। आज जो विकास कार्य हो रहा है, वह जनता की देन है। जनपद श्रावस्ती से खलीलाबाद रेल मार्ग के लिए रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर वार्ता की गई थी। सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में जनपद श्रावस्ती से खलीलाबाद

**16.79**
**करोड़ रुपये से किया जाएगा रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण**

230 किलोमीटर रेलवे लाइन के लिए विशेष पैकेज दिया गया है। आने वाले समय में बलरामपुर जिला अग्रणी श्रेणी में शामिल हो जाएगा। भाजपा पूर्व महामंत्री अजय सिंह पिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब परिवार से हैं, इसलिए वह गरीबों की पीड़ा जानते हैं। सरकार की ओर से गरीबों के लिए उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, अन्त्योदय सहित तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे गरीबों को निचले तबके से निकालकर उच्च श्रेणी में शामिल किया जा सके।

जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 74 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास पीएम मोदी के हाथों हो रहा है। देश के 554 रेलवे स्टेशन व 1500 ओवरब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास पीएम मोदी ने किया है। जिले के बलरामपुर व तुलसीपुर रेलवे स्टेशन आधुनीकरण से लैस होंगे जिससे यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन अधीक्षक रंजन कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गोविंद सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, रमेश पहवा, महिपाल चैधरी, पवन शुक्ला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा, स्थानीय सभासद संजय मिश्र आदि मौजूद रहे।



बलरामपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

### बलरामपुर रेलवे स्टेशन का तैयार किया जा चुका है मास्टर प्लान

रेलवे विभाग के वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर गोण्डा अशीष मदेसिया ने बताया कि बलरामपुर रेलवे स्टेशन का मास्टर प्लान तैयार किया जा चुका है। स्टेशन को स्थानीय कला व संस्कृति को शामिल करते हुए सौंदर्यीकरण, प्लेटफार्म सरफेस का अपग्रेडेशन, स्टेशन फसाड, स्टेशन परिसर में लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, डिजिटर घड़ियां तथा यात्री उद्घोषणा प्रणाली से निर्माण कराया जाएगा। यात्रियों की सुविधओं के लिए सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर, ग्लो साइन बोर्ड, एलईडी स्टेशन नाम पट्टिका के साथ ही यात्री प्रतीक्षालय व शौचालय का आधुनिकीकरण किया जाएगा। स्टेशन परिसर में दो लिफ्ट व एक एक्सीलेटर भी लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। शिलान्यांस कार्यक्रम में अनिल बाजपेयी ने नमो शंकरा गीत से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों की ओर से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। रेलवे विभाग की ओर से गत दिनों कलॉ, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। सांसद राम शिरोमणि वर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनयर गोण्डा, आशीष मदेसिया व मुख्य हित निरीक्षक संतोष गुप्ता ने प्रथम चरण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रिया, रोशनी वर्मा द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही शिखा प्रजापति तथा द्वितीय चरण में अवनी विश्वकर्मा प्रथम, कोमल मिश्रा द्वितीय व मानसी पाठक को तृतीय स्थान मिलने पर मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### संस्कृति श्रीवास्तव को मिला स्वर्ण पदक



बलरामपुर। मोहल्ला आर्यनगर के निवासी मनोज श्रीवास्तव की बड़ी पुत्री संस्कृति श्रीवास्तव ने हरियाणा के केआर मंगलम विश्वविद्यालय से इंटीरियर डिजाइनिंग से स्नातक की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त में पास किया और हरियाणा के राज्यपाल की उपस्थिति में गोल्ड मेडल प्राप्त कर उतरौला व जिले का नाम भी रोशन किया। सीताराम, संदीप, पंकज, मनोज व घर के अन्य लोगो ने संस्कृति को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्कृति ने इसका श्रेय अपने दादा दादी, माता पिता व गुरुजनों को दिया।

### बाल विवाह रोकने के लिए सभी को करें जागरूक

बलरामपुर, अमृत विचार। स्थानीय क्षेत्र के महमूद हसन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महमूद नगर में सोमवार को जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित महिलाओं का सम्मान करते हुए उनके अधिकारों के बारे चर्चा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शेरावाली शुक्ला, कोमल व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिध श्याम मनोहर तिवारी रहे। मुख्य अतिथि ने बाल विवाह, महिला सशक्तिकरण और बाल अधिकार पर विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के डायरेक्टर देवता दीन पान्डेय कहा कि हम सभी का दायित्व है कि बाल विवाह को रोकने के लिए सभी लोगों को जागरूक करें। गोष्ठी में विद्यालय के प्रबंधक शाहनवाज अहमद, अध्यक्ष सरफराज अहमद, योगीराज पांडेय, संजीव मिश्रा, मोहम्मद आरिफ व शिवराम शुक्ला मौजूद रहे।

### गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। नगर पंचायत मेंहदावल के तुलसीपुर अमिलहवा वार्ड की सभासद उत्तरा निषाद के पिता की हत्या मामले के एक अभियुक्त को मेंहदावल पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि नामजद अभियुक्तों में तुलसीपुर अमिलहवा मोहल्ले के ही निवासी जालंधर पुत्र वीरे को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त ने अन्य साथियों के साथ रामानंद पुत्र छविलाल को मार-पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। बीते 23 फरवरी को मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार के दौरान रामानंद की मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भाजपा से चुनाव लड़ने के लिए मल्लू बाबू ने ठोका दावा

संतकबीरनगर। 62 लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र के जेष्ठ पुत्र राजेश प्रकाश मिश्र ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी ठोंकते हुए सोमवार को जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव को अपना आवेदन पत्र सौंप दिया है। बताते चलें कि राजेश प्रकाश मिश्र पूर्व भाजपा सांसद इन्द्रजीत मिश्र के पुत्र हैं और वर्तमान में खलीलाबाद नगर सहकारी बैंक लिमिटेड के सचिव का दायित्व निभा रहे हैं। श्री मिश्र संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र के सभी गणमान्य और सम्मानित लोगों के बीच अपनी पैठ बनाते हुए बिना भेदभाव के सभी के सुख-दुख में शामिल होते रहते हैं।

# निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करें अफसर : मंडलायुक्त



कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त। अमृत विचार

संतकबीरनगर, अमृत विचार। मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह ने जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभी कार्यालयों और पटलों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट स्थित सभी कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को उनके पटलों पर लम्बित पत्रावलियों को अविलम्ब निस्तारित करने और किसी भी पत्रावली को अनावश्यक रूप से पटल पर न रोकते हुए नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन किया और विभिन्न पटलों पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्तव्यों का ईमानदारी से निष्ठापूर्ण निर्वहन करने का निर्देश दिया।

# पीएम ने खलीलाबाद रेलवे स्टेशन का किया वर्चुअल उद्घाटन

**▸▸ वर्षों से बीमार रेलवे को मोदी सरकार ने दिया संजीवनी: सांसद**

संतकबीरनगर, अमृत विचार। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के साथ देश के 554 रेलवे स्टेशनों और 1500 फ्लाईओवरों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। सूची में अमृत भारत योजना के तहत खलीलाबाद रेलवे स्टेशन का नाम भी शामिल था। जिसके चलते रेलवे अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन खलीलाबाद परिसर में उद्घाटन कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट का आयोजन किया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद इं. प्रवीण निषाद ने मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने रेलवे का कायाकल्प करा दिया है। अकेले खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए लगभग 10 करोड़ रुपए की धनराशि जारी हुई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि विरोधी दलों के हौसले पस्त हो चुके हैं। जिला उपाध्यक्ष अमर राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बिना किसी भेद-भाव के हर नागरिक का विकास कर रही है। उद्घाटन समारोह के दौरान सिटी पब्लिक स्कूल खलीलाबाद के बच्चों ने ड्राइंग बनाकर खूब वाहवाही लूटी। सांसद प्रवीण निषाद ने बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में सीनियर ग्रुप की निकिता सिंह और कौस्तुभ पाण्डेय शामिल रहे।




रेलवे स्टेशन उद्घाटन समारोह में मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

# 887 हाईस्कूल के परीक्षार्थियों ने दी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा



सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर छात्रों की तलाशी लेते परीक्षक।

बलरामपुर, अमृत विचार। जिले में यूपी बोर्ड के साथ सीबीएसई बोर्ड परीक्षा तीन केंद्र पर चल रही हैं। सोमवार को जिले के तीन केंद्रों पर सीबीएसई की हाईस्कूल परीक्षा कराई गई। केंद्रीय विद्यालय, सेंट जेवियर्स स्कूल व शारदा पब्लिक स्कूल में परीक्षार्थियों ने सीबीएसई की परीक्षा दी।

तीनों स्कूलों में 894 के सापेक्ष 887 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। जिसमें 7 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को उनके केंद्र पर सेंट जेवियर्स व आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर की परीक्षा कराई गई। हाईस्कूल अंग्रेजी विषय में पंजीकृत सभी 285 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापक आसिम रूमी ने बताया कि उनके केंद्र पर शारदा पब्लिक स्कूल, पायनियर पब्लिक स्कूल, राजकीय सर्वोदय आश्रम की परीक्षा कराई गई। परीक्षा में पंजीकृत 321 के सापेक्ष 319 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। दो परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शारदा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य व जिला समन्वयक प्रमेंद्र सिंह ने बताया कि एमजे एक्टिविटी, टिनी टॉट स्कूल उतरौला, केंद्रीय विद्यालय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा में पंजीकृत 288 के सापेक्ष 283 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि पांच परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा नकल विहीन शांतिपूर्ण माहौल में चल रही है।

## सार-संक्षेप

### शिक्षकों का वेतन रोकने पर संघ ने किया विरोध



बेसिक शिक्षा कार्यालय में शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन देने पहुंचे संघ पदाधिकारी।

बलरामपुर, अमृत विचार। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई में बैठक पर शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौपा। ज्ञापन में चार मुख्य समस्याओं के समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने की मांग की। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी से विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप चैहान व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला की अगुवाई में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान चार बिंदुओं का ज्ञापन सौपा। इनमें मुख्य रूप से जिले के 347 विद्यालयों के समस्त स्टाफ का छात्र उपस्थिति कम होने के कारण वेतन मानदेय रोक दिया गया। जबकि नामांकन के समय ईंट भट्ठे पर काम करने वाले बच्चे घुमंतु परिवार के बच्चे का नामांकन प्राथमिकता के आधार पर कराया जाता है। डीबीटी योजना का लाभ पाने के उपरांत भी बच्चे नियमित विद्यालय नहीं आते हैं। जिससे नामांकन सापेक्ष छात्र उपस्थित प्रभावित होती है। ऐसी दशा में बच्चों की उपस्थिति के लिए केवल शिक्षक की दोषी नहीं है बल्कि अभिभावक भी बराबर के जिम्मेदार है। शिक्षकों का छात्र उपस्थिति कम होने पर वेतन रोका जाना न्याय संगत नहीं है। इसी क्रम में एमडीएम योजना में कन्वर्जन कास्ट रसोइयों का मानदेय विगत कई महीने से बकाया है जिसे तत्काल दिया जाए। कई रसोईया भुखमरी के कगार पर है जिले के कुछ खंड शिक्षा अधिकारी सीसीएल व मेडिकल अवकाश पोर्टलपर लंबित रखते है। जिससे अवकाश की अवधि समाप्त हो जाती है और शिक्षक अनावश्यक परेशान होते हैं। इसे नियमानुसार समय से निस्तारण किया जाए। शिक्षकों के बकाया एरिया का भुगतान प्रक्रिया संबंधित पटल से समय से ना करके शिक्षकों को परेशान किया जाता है। इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। इस अवसर पर जिला महामंत्री तुलाराम गिरी, साहित्य मंत्री विनोद कुमार चौहान, अमरजीत, राजेश यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, सुभाष चंद्र मिश्रा, शिवाकांत त्रिपाठी, रितेश, प्रदीप चौहान, पंकज श्रीवास्तव, राघवेंद्र मिश्रा, डॉ. उत्तम चंद्र गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी निर्मल कुमार द्विवेदी मौजूद रहे।

### खेल से स्थापित होता है आपसी भाईचारा : दिनेश शर्मा



विजेता खिलाड़ियों के साथ आयोजक मण्डल के सदस्य। अमृत विचार

सांथा, संतकबीरनगर। सांथा विकास खंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय गोइठहां में ब्लाक स्तरीय नेहरू खेल प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन किया गया। जिसकी संयोजक सुमन विश्वकर्मा रहीं। प्रतियोगिता में क्षेत्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसके साथ ही आपसी भाईचारे को भी मजबूती मिलती है। इसलिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन होना जरुरी है। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता में रेहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, बालीबॉल प्रतियोगिता में अमन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कबड्डी प्रतियोगिता में अनस अहमद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दौड़ प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साइकिल रेस प्रतियोगिता में आदित्य त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक अध्यापक हबीबुर्रहमान, हरीश साहनी, शुभम गुप्ता समेत तमाम शिक्षक, ग्रामीण और खिलाड़ी मौजूद रहे।

### प्रशासन व पत्रकारों के बीच समन्वय स्थापित करने की मांग



एसडीएम सदर शैलेश दूबे से मुलाकात करते ग्रापए के पदाधिकारी। अमृत विचार

संतकबीरनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई खलीलाबाद के पत्रकारों ने सोमवार को जिला महामंत्री आफताब आलम अंसारी और तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे और क्षेत्राधिकारी सदर ब्रजेश सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बुके भेंट कर दोनों अधिकारियों का स्वागत किया। प्रतिनिधि मण्डल ने उन्हें तहसील पदाधिकारियों की सूची देने के साथ ही पत्रकार उत्पीड़न, पुलिस और पत्रकारों के बीच समन्वय सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत बातचीत किया। पत्रकारों और अधिकारियों के बीच वार्ता बेहद सार्थक रही। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समय-समय पर पत्रकारों के साथ बैठक आयोजित कर समन्वय स्थापित करने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मंडल मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर, तहसील महामंत्री सत्यप्रकाश वर्मा, शफीक अहमद, कमरे आलम अंसारी, जावेद अहमद, इजहार अहमद शाह, अतीक अहमद, नूर आलम सिद्दीकी, टीएच सिद्दीकी, गंगेश्वर मिश्र, गिरीश गुप्ता, सुभाष मणि त्रिपाठी, मनौवर हुसैन समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

**कार्यशाला** परिषदीय शिक्षकों ने स्वनिर्मित टीएलएम का लगाया स्टॉल

# हर आंगनबाड़ी केंद्र पर प्री-प्राइमरी का होगा संचालन

गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार। ब्लॉक संसाधन केंद्र उतरौला परिसर में सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्री-प्राइमरी की जानकारी दी गई। इसमें एआरपी, नोडल शिक्षक संकुल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषाहार से पौष्टिक व्यंजन व परिषदीय शिक्षकों द्वारा स्वनिर्मित टीएलएम का स्टॉल लगाया गया। जिसका अवलोकन एसडीम अवधेश कुमार ने किया। साथ ही इनके प्रयोग के बारे में शिक्षकों ने प्रस्तुतीकरण दिया। परिषदीय के प्रत्येक न्याय पंचायत से तीन निपुण व आंगनबाड़ी केंद्र के दो निपुण सहित कुल 40 बच्चों को एसडीएम अवधेश कुमार, बीईओ सतीष कुमार, डायट प्रवक्ता रेखा देवी द्वारा प्रमाण पत्र व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए एसडीएम अवधेश कुमार ने कहा कि प्री-प्राइमरी की पढ़ाई बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें छह वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा दी जानी है। हर आंगनबाड़ी केंद्र पर प्री-प्राइमरी का संचालन होना है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूर्व प्राथमिक शिक्षा व बुनियादी शिक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने हमारा आंगन हमारे बच्चे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुनियादी साक्षरता व अंकीय दक्षता प्राप्त करने के लिए इसकी जरुरत है। डायट प्रवक्ता रेखा देवी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर एआरपी विजय यादव, विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार, शिक्षक श्रवण कुमार, शहनाज बेगम, कहकशां, सुनीता सोनी, राजेश शर्मा, अनवार अहमद, मुन्ना बाबू विश्वकर्मा, रामकृपाल, फैजान, हरि प्रकाश यादव, जितेंद्र, गोपाल शर्मा, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार मिश्रा, हारून, अतुल, अनिल निर्मल समेत अन्य शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



उतरौला परिसर में आयोजित कार्यशाला में बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अमृत विचार


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक : 1086/न0पा0परि0सुल0/2023-24 दिनांक - 26-02-2024

**निविदा सूचना**

नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निम्न सफाई सामग्री की आपूर्ति हेतु अधिकृत डीलरों/फर्म/ठेकेदार से निविदा दिनांक 26/02/24 को निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 04/03/24 पालिका के स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक.. 05/03/24को अपरान्ह 02.00 बजे तक डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में निविदा डाली जायेगी। निविदा के साथ धरोहर धनराशि की एफ0डी0/डी0डी0 जो नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक किये हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ-साफ शब्दों एवं अंको में दर भरा होना चाहिए। निविदाओं में किसी भी प्रकार की त्रुटि/अपूर्ण/कटिंग एवं ओवर राइटिंग पाये जाने पर तत्काल बिना कारण बताये निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। आपूर्ति के सम्बन्ध में अन्य जानकारियाँ किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के सफाई विभाग में की जा सकती है।

| क्रमांक | सफाई सामग्री का नाम | जमानत धनराशि (एफ0डी0/डी0डी0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में (जी0एस0टी0 सहित) | दर | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चूना पाउडर | 50.000/- | 1000+18% जी0एस0टी0 = 1050 | | |
| 2 | फिनायल (आई0एस0आई0) | | | | |
| 3 | एसिड (आई0एस0आई0) | | | | |
| 4 | ब्लीचिंग पाउडर | | | | |
| 5 | मैलाथियान पाउडर 5% | | | | |
| 6 | झाडू (फूल/सीक) | | | | |
| 7 | वाइपर पोछा और पोछा | | | | |
| 8 | टायलेट ब्रश | | | | |
| 9 | गेरू पाउडर | | | | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज प्रति कुन्तल** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मंसूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देसी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राजमा सफेद | 13000–14000 |
| राजमा काला | 11500–12500 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 |
| तेल सरसों (15 ली) | 1475–1900। |

# विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

## प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।



### ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

# देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

**मुंबई, एजेंसी**

● जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650–47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं



अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"

# पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमति: डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

# भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

# एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।



### सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहां: टीएमसी

**कोलकाता।** टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

### आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

# जवानों-किसानों का शोषण कर रही सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप



पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता पवन खेड़ा।

कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, "आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते। इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है, उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए।" कांग्रेस नेताओं ने कहा "सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हमारा आग्रह है कि चयनित युवाओं को नौकरी दी जाए। पार्टी देश के उन सभी लाखों युवाओं के साथ खड़ी है जो सेना में अपना भविष्य देखते हैं।"

उन्होंने कहा, "देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थी और चयनित युवकों की सिर्फ जॉइनिंग बाकी थी, लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद चयनित इन नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी गई। इन नौजवानों ने राहुल गांधी जी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था।"

## एक नजर

### तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

### दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

**जयपुर।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

# क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

# मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

# कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

**जम्मू।** वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

# झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

**रांची।** झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

# मराठा आरक्षण: प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

● जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

### जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

**मुंबई।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

# चुनावी बॉण्ड रद करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : सेन

**कोलकाता, एजेंसी**

● प्रख्यात अर्थशास्त्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया और इस योजना को घोटाला बताकर इसकी निंदा की। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, 'चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे हटा दिया गया है।'



उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था।

लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया। सेन ने कहा, 'भारत में चुनावी प्रणाली दलगत राजनीति की प्रकृति से काफी प्रभावित है, जिससे आम लोगों के लिए यह सुनना बहुत कठिन हो जाता है कि उन्हें चुनाव में भाग लेना चाहिए।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली इस बात से प्रभावित होती है कि सरकार विपक्षी दलों के साथ कैसा व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, 'यह विपक्षी दलों और उन लोगों के साथ व्यवहार से प्रभावित होती है, जिन्हें सरकार प्रतिबंधों के तहत रखना चाहती है। हम नागरिकों की अभिव्यक्ति और कार्य करने की स्वतंत्रता के अलावा यथासंभव स्वतंत्र चुनावी प्रणाली चाहते हैं।'

# शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी



● मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

# आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं



तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

## कोर्ट में स्वीकारी गलती, केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती

**मानहानि मामला**

दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।



राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

## एक नजर



**तिरुवनंतपुरम।** सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

### गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

### धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

**न्यूयॉर्क।** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45.4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

### जवान ने इजराइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग, गंभीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन। में इजराइली दूतावास के बाहर एक वायुसेना के जवान ने खुद को आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर को घटी। व्यक्ति ने इजराइल के दूतावास खड़े होकर खुद को आग लगा ली। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अफसरों और डीसी अग्निशमन दल ने आग बुझाई और शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, उसका नाम एरॉन बुशनेल बताया गया है। यह व्यक्ति अमेरिकी वायुसेना का एक सक्रिय सैनिक है। इस घटना के एक वीडियो में एरॉन बोलता है कि वह नरसंहार में शामिल नहीं रहेगा।

# मरियम नवाज बनीं पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री

## इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

### 2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम



मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

### गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

# साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

# इस्लामोफोबिया विवाद: पार्टी के बचाव में उतरे पीएम सुनक

लंदन, एजेंसी

● पार्टी के सांसद ने की थी विवादित टिप्पणी, कहा था- लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में

इस्लामोफोबिया को लेकर ली एंडरसन और सुएला ब्रेवरमैन की टिप्पणियों के बाद अब प्रधानमंत्री सुनक मजबूरन अपनी पार्टी के बचाव में उतर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कंजर्वेटिव पार्टी में 'इस्लामोफोबिक प्रवृत्ति' है तो उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। इस दौरान सुनक ने यह भी कहा कि इस बहस को इस तरह से न भड़काया जाए जो दूसरों के लिए हानिकारक हो।

गौरतलब है कि यूके में इन दिनों लंदन के मेयर सादिक खान सुर्खियों में हैं। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ली एंडरसन ने सादिक खान पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में हैं।

इतना ही नहीं ली ने यह भी कहा था कि सादिक ने लंदन को आतंकियों को समर्पित कर दिया है। उनके इस बयान की खूब आलोचना की गई थी। बाद में उन्हें पार्टी से भी निलंबित कर दिया गया था। ली की ये टिप्पणियां तब आई थीं, जब गाजा में युद्धविराम को लेकर लंदन में इजराइल के विरोध में कई रैलियां निकाली गई थीं।

### भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर अशोक को अमेरिका में सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवान को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवान राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है, जो अदृश्य को दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। यह पुरस्कार राज्य के चिकित्सा, इंजीनियरिंग, जैविक विज्ञान, भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में अच्छे प्रदर्शन के बाद दिया जाता है।

## भोजन की आस...



**गाजा:** हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

# फिलिस्तीन के पीएम मोहम्मद शतयेह ने दिया इस्तीफा



**गाजा।** इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।

इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

# जब तक जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

● मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी



सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।

# तालिबान ने हत्या के दोषी को गोली मारकर मौत की सजा दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● अफगानिस्तान में पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली यह तीसरी मौत की सजा, दोषी को सरेआम मारी गोली



अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई। यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है।

मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान सरकार की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सजा पाने वाले व्यक्ति की पहचान फरयाब प्रांत के नजर मोहम्मद के रूप में हुई है। उसने फरयाब प्रांत के ही खल मोहम्मद की हत्या कर दी थी। इससे पहले दक्षिणपूर्वी गजनी प्रांत में गुरुवार को तालिबान ने चाकू मारकर हत्या करने के दोषी दो लोगों को मौत की सजा दी थी। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने दोनों को गोली मार दी थी। यह सजा भी एक स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने सार्वजनिक रूप से हत्याएं करने, कोड़े मारने और पथराव के लिए तालिबान की कड़ी आलोचना की है और देश के शासकों से ऐसी प्रथाओं को रोकने का आह्वान किया है।

**विज्ञान** | हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

# आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।

### कई और रहस्य होंगे उजागर

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

# किशोरों को सोशल मीडिया से अलग रखने का कानून पास

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की विस में कानून पास, 16 साल से कम किशोर अकाउंट नहीं बना पाएंगे



अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य की विधानसभा ने सोशल मीडिया के संबंध में कड़ा कानून पास किया है। इसके तहत 16 साल से कम आयु के किशोरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉमों पर अकाउंट नहीं बनाने दिया जाएगा। गवर्नर रॉन डी सेंटिस ने कहा, इस विधेयक से फ्लोरिडा में लाखों युवाओं का जीवन बदल जाएगा।

बता दें, विधेयक को कानूनी चुनौती मिल सकती है। पिछले साल फेडरल अदालतों ने अरकंसास और ओहायो में लागू सोशल मीडिया कानूनों को रोक दिया है। न्यायाधीशों ने उन मामलों में कहा, नए कानूनों से सोशल मीडिया कंपनियों की अभिव्यक्ति की आजादी, सूचना देने के अधिकारों का हनन होगा। इनसे युवाओं के अधिकार भी प्रभावित होंगे। फ्लोरिडा के नए नियमों के तहत सोशल नेटवर्क 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के अकाउंट नहीं बनाएंगे। वे ऐसे अकाउंट बंद कर देंगे।

यह प्रावधान फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसी साइट और एप्स पर लागू होंगे। फ्लोरिडा का कानून अन्य राज्यों के कानूनों के मुकाबले अधिक कठोर है। वैसे, सिविल लिबटी ग्रुप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के संगठनों ने सोशल मीडिया पर नए प्रतिबंधों का विरोध किया है।